2.3 टगर डिप को वापस आते हुए तथा सड़क पथ से 26वें लेवल को जाते हुए, दल ऊपरी हिस्से में गया। सीढ़ियों के पास में एक जाली-दार दरवाजा हाल ही में बनाया गया था। डिप के सिरे की तरफ आते समय पंक्चर स्थल दिखाई पड़ता था। तत्पश्चात् दल पूर्व की ओर चलते हुए 25वें लेवल पर लौट आया तथा पूर्वी क्रास-कट ढुलाई डिप में उतरा और वह स्थान देखा जहां दुर्घटना से पूर्व 90 हार्स पावर का पम्प लगाया गया बताया गया था। यह पम्प संप में भरे पानी को 17वें लेवल पर पहुंचाने के लिए लगाया था, जहां से इस पानी को गड्ढे के तल पर मुख्य संप में पम्प द्वारा पहुंचाया जाता था।

सार्वजनिक सूचना

2.4 निरीक्षण पूरा होने के तुरंत बाद उसी दिन एक सार्वजनिक सूचना, इस रिपोर्ट का अनुबंध 'घ' जारी करने के लिए कार्रवाई की गई। इस सूचना में इस दुर्घटना में मरने वालों के कानूनी प्रतिनिधियों तथा हुरिलाडीह कोयला खान के कर्मचारियों के प्रतिनिधि मजदूर संघों को लिखित बयान एवं गवाहों के नाम यदि कोई हों, देकर इस जांच में भाग लेने को कहा गया। लिखित बयान धनबाद स्थित जांच न्यायालय कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने थे।

पक्ष

2.5 जांच से वस्तुतः सम्बद्ध पक्षों की सुनवाई की गई जोकि दुर्घटना के कारण तथा दुर्घटनाजनक परिस्थितियों से संबंधित वाद में योगदान कर सकते थे। कुल आठ पक्ष जांच न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुए। पहला पक्ष भारत कोकिंग कोल लि. के प्रबंधक हैं। दूसरा पक्ष है भारतीय खान प्रबंधक, संघ, जिसे संक्षेप में 'इम्मा' कहा जाता है। तीसरा पक्ष अखिल भारतीय खदान कार्मिक संघ, जिसे संक्षेप में 'ऐम्पा' कहा जाता है। ये तीनों पक्ष प्रबंधक वर्ग के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां तक कामगारों का संबंध है, अखिल भारतीय संघों से सम्बद्ध संघों को एक पक्ष के नाम से कार्रवाई करने की अनुमति प्रदान की गई। अतः अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस (ऐटक) चौथा पक्ष है जो संगठित कोयला कामगार संघ तथा भारतीय खान कामगार परिसंघ का भी प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर संघ कांग्रेस (इंटक), भारतीय राष्ट्रीय खान कामगार परिसंघ तथा राष्ट्रीय कोयला खान मजदूर संघ, मिलकर, पांचवां पक्ष हैं। भारतीय राष्ट्रीय कोयला खान ओवरमैन, सिरदार तथा शाट फायरर संघ (इनमोसा) छठा पक्ष है। अपने सम्बद्ध संघ भारतीय कोयला कामगार परिसंघ समेत भारतीय मजदूर संघ केंद्र (सीटू), भारतीय कोयला खान मजदूर सभा तथा बिहार कोयला खान कामगार संघ, मिलकर, सातवां पक्ष हैं। हिंद मजदूर सभा से सम्बद्ध जनता मजदूर संघ आठवां पक्ष है।

2.6 जांच न्यायालय की वर्तमान कार्रवाई से ज्ञात होगा कि खान सुरक्षा महानिदेशालय इस मामले में पक्ष नहीं बना है। मुझे बताया गया है कि यह कोई पहला अवसर नहीं है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय किसी जांच से एक पक्ष के रूप में अलग-थलग रहा हो। कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न संघ इस बात से विचलित थे कि खान सुरक्षा महानिदेशालय जांच न्यायालय की कार्रवाई में क्यों भाग नहीं ले रहा। फिर भी, ऐसे कोई तथ्य सामने नहीं आए जिनसे यह पता चले कि इसके पीछे कोई कदाशय या प्रबंधकों के साथ मिली-भगत की भावना है। यह स्पष्ट था कि खान सुरक्षा महानिदेशालय ने तटस्थ रहना बेहतर समझा। वैसे उसने, लिए गए साक्ष्य, हस्तगत किए गए नक्शों तथा दस्तावेजों तथा खान अधिनियम की धारा 23 के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के सांविधिक कार्यों के अनुपालन में दुर्घटना के उपरांत दुर्घटना पर प्रकाश डालने वाले, इसके विभागीय सर्वेक्षकों द्वारा बनाए गए, नक्शों आदि को पेश करके न्यायालय को हर तरह से सहायता प्रदान की।

2.7 खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा खान अधिनियम की धारा 23 के अधीन विनियमों अथवा विधि-उपबन्धों के किसी उल्लंघन की घोषणा करने संबंधी किसी औपचारिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व ही यह जांच शुरू कर दी गई थी। इसलिए खान अधिनियम की धारा 24 के अधीन जब जांच न्यायालय ने अपना कार्य शुरू कर दिया, तो ऐसी रिपोर्ट निष्प्रयोज्य हो ही गई है। यह कहा जाता है कि जब कभी भी जांच न्यायालय की नियुक्ति से पूर्व इस प्रकार की रिपोर्ट की गई, वह प्रबंधक वर्ग अथवा कामगार संघ दोनों में से किसी न किसी के विरोध का लक्ष्य बनी है क्योंकि इसके निष्कर्ष किसी न किसी पक्ष, प्रबंधक वर्ग अथवा कामगार संघ, के पक्ष में जाते ही होते हैं। यदि खान सुरक्षा महानिदेशालय ने प्रबंधक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया तो प्रबंधक वर्ग अपनी खाल बचाने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्य करने के ढंग में खामियां निकालने लगता है। इसी प्रकार जब भी इसके निष्कर्षों ने प्रबंधक वर्ग को जिम्मेदारी से बरी कर दिया, तो कामगार संघ इस पर खान प्रबंधकों के साथ मिलीभगत होने का आरोप लगा देते हैं। इससे सम्बद्ध पक्षों का ध्यान दुर्घटना के कारणों तथा परिस्थितियों के निर्धारण पर केंद्रित नहीं हो पाता और इसलिए कई बार दुर्घटना के मुख्य कारण का उद्घाटन नहीं हो पाता। इस तर्क को मानते हुए तथा वर्तमान मामले में इस संगठन द्वारा दिए गए सहयोग को स्वीकारते हुए भी, न्यायालय का विचार है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय को चाहिए कि वह, खान अधिनियम की धारा 24 के अधीन स्थापित जांच न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट पेश करने से पूर्व प्रत्येक मामले में, ऐसे अन्य दस्तावेजों तथा सामग्री की जांच करें जोकि खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्यालय के पुराने रिकार्डों में उपलब्ध हों अथवा उसके अधिकारियों की जानकारी में हों, जिससे कि दुर्घटना के कारणों तथा परिस्थितियों के, उपयुक्त परिप्रेक्ष्य में, मूल्यांकन पर और अधिक प्रकाश पड़ने की संभावना हो। इसके लिए जांच कार्रवाई में सतर्क रुचि की आवश्यकता है तथा इससे खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्यकलापों के संबंध में गलत धारणा नहीं बनेगी।

अध्याय 3

मुख्य नक्शा तथा अन्य नक्शे

3.1 जांच कार्रवाई में भाग लेने वाले पक्षों की ओर से प्रस्तुत कथन-प्रतिकथन पर विचार करने से पूर्व, यह आवश्यक प्रतीत होता है कि इस मामले में पेश किए गए विभिन्न प्रकार के नक्शों का जायजा ले लिया जाए। खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि दुर्घटना के होते ही, दुर्घटना स्थल पर पहुंचें तथा दुर्घटना के कारणों के निश्चयन में सहायक नक्शों समेत सभी दस्तावेज अपनी रिपोर्ट के साथ लगाएं। हस्तगत किए गए ऐसे दस्तावेजों की सूची इस कार्रवाई के प्रदर्श 12 तथा 18 पर दी गई है। खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्यालय ने सूचीगत कुछेक नक्शों के आधार पर अथवा वास्तविक सर्वेक्षण द्वारा कुछ और महत्वपूर्ण नक्शे भी तैयार किए हैं। कार्रवाई में प्रदर्श 14 खनन-योजना के उस नक्शे की प्रतिलिपि है जो कागज पर मढ़ा हुआ है तथा प्रदर्श 62 है। प्रदर्श 15 बचाव योजना का नक्शा है। प्रदर्श 16 अनुभाजीयन नक्शा है। प्रदर्श 18 ट्रेसिंग पेपर पर बनाया गया कार्य-योजना नक्शा है। प्रदर्श 19 तथा 19ए वे नक्शे हैं जो खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्यालय ने दुर्घटना के बाद बनाए हैं। अनुभाग प्रदर्श 19ए में प्रदर्शित हैं जबकि प्रदर्श 19ए-ए मुख्य नक्शा है, जिसके एक हिस्से, जोकि दुर्घटना स्थल के निकट है, का दुर्घटना के उपरांत पुनः सर्वेक्षण करके खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों ने आलेखन किया है। प्रदर्श 19 तैयार करने के लिए दुर्घटनाग्रस्त हिस्से का पूर्ण-रूपेण सर्वेक्षण एवं निरीक्षण किया गया था। प्रदर्श 19 उस हिस्से का विवरणात्मक नक्शा है जिसमें पानी के आने वाले रेले को दिखाया गया है। इसकी एक लघुकृत प्रति तुरंत संदर्भ के लिए इस रिपोर्ट के साथ अनुबंध 'घ' के रूप में संलग्न है। इसी प्रकार, होने वाली चर्चा को समझने के लिए, प्रदर्श 19ए-ए वाले आधार नक्शे की प्रतिलिपि आवश्यक है। यह चौदहवीं सीम खदान का आधार नक्शा है। इसकी लघुकृत प्रति इस रिपोर्ट के अनुबंध 'च' के रूप में संलग्न है।

3.2 प्रदर्श 42 वह नक्शा है जो पहले के नक्शों में रह गई अशुद्धियों को दर्शाने के लिए प्रबंधकों ने दुर्घटना के बाद तैयार किया था। यह रेखा चित्र मात्र है और प्रदर्श 62 की नक्शा ट्रेसिंग के बिना इसका उपयोग नहीं किया जा सकता। प्रदर्श 43 एक अन्य खदान-योजना नक्शा है जो 1983 का है। प्रदर्श 63 तथा 64 अगली नक्शे हैं। प्रदर्श 67 त्यक्त खान का नक्शा है जो कि खान सुरक्षा महानिदेशक के कार्यालय से प्राप्त किया गया है। प्रदर्श 70 वह नक्शा है जो चौदहवीं सीम के पेनल 'ई' के विस्तम्भन हेतु अनुमति मांगते समय प्रबंधकों द्वारा प्रस्तुत किया गया था। प्रदर्श 80 वायु संचारण का नक्शा है। प्रदर्श 89 प्रबंधकों द्वारा जिला बोर्ड सड़क स्थल के नीचे से क्रास की अनुमति हेतु दिए गए आवेदन-पत्र के साथ संलग्न नक्शा है। प्रदर्श 90 जल से होने वाले खतरे का नक्शा है। प्रदर्श 101 ठोस विस्फोटन के लिए अनुमति लेते समय तैयार किया गया नक्शा है।

3.3 चर्चा के दौरान विभिन्न अवसरों पर यद्यपि भिन्न-भिन्न लेवलों अथवा डिपों का उल्लेख होगा, तथापि इस समय यदि आधार नक्शे के आधार पर यदि कुछ चर्चा कर ली जाए तो यह लाभप्रद रहेगा। पूरी को पूरी चौदहवीं सीम ए. बी. सी. डी. और ई. पैनलों में विभाजित अलग-अलग खनन-स्थल प्रदर्शित करती है। इस जांच में हमारा संबंध मुख्यतः पेनल 'ई.' प्रदर्श 19 ए ए में हाशिए में जहां लाल स्याही से रेखा लगाई गई है, तथा पश्चिमी के थोड़े से भाग, जोकि मुख्य डिप के पूर्व में है से है। पेनल 'च' के दो उप क्षेत्र हैं—पूर्व की ओर विस्तंभन क्षेत्र और पश्चिम की ओर विकास क्षेत्र। पूर्वी साइड पर एक तिरछी काट है तथा पेनल 'ई' इस तिरछी काट के मुख्य डिप के पूर्वी तथा पश्चिमी दोनों ओर स्थित हैं। विस्तम्भन क्षेत्र इस तिरछी काट मुख्य डिप के पूर्व में हैं जबकि दुर्घटना स्थल इस पूर्वी तिरछी काट मुख्य डिप के पश्चिम की ओर है, हालांकि यह मुख्य डिप के पूर्व में है। दुर्घटना विकास खण्ड में हुई है जोकि मुख्य डिप के पूर्व में तथा पूर्वी तिरछी काट के पश्चिम में स्थित है। साक्ष्यों के दौरान मुख्य डिप के पूर्व में पुराने खनन-स्थलों का उल्लेख भी किया गया है, परंतु इस स्थान से हमारा कोई संबंध नहीं। एक ही स्तर को अलग-अलग नाम देने का कोई औचित्य हो या न हो, इस बात में कोई विवाद नहीं कि मुख्य डिप के पूर्व में स्थित 26 वें लेवल पूर्वी तिरछी काट के पूर्व में स्थित 25 वें लेवल से जुड़ा हुआ है। वस्तुतः यह एक ही लेवल है किंतु जब हम इसे तिरछी काट के सहसंबंध में देखते हैं तो उसे 25वां लेवल पश्चिमी कहते हैं, और जब हम इसे मुख्य डिप के संदर्भ में देखते हैं, तो इसे 26वां लेवल पूर्वी कह देते हैं। दुर्घटनास्थल को प्रदर्श 19 ए ए नक्शे पर लाल बिंदु के रूप में दिखाया गया है। यह मुख्य डिप के 29वें लेवल पूर्वी के तीसरे डिप के ऊपर 27वें लेवल पश्चिमी क्रास-कट के तीसरे डिप में स्थित है। पूर्वोक्त 26वें लेवल से डिप की ओर जाते समय, हमें 27वां लेवल पूर्वी दिखाई पड़ता है जोकि मुख्य डिप से साथ वाले टगर डिप को जाता है और वहां से दूसरे डिप को जाता हुआ थोड़ा आगे बढ़ता है, परंतु नीचे वाले लेवल से जुड़ता नहीं। 27वां लेवल पूर्वी पूर्व की ओर ही आगे बढ़ता है, परंतु यह पूर्वी तिरछी काट के 26वें लेवल पश्चिमी से जुड़ता नहीं। जहां तक मुख्य डिप के पूर्व में, स्थित 28वें लेवल का संबंध है। यह साथ वाले अर्थात् टगर डिप तक आकर, रुक जाता है, यद्यपि यह कुछ पूर्व में बढ़ा हुआ है जिसे कि साक्ष्य में 28वें लेवल का विस्तार भी कहा गया है। पूर्वी क्रास कट का समरूप 27वां लेवल पश्चिमी पश्चिम की ओर बढ़ता है जिससे लेवल के पश्चिम में थोड़े से विस्तार के साथ-साथ चौथा डिप बनता है। फिर आगे डिप की ही दिशा में 29वां लेवल है जो मुख्य डिप, साथ वाले डिप तथा दूसरे डिप की ओर चलती है। सहस्थित डिप की ड्राइवेज मुख्य डिप से लंबी है। पहले सहस्थित डिप की ड्राइवेज कुछ पूर्व की ओर है जिससे 30वां लेवल बनता है, परन्तु यह छोटा सा विस्तार मात्र है। 29वें लेवल पूर्वी का दूसरा डिप काफी बढ़ा हुआ है। 29 वें लेवल पूर्वी का तीसरा डिप ही वह गैलरी है जिसमें पूर्वी क्रास कट के 27वें लेवल पश्चिमी के ऊपर के तीसरे डिप से छत के गिरने से पानी भर गया था।

3.4 क्रास-कट डिप की ओर से देखने पर ऐसा दिखाई पड़ता है कि 25वां पश्चिमी लेवल मुख्य डिप के 26वें पूर्वी लेवल के साथ और 26वां पश्चिमी लेवल 25वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप के साथ जुड़ गया है। जहां तक पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल का संबंध है, यह 26वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप से जा मिला है और डिप की तरफ आगे बढ़ गया है जहां तीसरा डिप बनता है यहीं वह ऊपर की नासक गैलरी है जहां जल मौजूद था, इसलिए कि यह आस-पास की गैलरियों से बने संप का एक हिस्सा थी। संप का प्रयोग जल-स्टोवन में जल की प्राप्ति एवं जल को उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था। 27वां पश्चिमी लेवल और आगे तक चला गया है और वहां इस का चौथा डिप बन गया है। इसका विस्तार पश्चिम की तरफ भी हो गया है। प्लान प्रदर्श 19 से यह प्रदर्शित होता है कि 27वें पूर्वी लेवल में चढ़ाव (उत्तर) की तरफ मोड़ है। साक्ष्य से यह पता चलता है कि इस 29वें लेवल के पूर्वी लेवल प्रतांग्र (फेस) पर खदान रोक दिया गया था। किंतु डिप-अग्रांग का आगे बढ़ना जारी रहा और डिप की तरफ आगे बढ़ने की इसी प्रक्रिया के दौरान पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप में ठीक ऊपर स्थित पानी विभाजक दीवार के बह जाने के कारण बढ़ती तेजी से अन्दर बह निकला और डिप की तरफ की खदानों में फैल गया और वहां काम कर रहे व्यक्तियों को डुबो गया।

अध्याय 4

पक्ष समर्थन और प्रयुक्त क्रिया विधि

4.1 प्रबंधक वर्ग की ओर से एक बयान प्रदर्श 5 दिया गया है। खान की भौमिकी (भू-विज्ञान) की चर्चा करते हुए, लिखित बयान के पैरा 3.4 में और इससे आगे यह उल्लेख किया गया है कि यह पूरा

4.6 यह कहा जाता है कि दुर्घटना के बाद संभावित ज कितों संभावित जल-साधनों, जल-लेवलों की स्थिति आदि का पता लगाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा पूर्ण जांच की गई थी। जब 29वां पूर्वी लेवल जल से खाली कर दिया गया तो मुख्य डिप के 29 वें पूर्वी लेवल से परे के तीसरे डिप की तरफ की खदानों में घुसा था। प्रबंधक वर्ग ने दुर्घटना की जांच के लिए अपनी एक समिति नियुक्त की थी, किंतु सरकार द्वारा जांच न्यायालय नियुक्त कर दिए जाने से वह जांच आगे नहीं बढ़ाई गई। प्रारम्भिक छानबीन के अनुसार, यह पाया गया कि स्टोइंग जल वाले स्थान पर जल संचित हो जाने के कारण, छत के उस छेद से जल का रेला तीव्रगति से आया। कोयला खान के स्थानीय प्रबंधक वर्ग ने उन्हें उपलब्ध सर्वेक्षण नक्शों के आधार पर, जल के ज्ञात पैंच के सामने ठोस कोयले की काफी मोटी अवरोधिका छोड़ दी थी। कुछ नक्शों में, त्रासक पुराने डिप गैलरी गहरी लाइनों से दिखाई गई है जिससे ऐसा लगता है कि खदानों का सर्वेक्षण किया गया था और ये उस 29वें लेवल से दूर थी जो वास्तव में, दुर्घटना, और खदानों को जल से खाली कर दिए जाने के बाद गलत पाया गया।

4.7 पक्ष सं. 2, भारतीय कोयला खान प्रबंधक संघ ने अपना लिखित बयान प्रदर्श 7 पर फाइल किया। यह कहा गया है कि यह संघ व्यावसायिक खान प्रबंधकों का संघ है जो 61 से भी अधिक वर्षों से प्रतिष्ठित है। बयान में कहा गया है कि 14 सितम्बर, 1983 की दुर्घटना एक विशेष प्रकार की दुर्घटना थी जो भूमिगत खदानों में पानी के अकस्मात् प्रवहित होने के कारण हुई। फिर, इसमें मानसून के दौरान और अन्यथा भी, खान में जाने वाले जल का उल्लेख किया गया है और 10,000 गैलन से लेकर एक लाख गैलन की क्षमता वाले जल-हौज की आवश्यकता की बात कही गई है। यह कहा गया है कि ऐसे जल स्रोतों में से कुछेक तो ऐसे सुविचारित तरीके से बनाए जाते हैं कि वे पंपिंग संस्थापनों के लिए संप का कार्य करें। अन्य जल भंडार खनन कार्यों के परिणामस्वरूप बन जाते हैं। जब ये जल हौज सुविचारित तरीके से बनाए गए होते हैं तो अकस्मात जल प्लावन की बहुत कम अर्थात् नहीं के बराबर गुंजाइश होती है। झरिया कोयला क्षेत्र की संरचना एक तश्तरीनुमा बेसिन की तरह की बनाई जाती है। इस संरचना के कारण धरातल सभी ओर से मध्य की ओर नमित रहता है कोयला-पट्ट बनाने वाला अवसाद-स्तर अत्यधिक संरंध्री है और इसमें जल आसानी से आ जा सकता है। तश्तरीनुमा आकार के कारण जल स्वाभाविक रूप से मध्य की ओर प्रभावित होता है। इसका परिणाम यह होता है कि बेसिन के मध्य क्षेत्र की खानों में बहुत अधिक जल रिसाव होता रहता है। हुरिलाडीह कोयला खान इस बेसिन के मध्य क्षेत्र में स्थित बताई जाती है। पूरे वर्ष भारी मात्रा में पानी पंप करना आवश्यक हो जाता है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया है कि जल सीपेज की समस्या वहां और भी उग्र हो जाती है जहां अपेक्षाकृत उथली गहराइयों की सीमों में से केविंग प्रणाली द्वारा कोयला निकाला जाता हो। इससे रिक्तियां पैदा हो जाती हैं, ये रिक्तियां भरी नहीं जाती जिसके परिणामस्वरूप सतह का अवतलन हो जाता है। अवतलन के कारण चट्टानें टूटती हैं, तल पर दरारें आ जाती हैं और सामान्य लेवल नीचे हो जाता है तथा जल का रिसाव अधिक हो जाता है। हुरिलाडीह में ऊपर की सीम का बहुत पहले केविंग हो चुका था।

4.8 भारतीय खान प्रबंधक संघ के अनुसार दुर्घटना के बाद किए गए दुर्घटना स्थल के निरीक्षण से यह पता चलता है कि जल 29वें लेवल के ऊपर डिप के दूसरे पूर्वी डिप तथा 27वें लेवल से पूरे तीसरे डिप के विस्तार, जो संभवतया ज्ञात नहीं था, के बीच के योजक-स्थल में से डिप खदानों में घुसा था। लिखित बयान में यह बताया गया कि संप के क्षेत्र में सड़क मार्गों के विस्तार के परिकलन से यह प्रदर्शित होता है कि संप में 70,0000 गैलन जल जो स्टोइंग-आपरेशनों के कारण दिन में संप में पहुंचता था, से कहीं अधिक जल मात्रा की क्षमता थी। संप में इतनी जल मात्रा को आधे से भी कम प्रचालन शिफ्ट में पंपिंग करने की पर्याप्त क्षमता थी। आश्चर्य की बात यह है कि पांच लाख गैलन जल जो डिप-पार्श्व की खदानों में भर गया बताया गया है वह क्षेत्र से कैसे आ गया। 27वें लेवल से नीचे का संप केवल स्टोइंग जल को संचित करने के लिए प्रयुक्त होता था। अतएव, निष्कर्ष रूप में यह कहा गया है कि जो साक्ष्य उपलब्ध है उनसे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों और परिस्थितियों पर स्पष्ट प्रकाश नहीं पड़ता।

4.9 पक्ष सं. 3 अखिल भारतीय खान कार्मिक संघ जो प्रबंधक-वर्ग के एक हिस्से से संबद्ध संगठन है ने अपना लिखित बयान प्रदर्श 23 पर फाइल किया है। आश्चर्य तो यह है कि इसमें सड़क-दुर्घटनाओं में मरे लोगों के आंकड़े दिए गए हैं। खनन एक जोखिम भरा व्यवसाय है। यह कहा गया है कि कि इस दुर्घटना को उन अन्य दुर्घटनाओं के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जिनमें मृतकों की संख्या कहीं अधिक होती है। 14-9-1983 के बाद, पानी के रेलें के कारण हुई चार दुर्घटनाओं-- 2-10-1983, 10-10-1983, 25-10-1983 और पूर्वी भुगतडीह कोयला खान की दुर्घटना जिसकी तारीख ज्ञात नहीं है की सूची दी गई है और यह सुझाव दिया गया है कि हुरिलाडीह कोयला खान की दुर्घटना की उपरोक्त दुर्घटनाओं के समकक्ष जांच की जानी चाहिए, एकाकी तौर पर नहीं। आगे यह भी सुझाव दिया गया है कि कोयला खान विनियम, 1957 और खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए ज्ञापन, खान अधिनियम, 1952 पर आधारित है। जिसका प्रारूप ब्रिटिश खान विनियमों के आधार को लेकर तैयार किया गया था किन्तु झरिया कोयला क्षेत्र की भू-विज्ञानीय और खनन-पर्यावरणात्मक स्थितियां ब्रिटेन के कोयला क्षेत्रों की स्थितियों से बहुत भिन्न हैं और इसलिए उन नियमों और ज्ञापनों की सुसंगतता चर्चा का विषय बन जाती है। आगे यह भी कहा गया है कि कोयले का उत्पादन निश्चित जोखिम उठाकर और यहां तक कि कभी-कभी जानबूझकर कोयला खान नियमों का उल्लंघन करके भी किया जाता है। जब तक सब ठीक चलता है और कोई दुर्घटना नहीं होती तब तक इस ओर जनता का ध्यान नहीं जाता किन्तु एक बार जब कोई जान लेवा दुर्घटना हो जाती है तो खान-प्रबंधक और पर्यवेक्षण-अमले के अधिकारी राष्ट्र के लिए कोयला पैदा करने हेतु किए गए अपने खनन कार्यों के कारण लोक-भर्त्सना का शिकार बन जाते हैं। दुर्घटना के कारणों को सूचीबद्ध करते हुए यह कहा गया है कि कोयला खानों द्वारा रखे गए पुराने नक्शे भले ही वे सही प्रमाणित कर दिए गए हों, सही स्वीकार नहीं किए जा सकते क्योंकि राष्ट्रीयकरण से पूर्व कोयला खानों के पास न तो सर्वेक्षण के मानक उपकरण थे और न ही पूर्णकालिक सर्वेक्षक। जैसा कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के ज्ञापनों में निर्दिष्ट है, भूलों की कोई परिसीमा निश्चित नहीं की गई थी। भूमिगत अपरदन, छत का गिरना, फर्श का कास कट विस्थापन, अंश-तल के साथ-साथ स्तर का स्खलन इन सब को तथा पास पड़ोस के प्राकृतिक परिवर्तनों को जानने के लिए कोई साधन नहीं थे। समस्त पुरानी गैलरियों का मौजूदा सर्वेक्षण-उपकरणों से नए सिर से सर्वेक्षण कर पाना संभव नहीं है। अतएव ऐसा प्रतीत होता है कि प्रबंधक वर्ग ने किसी एक विशेष कारण का उल्लेख न करते हुए एक सामान्य मामला तैयार कर दिया है जिसमें प्रबंधक वर्ग की भूलों को क्षमा करने की ओर अधिक ध्यान दिया गया है।

4.10 प्रदर्शन 9 पर, पक्ष संख्या 4 यूनाईटेड कोल वर्कर्ज यूनियन, इंडियन माइन्स वर्कर्ज फैडरेशन तथा आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस द्वारा दिया लिखित बयान है। दुर्घटना के दौरान क्या हुआ इस विषय में शुरू-शुरू में थोड़ी सी चर्चा के बाद यह कहा गया है कि कोयला खान का प्रबंधक वर्ग जल संचयन के लिये जान-बूझकर एक विशेष डिप गैलरी का प्रयोग कर रहा था। इससे यह सिद्ध होता है कि प्रबंधक

वर्ग को इस डिप गैलरी के ड्राइवेज की सीमा की तथा इस तथ्य की पूरी जानकारी थी कि यह डिप गैलरी जलाक्रांत थी । यह भी बताया गया है कि जो विभाजक दीवार बनाई गई थी वह बिल्कुल पर्याप्त नहीं थी । और प्रबंधक वर्ग ने यह समझने में भूल की कि उनका मुख्य कर्तव्य खान और खान श्रमिकों को पानी में डूबने के किसी भी खतरों-विशेषतया उन स्थानों पर जहां भारी मात्रा में जल इकट्ठा हो जाता है से सुरक्षा सुनिश्चित करना है । यह कहा गया है कि प्रबंधक वर्ग ने कानूनी सुरक्षा-उपाय किये बिना ही, जानबूझकर 29वें लेवल के ठीक ऊपर जहां विस्फोटन, और कोयला निकालने का कार्य चालू था—जल संचित करके खान के कामगारों को खतरनाक स्थान पर काम पर लगा दिया था । यह उल्लेख किया गया है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले 29वें लेवल की गैलरी की छत से ठीक ठंडे जल के भारी सीपेज हो रही थी । प्रबंधक वर्ग ने सीपेज के खतरों की ओर ध्यान नहीं दिया और पहले से ही वेध छिद्र करके, विभाजक दीवार की मोटाई का जायजा नहीं लिया । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने आवश्यक सुरक्षा उपाय किये बिना ही खनन प्रचालनों को पुनः शुरू करने का जोखिम उठाया । चूंकि खान लंबे अर्से से बंद थी, इसलिये प्रबंधक वर्ग और खान सुरक्षा महानिदेशक के कार्यालय का यह कर्तव्य था कि वे खनन-कार्यों को पुनः शुरू करने से पहले पुरानी खदानों का स्वतन्त्र एवं सम्पूर्ण सर्वेक्षण करें । परिणामतः यह कहा गया है कि प्रबंधक वर्ग इस घातक दुर्घटना के लिये जो अधिनियम एवं विनियमों के सुरक्षा उपबन्धों की पूर्ण उपेक्षा के कारण हुई—पूरी तरह से जिम्मेदार है । यह भी कहा गया है कि खान सुरक्षा महानिदेशक का विभाग भी इसके लिये उत्तरदायी है क्योंकि स्पष्टतया इस ने **प्रबंधक वर्ग को अनुमति देने से पहले और 29वें लेवल के ड्राइवेज के दौरान भी** स्वतन्त्र सर्वेक्षण करके पूरी सावधानी नहीं बरती ।

4.11 पक्ष सं. 5 इन्टक और इसकी संबद्ध संस्थाओं ने लिखित बयान—प्रदर्श 10 फाइल किया है । यह कहा गया है कि दुर्घटना, आठ फुट व्यास वाले एक छिद्र के स्थान से अचानक बड़ी तेजी से लगभग 15 लाख गैलन पानी का रेला कार्य-स्थलों पर आ जाने के कारण हुई । इसमें कहा गया है कि दुर्घटना के बाद यह पता चला कि दोषपूर्ण खदानों/प्लानिंग के कारण, 27वें पूर्वी लेवल के मुख्य डिप के दूसरे सहवर्ती डिप का परिचालन लगभग 190 फुट पाया गया जो 29वें पूर्वी लेवल के अंताग्र से परे है जहां छिद्र हो गया था । छिद्र के संभव कारण इस प्रकार बताये गये हैं :—(1) संप में ज्यादा जल जमा हो जाना (2) डिप अंताग्रों में किये गये विस्फोटनों के कारण होने वाले कंप, (3) 29वें पूर्वी लेवल अंताग्र पर किये गये विस्फोटन और (4) जल की विद्यमानता जानते हुए भी किसी ने भी स्थल का निरीक्षण करने और डिप गैलरी के नीचे अर्थात् 29वें पूर्वी लेवल के साथ-साथ किसी भी गैलरी को परिचालित करने से पूर्व उस डिप गैलरी की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयत्न नहीं किया । अतः यह कहा गया है कि प्रबंधक वर्ग ने कोयला खान विनियम 127 और 64 का उल्लंघन किया है क्योंकि विनियमों के अनुसार प्लानें नहीं रखी गईं । उन्होंने कोयला खान विनियम 127(3) में संशोधन करने और प्रत्येक कोयला खान में सुरक्षा अधिकारी तथा कामगारों के निरीक्षक की नियुक्ति करने के लिये अपने सुझाव दिये हैं ।

4.12 पक्ष सं. 6 इंडियन नेशनल माइन ओवर मेन, सिरदार्ज एंड शॉटफायरर्ज एसोसिएशन ने अपना लिखित बयान प्रदर्श 11 पर फाइल किया । अधिकांशतया इसमें सिरदारों, ओवरमेनों को प्लानें दिये जाने की बात कही गई है जिनमें कुछ भी स्पष्टतया प्रदर्शित नहीं किया गया था । गैलरियों की स्थिति सही तरीके से नहीं दिखाई गई थी । यह कहा गया है कि यह केवल सोचने की बात है कि 27वां पूर्वी लेवल दो स्तम्भों के विकास के बाद बंद कर दिया गया था और 28वां पूर्वी लेवल पश्चिमी अनुभाग के मुख्य डिप से केवल एक स्तम्भ के लिये विकसित किया गया था किन्तु 29वें और 30वें पूर्वी लेवल नियमित रूप से विकसित किये जा रहे थे । अतएव यह सुझाव दिया गया है कि प्रबंधक वर्ग को आस पास कहीं जल जमा रहने की जानकारी, सम्भवतया थी फिर भी उन्होंने 29वें लेवल के ड्राइवेज को बढ़ाते समय पर्याप्त सावधानियां नहीं बरतीं । उन्हें दिखाई गई प्लान गलत प्लान थी क्योंकि उसमें गलत प्रोजैक्शनें दिखाई गई थीं और इसमें प्रबंधक वर्ग ने विनियम 64, 65, 104, 126 और 127 का उल्लंघन किया है । बयान में न्यायालय को यह आश्वासन दिया गया है कि ओवरमैनों, माइनिंग सिरदारों और शाटफायरों ने अपनी अपनी ड्यूटियां बड़ी ईमानदारी और उचित तरीके से निभाई थीं ।

4.13 सी० आई० टी०यू० से संबंध संस्था की ओर से लिखित बयान प्रदर्श 8 पर दिया गया है । इसमें परिचय के तौर पर कहा यह गया है कि विभिन्न दुर्घटनाओं, और जीतपुर, चसनाला, केशरगढ़, सुदामडीह और खास निरसा कोयला खानों की दुर्घटनाओं के बाद नियुक्त जांच न्यायालयों की रिपोर्टों के बावजूद उनकी सिफारिशों को कभी क्रियान्वित नहीं किया गया है । यह तो जब व्यक्तियों की कीमती जानें चली जाती हैं तभी इस ओर ध्यान केन्द्रित होता है । यदि मौजूदा सुरक्षा कानूनों और पहले के जांच न्यायालयों द्वारा की गई सिफारिशों को क्रियान्वित कर दिया जाता है तो यह दुर्घटना बड़ी आसानी से टाली जा सकती थी । दुर्घटना का उल्लेख करते हुए यह कहा गया है कि दुर्घटना के समय खान के अन्दर काम कर रहे व्यक्तियों ने यह कहा था कि पानी भर जाने से कुछ दिन पहले कार्य स्थल की छत से पानी रिस रहा था और इसकी रिपोर्ट अवर अधिकारियों को की गई थी किन्तु किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया । कामगारों ने यह दावा किया कि पानी की सीपेज सदा से विशेषतया 29वें लेवल के परिचालन के समय बहुत अधिक रही थी । अतएव यह कहा गया है कि यह दुर्घटना व्यक्तियों द्वारा स्वयं लाई गई विपत्ति थी । वास्तव में, वर्षा कोई बहुत अधिक नहीं हुई थी और नदियों अथवा नालों में कोई ऐसी बाढ़ नहीं आई थी कि पानी 29वें लेवल के ऊपर खान की कोटरों में इकट्ठा हो जाता जो प्रबंधक वर्ग की पूरी और स्पष्ट जानकारी में था । यह कहा गया है कि इस बात की संभावना है कि पहले के लेवलों की गैलरी की सही गहराई प्लानों में नहीं दिखाई गई हो । पानी जिस तेजी से बहा उससे इस सिद्धांत की पुष्टि होती है कि पानी कहीं ऊंचे लेवलों पर एकत्रित हो गया था । अतएव, जलाप्लावन कोई भूवैज्ञानिक कारणों से नहीं हुआ । जलाक्रांत क्षेत्रों के आस पास के खननों में संबंद्ध नियमों का पालन नहीं किया गया था । कोयला खान विनियम 127 का यह दिखाने के लिये हवाला दिया गया है कि किस प्रकार प्रबंधक वर्ग इसका पालन नहीं करता रहा है । आगे यह भी कहा गया है कि दोषपूर्ण संवातन प्रणाली भी कामगारों द्वारा लगाये गये आरोपों में से एक है जिसकी ओर ध्यान नहीं दिया गया है । इससे यह प्रदर्शित होता है कि सुरक्षा की तरफ प्रबंधक वर्ग का रुख कितना उपेक्षापूर्ण था । जहां तक खान सुरक्षा महानिदेशक के कार्यालय का संबंध है, यह कहा गया है कि संगठन की स्थिति दयनीय है जिससे यह पता चलता है कि अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा की तरफ सरकार का रवैया कितना लापरवाही से भरा हुआ था । लगभग 500 कोयला-खानें और 8600 गैर-कोयला खानें हैं, इनके लिये खान सुरक्षा महानिदेशक के अधीन कुल स्टाफ संख्या उपलब्ध जानकारी के अनुसार केवल 844 है जिसमें निरीक्षण, मुख्यालय के कार्य के लिये प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारी तथा तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल हैं । खान की सुरक्षा की दृष्टि से, तीन महीने में कम से कम एक बार तो जांच की ही जानी चाहिये किन्तु विद्यमान स्टाफ एक वर्ष में एक बार भी निरीक्षण के लिये अपर्याप्त है । इस खान का खनन सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा पिछले छः महीने में निरीक्षण नहीं किया गया था जिसका कारण स्टाफ की अल्पता थी । घटना के जिम्मेदार कारणों को सूचीबद्ध करते हुए यह कहा गया है कि पहले के न्यायालयों द्वारा की गई सिफारिशों की घोर उपेक्षा करते हुए उन्हें कार्यान्वित नहीं किया गया था, कोयला खान विनियमों विशेषतः कोयला खान विनियम 127

का आपराधिक उल्लंघन किया गया था तथा खानों में लापरवाही से अंधाधुंध खनन किया जा रहा था और अधिकारियों द्वारा पर्याप्त पर्यवेक्षण नहीं किया गया था।

4.14 प्रदर्श 6 में दो बयान दिए गए हैं एक जनता मजदूर संघ द्वारा तथा दूसरा कोयला इस्पात मजदूर पंचायत और हिंद मजदूर संघ, बिहार द्वारा दिया गया है ये दोनों बयान लगभग एक जैसे ही हैं। इनके अनुसार रात की शिफ्ट में काम करने वालों को खान में किसी खतरे के संबंध में कोई नोटिस या पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई थी। खानों का दैनिक निरीक्षण करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया था और प्लान का सावधानी से अध्ययन नहीं किया गया था। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने प्रभावी सुरक्षात्मक विनियम बनाए बिना ही कोयला खान को फिर से चालू कर दिया। काम बड़ी जल्दी जल्दी शुरू किया गया था। इस घातक दुर्घटना में खान विभाग द्वारा की गई घोर उपेक्षा का बड़ा हाथ है। काफी समय तक तो छत की मोटाई अपर्याप्त थी। दुर्घटना के पहले पानी का भारी रिसाव था जिसके परिणामस्वरूप छत की मोटाई कटती गई किंतु इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह कहा गया है कि यह प्रबंधक वर्ग की जानकारी में था कि 1200 लाख गैलन से भी अधिक पानी ऊपरी सीमा में बालू के साथ-साथ जमा था, इस पर भी उन्होंने कोई सावधानी बरते बिना कार्य को जारी रखा। यह कहा गया है कि उनकी जानकारी के अनुसार, दुर्घटना से 2-3 दिन पहले से ही पम्प खराब था और जब कामगारों ने प्रबंधक वर्ग को यह रिपोर्ट की कि वे सीम को पानी से खाली करने के लिए कोई उपाय करें तब भी प्रबंधक वर्ग ने कुछ नहीं किया अथवा उनके सुझाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस संगठन का यह भी कहना है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के कार्यालय में स्टाफ की कमी है स्टाफ को अपर्याप्त वेतन तथा अल्प सुविधाएं दी जाती हैं। ऐसी स्थिति में खानों का अक्सर निरीक्षण नहीं किया जाता। दुर्घटना के कारणों को गिनाते हुए यह कहा गया है कि कोयला खान विनियमों के उपबंधों के अनुपालन में घोर उपेक्षा की गई। खान में ताबड़तोड़ खनन कार्य, खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपर्याप्त पर्यवेक्षण, पहले के जांच न्यायालयों की सिफारिशों को कार्यरूप न दिया जाना, कामगारों की शिकायतों और उनके सुझावों की नितांत अवहेलना, खान खनन अंतरालों का समुचित सर्वेक्षण न करवाया जाना और वेध छिद्र न बनाए जाना—इन सब के कारण दुर्घटना हुई।

4.15 प्रदर्श 24 पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग द्वारा पेश प्रत्युत्तर है। इस आरोप के कि कामगारों को पहले से चेतावनी नहीं दी गई उत्तर में यह कहा गया है कि इस प्रकार के खतरे का कोई पूर्वाभास नहीं था। वे इस बात को अस्वीकार करते हैं कि खान का नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा था। वे यह खंडन करते हैं कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने कोयला खान को सुरक्षा विनियम का अनुपालन किए बिना पुनः चालू कर दिया अथवा यह कि खान को अंधाधुंध शुरू किया गया था या फिर दुर्घटना से पहले पानी का भारी रिसाव था या किसी प्रकार का कोई सीपेज था। यह कहा गया है कि मुख्य डिप के 27वें और 29वें पूर्वी लेवल खान की प्लान पर दिखाए प्रोजेक्शन के अनुसार ही परिचालित किए गए थे। पहले के जांच न्यायालयों की सिफारिशों को क्रियान्वित न किए जाने की बात का भी खंडन किया गया है। प्रबंधक वर्ग ने कोई तथ्य दबाया नहीं है। विशेषतया, यह अस्वीकार किया गया है कि पानी का ऐसा 15 लाख गैलन था। 29वीं पूर्वी गैलरी का ड्राइवेज दुर्घटना से बहुत पहले बंद कर दिया गया था किंतु तीसरी डिप अभी परिचालित थी जहां दुर्घटनावश संयोजन हो गए। उनका कहना है कि 29वें पूर्वी लेवल और स्टोइंग पम्प के बहाव पार्श्व के बीच पर्याप्त मोटाई वाली कोयले की अवरोधिका, खान में उपलब्ध कानूनी खान प्लान के आधार पर ही खड़ी की गई थी। उनके अनुसार, कोयला खान विनियम 127 लागू नहीं किया जा सकता और इसी कारण खान सुरक्षा महानिदेशक की अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं थी।

4.16 अखिल भारतीय खान कामगार संघ ने भी एक प्रत्युत्तर प्रदर्श 25 के द्वारा पेश करना उचित समझा जिसमें यह कहा गया है कि कोयला खान नियम 127 लागू नहीं किया जा सकता और यह भी कि इन्क्लाइन कोयला खान के संदर्भ में, भूमिगत पानी को सीम अवस्था में पंपिंग करने में पर्याप्त सावधानी बरती गई थी। यह कहा गया है कि सभी पुरानी खानों में, सभी खदानों का नए सिरे से सर्वेक्षण छतों के गिर जाने, पानी संचयनों, कीचड़ और मक के निक्षेपों आदि के कारण संभव नहीं होता। यह अस्वीकार किया गया है कि खान दुर्घटनाओं में उत्तरदायित्व खनन इंजिनियर का होता है और संदेह का लाभ अभियोजक को दिया जाता है। किसी भी मौके पर दुर्घटनाग्रस्त डिप गैलरी के ड्राइवेज की लंबाई के बारे में कोई शंका व्यक्त नहीं की गई। पुरानी खानों में पुनः सर्वेक्षण के लिए मक और अवपातों को हटाने के लिए प्रत्येक डिप गैलरी को पानी से खाली करना संभव नहीं है। अतः पुरानी प्लानों पर निर्भर रहना ही होता है। यह भी कैफियत दी गई कि खान सुरक्षा महानिदेशालय अपने बचाव के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

4.17 पक्ष संख्या 4 द्वारा प्रदर्श 27 पर पेश प्रत्युत्तर से यह प्रदर्शित होता है कि प्रबंधक वर्ग ने प्लानों की शुद्धता से संबंधित विनियम 65 का अनुपालन नहीं किया। यह बताया गया है कि अगम्य अथवा जलाक्रांत खदानों सहित सभी खदानों का नए सिरे से व्यापक सर्वेक्षण आवश्यक है। सम्बद्ध प्लान पर स्पाट लेवल नहीं दिखाए गए हैं। प्लान 30-6-1983 तक अद्यतन दिखाई गई है किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं था। क्रास कट के 27वें लेवल का सर्वेक्षण किया जा चुका है। पश्चिम में, 26वें लेवल का मुख्य डिप पहले ही दिखाया जा चुका है। मुख्य डिप से परे का क्रास 29वीं पूर्वी लेवल बिल्कुल नहीं दिखाया गया है, हालांकि अब यह पता चला है कि छेद (पंक्चर) 29वें पूर्वी लेवल के खदान के समय हुआ था। 29वें लेवल को न दिखाए जाने से यह संकेत मिलता है कि सर्वेक्षण के समय यह डिप सम्भवतया जलाक्रांत था। दुःख की बात है कि प्रबंधक वर्ग के उच्चाधिकारियों और खान सुरक्षा महानिदेशालय के यह कभी ध्यान में नहीं आया कि बिन्दुकित डिप गैलरी कार्य प्लान में जहां तक परिचालित दिखाई गई है, संभवतया उससे कहीं आगे तक परिचालित की गई हो। यदि प्लान को अद्यतन रखा गया होता तो यह स्पष्ट होता कि 29वें पूर्वी लेवल का ड्राइवेज कोयला खान विनियम 127 में निर्दिष्ट व्यवस्था के अनुसार पहले से ही वेध छिद्र निकाले बिना, टगर डिप से परे तक नहीं किया जा सकता था। अतएव प्रबंधक वर्ग जलाप्लावन के खतरे का पूर्वानुमान नहीं लगा सका और उसने इस संबंध में विनियमों और ज्ञापनों का अनुपालन करने में उपेक्षा बरती। अतएव यह कहा गया है कि दुर्घटना इस भूल के कारण तथा अन्य कोयला खान विनियमों का अनुपालन न करने के कारण हुई तथा प्लानों को अद्यतन न रखे जाने के कारण उन की शुद्धता चर्चा का विषय बनी रही।

4.18 पक्ष सं. 7 ने प्रदर्श 28 पर अपने प्रत्युत्तर में इस तथ्य पर स्पष्ट प्रकाश डाला है कि दुर्घटना भूवैज्ञानिक विक्षोभों के कारण नहीं हुई। यह कहा गया है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा दर्ज बयान लगभग एक औपचारिकता ही है। सी. ई. टी. यू. द्वारा दर्ज बयान के बारे में यह कहा गया है कि यह अस्पष्ट है। उसके अनुसार पानी का रिसाव सामान्य और रोजमर्रा की तरह था। इस बात पर जोर दिया गया है कि कोई भी कामगार अपने जीवन को खतरे में नहीं डालेगा और यदि कहीं पानी का रिसाव हो तो ऐसा कभी नहीं होगा कि वह अपने तथा अपने सहयोगियों के जीवन को खतरे में समझ कर भी इसकी रिपोर्ट न करें। संकेत किया गया है कि खान सिरदार धर्मू चौहान इस दुर्घटना में मृत्यु का शिकार बने। यह कहा गया है कि उन जैसे व्यक्ति यदि वास्तव में पानी का असाधारण रिसाव देखते तो इसकी रिपोर्ट अवश्य करते।

प्रयुक्त क्रियाविधि

4.19 लिखित बयान प्राप्त हो जाने के बाद साक्ष्य को रिकार्ड करने के लिए जो प्रणाली अपनाई गई उसके अनुसार पक्षों तथा उनके गवाहों को हलफनामा फाइल करने के लिए कहा गया। ये हलफनामें एक साथ फाइल किए जाने थे ताकि किसी भी गवाह या किसी भी पक्ष को किसी दूसरे गवाह या पक्ष द्वारा फाइल किए गए हलफनामों का अध्ययन करने तथा उसी के अनुसार अपना हलफनामा तैयार करने का मौका न मिले।

ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रणाली का अनुसरण करने से पक्ष समर्थन में परिवर्तन की संभावना नहीं के बराबर हो गई और दूसरों के साक्ष्यों को देख सुन कर साक्ष्य देने की प्रवृत्ति पर रोक लग गई। फिर भी हलफनामें प्राप्त हो जाने पर पक्षों को एक और मौका दिया गया कि वे अन्यों द्वारा फाइल किए गए हलफनामों के प्रकाश में अपने बयानों को और अधिक स्पष्ट करने के लिए अतिरिक्त हलफनामे पेश करें प्रबंधक वर्ग के दो गवाहों के हलफनामों को छोड़कर वस्तुतः कोई भी अतिरिक्त हलफनामा प्राप्त नहीं हुआ। ये दो हलफनामें भी दुर्घटना की तारीख के बाद प्रबंधक वर्ग द्वारा किए गए सर्वेक्षण को स्पष्ट करने के लिए पेश किए गए थे। वह सर्वेक्षण जांच न्यायालय की नियुक्ति के बाद, न्यायालय को इसकी सूचना दिये बगैर ही किया गया था। किंतु किसी ने भी इस पर आपत्ति नहीं उठाई। सर्वेक्षण में पुरानी प्लान में पाई गई गलतियों की ओर संकेत किया गया है।

4.20 प्राप्त हलफनामें सुनवाई के समय प्रमुख जांच के रूप में लिए गए। दूसरे शब्दों में, गवाह के 'बाक्स' में प्रवेश करने के तुरन्त बाद उससे यह पूछा गया कि हलफनामें में दी गई सूचनाएं सही हैं या नहीं और उसके द्वारा यह स्वीकार कर लिए जाने के तुरन्त बाद उसे जिरह के लिए पेश किया गया।

4.21 सारी कार्यवाहियों पर दो विरोधी पक्षों की कार्यवाहियों के रूप में पुनः विचार किया गया। एक तरफ प्रबंधक-वर्ग के विचारों का पक्ष था और दूसरी तरफ उनका विरोध पक्ष अतएव जिरह के समय, प्रबंधक-वर्ग के गवाह पहले जिरह के लिए उन यूनियनों को पेश किए गए जिन्होंने प्रबंधक वर्ग का पक्ष लिया था और इसके बाद इन के स्थान पर कर्मचारियों की प्रतिनिधि यूनियनें आईं। इसी प्रकार जब प्रबंधक वर्ग का पक्ष लेने वाले संघ ने गवाह पेश किया तो पहले उनके बीच जिरह पूरी की गई और उसके बाद गवाह को कर्मचारियों की प्रतिनिधि विरोधी यूनियनों को पेश किया गया। केवल एक यूनियन "इंडियन नेशनल माइन ओवरमेन एवं सिरदारस एसोसिएशन" ने एक गवाह की जांच की। उस मामले में जिरह पहले कर्मचारियों के प्रतिनिधि एक यूनियन दल तक सीमित कर दी गई थी और उसके बाद गवाह को दूसरे पक्ष को पेश कर दिया गया।

अध्याय 5

5.1 प्रबंधक वर्ग को सबसे पहले साक्ष्य देने के लिए कहा गया। कुल मिलाकर उन्होंने 9 गवाहों की परीक्षा की है। भारतीय खान कामिक संघ जो प्रबंधक वर्ग के पक्ष में है, की ओर से दो अन्य गवाहों की परीक्षा की गई और एक अन्य गवाह की परीक्षा कामिक संघ (एम्प्लाईज एसोसिएशन) जिसका प्रतिनिधि भारतीय राष्ट्रीय खान ओवरमेन, सिरदार और शाट फायरर्ज संघ है, ने की। पूरे मामले में साक्ष्य के नाम पर यही कुछ था। हालांकि अन्य कई यूनियनें भी इसमें भाग ले रही थीं किन्तु उन्होंने इन गवाहों की जिरह तक ही स्वयं को सीमित रखा। अतएव न्यायालय ने पुराने समय के जब संबद्ध लेवल परिचालित किए गए थे। प्रबंधक और सर्वेक्षक तथा उस पम्प खलासी की भी परीक्षा करने का निर्णय किया जो दुर्घटना के समय पम्प पर काम कर रहा था। खान सुरक्षा महानिदेशालय के दो वरिष्ठ अधिकारी और एक सर्वेक्षक जो दुर्घटना के तुरन्त बाद दुर्घटना स्थल पर गए थे उनकी भी अदालती गवाहों के रूप में परीक्षा की गई। कुल मिलाकर इस तरह के गवाह 7 थे।

5.2 प्रबंधक वर्ग की ओर से गवाह 2, 3 और 4 लोडर, ड्रिलर और शाटफायरर हैं जिन्होंने अंताग्र पर दुर्घटना से तुरन्त पहले के समय काम किया था। गवाह सं. 1 सर्वेक्षण अधिकारी है जिन्होंने दुर्घटना के बाद प्लान प्रदर्श 42 तैयार की थी। उन्होंने पुरानी प्लेन के दोष निकाले जिसके बारे में कहा गया है कि उसे देखकर प्रबंधक-वर्ग गुमराह हो गया और उसने यह विश्वास कर लिया कि वे पानी से काफी दूर है। उन्होंने विद्युत इंजनियर, कार्यकारी इंजनियर, प्रबंधक, संबद्ध सर्वेक्षक तथा एजेंट की क्रमशः गवाह सं 5, 6, 7, और 8 के रूप में परीक्षा की। इन गवाहियों के निहितार्थों पर बहस करने अथवा इनसे जो चित्र उभर कर आता है उसे जानने से पहले यह उपयोगी होगा कि इन का संक्षिप्त सार तैयार कर लिया जाए।

प्रबंधक-वर्ग के गवाह

5.3 गवाह सं. 1 सर्वेक्षक सुनील भट्टाचार्य जो दुर्घटनाग्रस्त खदान का, इंडियन स्कूल आफ माइन्ज, धनबाद द्वारा उन्हें दिए गए चौदहवीं मास के निदेशकों के साथ किए गए संद-परिपथ-सर्वेक्षण की बात करते हैं। इस पुनः सर्वेक्षण के निष्कर्ष में मुख्य डिप क्षेत्र के संदर्भ में 29वें लेवल की स्थिति वही बताई गई थी जो उपलब्ध प्लान में दिखाई गई थी, किन्तु पूर्वी पार्श्व में 27वें लेवल के क्षेत्र में इसकी अपनी स्थिति के दक्षिण की ओर लगभग 45 फुट का डिपोन्मुख शिफ्ट दिखाई गई है। इस गवाह के अनुसार, प्लान पर दिखाई गई बिंदुकित रेखा का अर्थ यह है कि गैलरी का विस्तार तो ज्ञात है किन्तु इसके ब्यौरे ज्ञात नहीं हैं।

5.4 गवाह सं. 2 घनश्याम मंडल लोडर रात के नौ बजे से प्रातः नौ बजे तक चलने वाली तीसरी शिफ्ट में 13-9-1983 को कार्य कर रहे थे। उनके गैंग ने 4 बजे तक, 29वें पूर्वी लेवल में 7 टब भारित कर लिए थे। जब और ज्यादा काम करने के लिए कहा गया तो सिरदार स्वर्गीय धर्मू चौहान ने उसके गैंग को यह सूचना दी कि तीसरे डिप में छत की स्थिति अच्छी नहीं है और उन्होंने गैंग को सहवर्ती डिप में चले जाने के लिए कहा। उनके एक सहकर्मी कालिशा भी धर्मू चौहान के साथ दूसरे डिप की ओर गए। प्रातः लगभग पांच-साढ़े पांच बजे, 29वें लेवल के दूसरे और तीसरे डिपों के बीच बाड़ा लगा दिया गया, उसके कुछ समय बाद, गवाह को तीसरे डिप अंताग्र से अपनी टोकरी और गावल उठाने के लिए जाना था किन्तु जैसे ही वे डिप संयोजन स्थल से आगे बढ़े उन्हें कुछ चटकने की सामान्य आवाजें सुनाई दीं और पानी की रेखा, बाहर की ओर बह निकली। अतः उन्होंने "पानी, पानी" का शोर मचाया और स्वयं अन्यों के साथ सुरक्षा स्थान की ओर दौड़े। वे आश्वस्त हैं कि जब वे नीचे खान में गए तो उन्होंने पानी का कोई सीपेज नहीं देखा था और सिरदार ने छत की जांच की थी। उनके अनुसार, 29वें पूर्वी लेवल दुर्घटना से चार-पांच दिन पहले बंद कर

5.5 प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 3 ड्रिलर हरी पंडित 13-9-83 को तीसरी शिफ्ट में, शाट छिद्र ड्रिल करने के लिए 29वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप अंताग्र (फेस) पर गए थे, किन्तु वे ड्रिल किए बिना ही लौट आए क्योंकि कुछ कोयला हटाना अभी शेष था। वे दूसरे अंताग्रों पर गए। इसके कुछ समय बाद, उसने धर्मू चौहान के आदेशानुसार तीसरी डिप में, जब अंताग्र से कोयला हटा लिया गया, छः शाट छिद्र ड्रिल कर लिए थे। उस समय पानी की सीपेज नहीं थी। अंताग्र बिल्कुल ठीक था और 29वें पूर्वी लेवल सामान्य दिखाई दे रहा था। उन्होंने छत को गिरते नहीं देखा किन्तु उसने दूसरों की चिल्लाहटों को सुना। पानी की जांच के लिए कभी कोई छिद्र नहीं बनाए गए थे। खान सुरक्षा महानिदेशालय के समक्ष उन्होंने कहा कि उन्होंने पानी का थोड़ा सा रिसाव देखा और यह भी कि छत की स्थिति अच्छी नहीं थी।

5.6 गवाह सं. 4 काली प्रसाद मंडल खनन-सिरदार एवं विस्फोटकारी है। ये 13-9-1983 को तीसरी शिफ्ट में काम पर लगाए गए। कुछ काम करने के बाद उन्हें 29वें लेवल के अंतिम पूर्वी डिप में छः छिद्र चार्ज करने के लिए कहा गया। जब वे वहां गए तो उन्होंने छत में कुछ चटकने की आवाज सुनी और कोयले के 3/4 पौने इंच से एक इंच मोटे भारी टुकड़े छत से गिर रहे थे। ओवरमेन और खनन-सिरदार धर्मू

चौहान ने स्थल का निरीक्षण किया और लेवल अताग्र से 50 फुट पश्चिम में [illegible] बाद गवाह घनश्याम मंडल ने शोर मचाया और सभी वहां से दौड़ने लगे। उनके अनुसार, पानी तेजी से डेढ़ से दो मिनट के अन्दर ही 28वें लेवल के ऊपर आ गया था। गवाह इस बात की पुष्टि करता है कि 29वां पूर्वी लेवल दुर्घटना से 4-5 दिन पहले बंद कर दिया गया था।

5.7 गवाह के अनुसार, 90 हार्स पावर का पम्प तीन साढ़े तीन स्तम्भ परे स्थित था अर्थात् यह टगर डिप से 120 फुट दूर था। यह न तो फर्श के लेवल और न ही छत के लेवल पर बल्कि बीच में 7-8 फुट की ऊंचाई पर लगाया गया था। उनकी गवाही से यह प्रदर्शित होता है कि 12 सितम्बर, 1983 तक 20वां लेवल परिचालित था और उसके बाद विस्फोटन रोक दिया गया।

5.8 प्रबंधक-वर्ग के गवाह सं. 5 मुहम्मद मुस्ताक खां उस पम्प के, जो उनके पर्यवेक्षण में लगाया गया था प्रभारी सहायक इंजीनियर (विद्युत और यांत्रिकी) थे। यह 26वें लेवल से नीचे, 27वें लेवल से 15-20 फुट दूर था और वहां काम कर रहा था। दुर्घटना के बाद उन्होंने 14-9-1983 के प्रातः 6-30 बजे पानी निकालने के लिए पम्प को वहां से हटा कर मुख्य डिप तक ले जाने का काम किया। यह बात उन्होंने जिरह के दौरान कही है। संप से पानी निकालने के बारे में उनका अनुमान स्टोइंग चालू न होने की स्थिति में एक घंटा और स्टोइंग चालू रहने की स्थिति में 4 घंटे था। उनके अनुसार पम्प और टगर डिप के बीच का अन्तर लगभग 100 फुट था।

5.9 प्रबंधक-वर्ग का गवाह संख्या 6 कादुट सत्य नारायण कार्यकारी इंजीनियर है। उनका कहना है कि पम्प की क्षमता 400 गैलन प्रति मिनट थी और यह 90 हार्स पावर की मोटर द्वारा चालू किया जा रहा था। यह क्रास-कट डिप के पश्चिमी पार्श्व में 26वें लेवल के नीचे लगाया गया था, चूषण नली लगभग 100 फुट थी और फुट-वाल्व 2-3 फुट नीचे था। इस पम्प में क्रास कट के पश्चिम की ओर लगभग 27वें लेवल तक पानी निकालने की क्षमता थी। गवाह का कहना है कि मुख्य डिप को पानी से खाली करने में 16 की पूरी रात लग गई। अतएव उनका अनुमान है कि बीच के 3 दिनों के रिसाव सहित लगभग 9 लाख गैलन पानी निकाला गया था। उनका आगे यह कहना है कि डिप के फुट-वाल्व से परे की खदानें सदा जलप्लावित रहती थीं।

5.10 गवाह सं० 7, प्रबंधक पीतैश कुमार भट्टाचार्य ने 12-9-1982 को कार्यभार संभाला। वे भूमि के नीचे गए और उन्होंने यह पाया कि तीसरी डिप गैलरी संचित जल के समीप तक जा लगी थी जिसके कारण दुर्घटना हुई। वे दुर्घटना के बाद के सर्वेक्षण का उल्लेख करते हैं जिससे यह पता चलता है कि तासक डिप गैलरी की लम्बाई 40 फुट दिखाई गई थी जबकि वास्तव में उसकी लम्बाई लगभग 100 फुट पाई गई। गवाह के अनुसार, सम्प को पानी से खाली रखने के लिए 90 हार्स पावर का पंप पर्याप्त था।

5.11 वे डिप की तरफ के ऐसे क्षेत्र, जिसमें से अभी तक कोयला नहीं निकाला गया, को विकसित करने के निर्णय का भी हवाला देते हैं। साथ ही 'ई' क्षेत्र में पानी के चढ़ाव की तरफ के स्तम्भ हटाने के साथ उन्होंने यह निर्णय भी लिया था कि 29वें लेवल के पहले डिप को, जो अन्य ड्राईवेजों के बीच उपयुक्त विभाजक दीवारें खड़ी करके संप से दूर माना जाता था, परिचालित किया जाए। इस ड्राईवेज को इस तरह से अलग किया गया ताकि यह सीम के तल को छूने लगे और भविष्य में ड्रेनिंग भी मुकर बना सके। इसे क्रास कट के पश्चिम में 27वें लेवल से मिलाने का कोई इरादा नहीं था। अतएव, 29 वें पूर्वी लेवल का ड्राईवेज 9 अथवा 10 सितम्बर को छोड़ दिया गया और 29वें लेवल के तीसरे डिप का विकास शुरू कर दिया गया लेकिन प्लोटिंग में त्रुटि के कारण केवल एक बारीक सी दरार छूट गई।

5.12 जिरह के दौरान गवाह ने बताया कि जिस कार्य प्लान का उसने प्रयोग किया वह आरेखण कागज पर बनी हुई थी क्योंकि उस समय माउंटेड कागज वाला नक्शा तैयार किया जा रहा था। अनुरेखण कागज वाला नक्शा अदालत के पास नहीं है। गवाह का कहना है कि कार्यभार संभालने के समय उसे यह कतई शक नहीं था कि नक्शा गलत है क्योंकि रोजमर्रा के कार्य में उसने गैलरियों को अपेक्षा के अनुरूप जुड़ा हुआ पाया था।

5.13 गवाह यह स्वीकार करता है कि उसे प्रत्येक त्रैमासिक सर्वेक्षण के पश्चात् प्लान पर हस्ताक्षर करने होते थे आगे वे यह भी कहते हैं कि उन्होंने यह हस्ताक्षर जरूर किए होंगे। संभवतः वे इस तरह के जवाब की कमजोरी को समझते थे। इसीलिए उन्होंने कहा कि सर्वेक्षक ने उन्हें यह बताया था कि वह वर्किंग प्लान और माउंटेड प्लान दोनों पर अंकन कर रहा है और कार्य समाप्त हो जाने के बाद माउंटेड प्लान पर उसे हस्ताक्षर करने होंगे। गवाह का कहना है कि सर्वेक्षक श्री एस. एस. मुकर्जी ने जुलाई के अंत में या अगस्त, 1983 में कभी उन्हें यह बताया था कि वे नए सिरे से सर्वेक्षण कर रहे हैं। उनका कहना है कि 15 जुलाई, 1982 को जब उन्होंने कार्य ग्रहण किया तो उस समय पुनः सर्वेक्षण का काम चालू था। वे यह भी उल्लेख करते हैं कि दो लेवल अर्थात् मुख्य डिप के पूर्व में 26वां लेवल और पूर्वी क्रास कट के पश्चिम का 25वां लेवल एक दूसरे से मिल गए थे और वस्तुतः एक ही लेवल बन गए थे।

5.14 90 हार्स पावर के पम्प के बारे में गवाह का कहना है कि यह पूर्वी क्रास कट के पश्चिम में स्थित 26वें लेवल के ठीक नीचे लगा था और पूर्वी चढ़ाई क्षेत्र पर पप के नीचे की खदानों से संप बना था। गवाह के अनुसार, नक्शे पर दिखाई गई तारांकित रेखा का तात्पर्य यह है कि खदानों का विस्तार तो निश्चित अथवा ज्ञात है किन्तु इसके अन्य ब्यौरे ज्ञात नहीं हैं। यहां अन्य ब्यौरों का अर्थ ऊंचाई और चौड़ाई है। गवाह का यह भी कहना है कि चौदहवीं सीम का खदान कार्य एक ही भाग में हो रहा था। इसमें समुचित अनुप्रस्थता नहीं बनाए रखी गई।

5.15 गवाह के अनुसार 29वें लेवल का विकास मुख्य डिप की पूर्वी दिशा में लगभग 360 से 380 फुट तक किया गया किंतु प्रदर्श 43 में यह 200 से 220 फुट प्रतीत होता है। गवाह ने यह उल्लेख किया कि 27वें पूर्वी लेवल के सामने के हिस्से और सम्प-खदान के बीच लगभग 60 फुट की एक कोयले की दीवार थी। 28वां लेवल टगर डिप से परे 15 फुट से अधिक परिचालित नहीं किया गया क्योंकि दूसरी ओर एक सम्प का होना आवश्यक था। उन्हें यह आशंका थी कि बिजली फेल हो जाने के कारण, जमा पानी को हटाने के लिए पानी के पंप का जितना प्रयोग आवश्यक होता है, उतना नहीं किया जा सकेगा। अतः इसके लिए भारी क्षमता वाले एक सम्प की आवश्यकता थी। उनका कहना है कि चूंकि इसमें पर्याप्त फासला रखा गया था इसलिए कोयला खान विनियम 127 (1) लागू नहीं किया जा सकता और चूंकि सम्प त्यक्त खान नहीं होता इसलिए कोयला खान विनियम 127 (3) लागू नहीं होता। उन्होंने कहा है कि मुख्य डिप से 28वां, 29वां और 30वां लेवल उनके कार्यकाल के दौरान परिचालित किए गए थे। 29वां लेवल थोड़ा सा चढ़ाई की ओर कर दिया गया जिससे कि वह तल को छूने लगे। 28 वें पूर्वी लेवल का फेस टगर डिप से थोड़ा पहले 16-7-83 को बंद कर दिया गया। गवाह आगे यह कहता है कि पूर्वी क्रास कट के 27 वें पश्चिमी लेवल के दूसरे डिप में कोयला उत्पादन नहीं किया जा रहा था। इसका प्रयोग सम्प के रूप में हो रहा था 27वें लेवल के पश्चिमी सिरे से कोयला नहीं निकाला जा रहा था। पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल की चार डिप गैलरियों में थोड़ा

या पानी, कीचड़ और रेत आदि थे । 90 हार्स पावर का पंप इन्हें पानी से खाली नहीं कर सका था । मुख्य डिप और चौथे डिप के बीच की दूरी लगभग 240 फुट है। 27 वें पूर्वी लेवल और 29 वें पूर्वी लेवल को भी बंद करने का निर्णय किया गया जिससे कि ये संप के साथ न जुड़ें । 29 वें लेवल को परिचालित किए गए बिंदु तक ही परिचालित करने का उद्देश्य सम्प के डिप सिरे की ओर की खादानों तक के क्षेत्र का विकास करना था । उन्हें उपलब्ध नक्शे के अनुसार सम्प और 29 वें पूर्वी लेवल के बीच एक सुरक्षित बैरियर मौजूद था ।

5.16 27वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप और 29 वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप के तल के बीच विभाजक दीवार कहीं 5 फुट तो कहीं 9 इंच हीं थी । यह बात दुर्घटना के बाद सामने आई । गवाह का कहना है कि दुर्घटना दोहरी गलती के कारण हुई । 100 फुट का ड्राइवेज 40 फुट का दिखाया गया था और शिफ्ट में हुई 60 फुट की गलती को मिलाकर कुल 100 फुट की गलती हो गई थी । फिर भी, वे कहते हैं कि यहाँ कोयला खान नियम 104 (2) लागू नहीं होता क्योंकि दो खंडों में विकास करने का कोई इरादा नहीं था ।

5.17 गवाह के अनुसार, सितम्बर, 1983 में पानी के इकट्ठा होने की दर, जिसमें भरा पानी शामिल नहीं है, प्रतिमिनट लगभग 200 से 300 गैलन थी । उनका कहना है कि दुर्घटना के तुरन्त बाद जब उन्होंने दुर्घटना-स्थल का निरीक्षण किया तो उस समय पूर्वी क्रास कट के 27 वें पश्चिमी लेवल पर कोई अधिक पानी नहीं था । यह कीचड़ से 1 से 1½ फुट ऊंचा था । फुट वाल्व सम्प के नजदीक पानी कीचड़ और बालू के अवरोध के कारण रुक जाता था किंतु अक्सर एक नाली निकाल कर उसे हटा दिया जाता था । 27वें लेवल के लिए ऐसी कोई नाली नहीं थी और यही कारण है कि 27वें लेवल सामान्य परिस्थितियों में भी सूखा नहीं रखा जा सकता था । उन्होंने इसे मानने से इंकार किया कि दुर्घटना के समय बह रहे पानी की मात्रा 9 लाख गैलन थी । वे अपने इस अनुमान को ही सही समझते हैं कि पानी की मात्रा 27वें लेवल तक 7 लाख गैलन थी । उनका कहना है कि [सम्प जलाक्रांत क्षेत्र नहीं है क्योंकि जलाक्रांत क्षेत्र वह क्षेत्र होता है जिसमें पानी खड़ा रहता है । वे यह स्वीकार नहीं करते कि 27वे लेवल का तीसरा डिप जो कि त्रासक गैलरी है, जलाक्रांत क्षेत्र था । वे यह मानते है कि सम्प दिनांक 13-9-1983 को जिस रूप में था उसमें 20 लाख गैलन पानी भरने की क्षमता थी। उन्हें यह स्मरण नहीं कि अपनी पदावधि में उन्होंने, कोयला खान विनियम 60 के अन्तर्गत अपेक्षित प्लानों की प्रतियाँ प्रस्तुत की थीं या नहीं। उन्होंने 27 वें पश्चिमी लेवल के पहले, दूसरे, तीसरे डिपों को सुखाने का कोई प्रयत्न नहीं किया था। उन्होंने 27वे लेवल को सूखा किंतु कीचड़ और कचरे से भरा पाया था और यह अनुमान लगा लिया था कि डिप भी इसी प्रकार के होंगे ।

5.18 गवाह सं० 8 सर्वेक्षक श्याम मुकर्जी हुरिलाडीह कोयला खान में जुलाई 1978 से काम कर रहे थे । वे भारतीय सर्वेक्षण की ज्योदातिक अनुसंधान शाखा द्वारा, पूरे कोयला क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किए गए सर्वेक्षण का जिक्र करते हैं । वे दुर्घटना के बाद के सर्वेक्षण का भी हवाला देते हैं जिससे यह पता चलता है कि 27वे पश्चिमी लेवल का तीसरा डिप 100 फुट था हालाँकि नक्शे में यह 40 फुट दिखाया गया है और शिफ्ट 45 फुट से 50 फुट की थी । वे यह मानते है कि नक्शा (प्रदर्श 43) प्रदर्श 58 में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। उनके अनुसार प्रदर्श 58 में क्रमांक 4 पर दिखाया नक्शा अप्राप्य है । वे यह स्वीकार करते हैं कि उन्होंने नक्शे पर हस्ताक्षर लेने पर जोर नहीं दिया और हस्ताक्षर करने से पहले पूरे प्रदर्श 58 की जाँच नहीं की । वे कहते हैं कि उन्होंने 26 वें लेवल और नीचे के मुख्य डिप सेक्शन का सर्वेक्षण किया था । 29वाँ पूर्वी लेवल दुर्घटना से एक डेढ़ महीना पहले शुरू किया गया था । सर्वेक्षण 9 या 10 सितम्बर के आस-पास किया गया था । उन्होंने पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल का सर्वेक्षण नहीं किया था ।

5.19 उन्होंने स्पाट लेवल नहीं दिखाए क्योंकि एक तो इन खदानों पर उनके कार्यभार संभालने से पहले काम शुरू हो गया था और दूसरे वे बालू और कीचड़ से इतनी भरी हुई थी कि वे वहाँ जा नहीं पाए। वे दुर्घटना से तो दो तीन दिन पहले 27 वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप में गए थे । वहाँ 27 वें पश्चिमी लेवल के पश्चिमी कोने में एक प्रपात था । यह तीसरा डिप कीचड़ से भरा हुआ था जो स्तर तक भी फैल गया था । उन्होंने प्लान प्रदर्श 63 पर प्रक्षेप-रेखाएं खींची। किन्तु प्लान, प्रदर्श 65 पर उन्होंने कोई प्रक्षेप-रेखाएं नहीं खींची। वे मानते हैं कि प्रदर्श 63 और प्रदर्श 64 की प्रक्षेप रेखाओं में अंतर है भले ही वे एक समान नक्शे हैं । वे इस बात का कोई कारण नहीं बताते कि उन्होंने कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने 27वें पूर्वी क्रास कट डिस्ट्रिक्ट लेवल की डिप गैलरियों के बारे में गलत बयान क्यों दिया कि ये गैलरियाँ बिंदुकित रेखाओं में इसलिए दिखाई गई थीं कि उन्होंने सर्वेक्षण के समय उन्हें जलाक्रांत पाया था ।

5.20 वे 90 हार्स पावर के पंप की स्थिति में 26वें पश्चिमी लेवल से 30 फुट नीचे बताते हैं परन्तु वे कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने दिए अपने इस बयान को स्पष्ट नहीं कर सके कि 26 वें और 27वें पश्चिमी लेवलों के बीच पानी का स्तर बदलता रहता था । 27वाँ और 28वाँ पूर्वी लेवल जहाँ तक आज दिखाई देते हैं उससे आगे परिचालित नहीं किए गए क्योंकि वे इन लेवलों को सम्प के साथ जोड़ना नहीं चाहते थे । कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने दिए गए अपने इस बयान को वे नकारते हैं कि उन्होंने मुख्य नक्शे में बंद सिरे वाली जलाक्रांत डिप गैलरियों को बिंदुकित रेखाओं जिनमें दिखाया है जबकि अन्य कुछ नक्शों में वे गैलरियाँ खुली दिखाई गई हैं । वे यह मानते हैं कि उन्होंने कोयला खान, विनियम 58 (3) द्वारा अपेक्षित त्रैमासिक सर्वेक्षण नहीं किया क्योंकि उनका समय अन्यत्र भी काम करने में बीत जाता था ।

5.21 प्रबंधक वर्ग का गवाह संख्या 9—श्री कुमार दुर्घटना के समय एजेंट थे । उन्होंने जनवरी 1980 में कार्यभार संभाला और जुलाई 1982 में वे स्थानान्तरित कर दिए गए । बीच के समय वे हुरिलाडीह कोयला खान के प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहे । पहला अक्तूबर 1982 से उन्होंने कोयला खान के एजेंट का कार्यभार संभाला। जुलाई-सितम्बर के दौरान वे कस्तूर क्षेत्र-कार्यालय में खान-अधीक्षक के पद पर कार्य कर रहे थे । वे कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक से पत्र सं० 33/एच [यू/पी-100/78 दिनांक 10-8-1978 द्वारा स्तम्भ हटाने के लिए ली गई अनुमति का हवाला देते हैं जिसके आधार पर, दुर्घटना के समय स्टोइंग के साथ स्तम्भ हटाने का कार्य किया जा रहा था । वे 27वे पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप को लेकर हुई गलती का भी हवाला देते हैं, यह डिप वास्तव में 100 फुट का था किंतु इसे दिखाया सिर्फ 40 फुट का गया था । उनका कहना है कि 29वे लेवल के तीसरे डिप के प्रदर्श 14 अर्थात् प्रदर्श 63 पर दिखाए प्रोजेक्शन उन्होंने स्वयं प्रबंधक की हैसियत से बनाए थे और इससे आगे के प्रोजेक्शन उस समय के प्रबंधक ने इनकी सूचना देते हुए बनाए थे । 5 सितम्बर, 1983 को 29वाँ लेवल ठोस विस्फोटनों द्वारा परिचालित किया जा रहा था और यह दूसरे डिप के 25 फुट पूर्व तक पहुंच चुका था । त्रासक गैलरी अर्थात 27वें लेवल के पश्चिम में तीसरा डिप उनकी कार्यावधि के दौरान परिचालित नहीं किया गया ।

5.22 वे यह नहीं मानते कि सम्प-खदान जलाक्रांत था। वे यह मानते हैं कि प्रदर्श 62 पर जहाँ सिरे बंद किए गए है वहाँ स्पाट लेवल नहीं दिखाए गए । पंप 26वें लेवल के नीचे लगा था । उन्हें यह याद नहीं कि मुख्य डिप के 26वें, 28वें और 29 वे पूर्वी लेवल कब चालू किए गए । 27वें पश्चिमी लेवल का चौथा डिप उनके कार्यभार संभालने से पहले ही सम्प के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा था 28 वे पूर्वी लेवल का परिचालन बंद कर दिया गया अन्यथा यह सम्प के साथ जा लगता और इसकी अपनी क्षमता समाप्त हो जाती। उनके कथनानुसार, 1977 से 1978

के बीच दोषपूर्ण प्लान तैयार की गयी थी। उन्हें पक्का पता था कि पश्चिमी डिप की तरफ, सम्प में पर्याप्त अवरोध था। उनका कहना है कि स्पाट लेवल इसलिए नहीं दिखाए जा सके क्योंकि हैडिंग पानी के अन्दर थे और उनका सर्वेक्षण नहीं किया जा सका। पानी के कारण इन खदानों तक पहुंचा नहीं जा सकता था इसलिए, जैसाकि वे कहते हैं, कोयलाखान विनियम 137 (3) यहां पर लागू नहीं होता और न ही 29 वें पूर्वी लेवल के मामले में ही यह लागू होता है क्योंकि तीसरे डिप में पानी भरा था। उनका कहना है कि उन्होंने पुन: सर्वेक्षण से संबंधित प्लान पर हस्ताक्षर कर दिए हालांकि यह सर्वेक्षण उस समय तक पूरा नहीं हुआ था। वे यह स्वीकार करते हैं कि 29 वां पूर्वी लेवल सम्प के 60 मीटर के अन्दर परिचालित किया जा रहा था। गवाह यह साबित करने के लिए कि त्रैमासिक सर्वेक्षण किया गया, कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

यूनियन गवाह—कोयला खान के अधिकारी

5.23 इण्डियन माइन्स पर्सनेल एसोसिएशन (भारतीय कोयला खान कार्मिक संघ) के गवाह सं० 1 श्री सहदे सोरेन सहायक प्रबंधक उन दोषपूर्ण प्लानों के बारे में बताते हैं जिसके कारण दुर्घटना हुई। 14-9-83 को वे दूसरी पारी में लगभग चार बजे सायं भूमि के नीचे गए। उस समय पानी मुख्य डिप के 28 व पूर्वी लेवल तक था। पानी का अन्त: श्रवण सामान्य था। उनके अनुसार 29 वें पूर्वी लेवल का परिचालन उनके समय में हुआ था। वे नियमित रूप से फेस का प्रेक्षण करते थे। 29 वें लेवल का और आगे परिचालन पहली पारी में समाप्त कर दिया गया था और इसके तुरन्त बाद तीसरा डिप चालू कर दिया गया। उन्हें यह मालूम नहीं था कि परिचालन क्यों बंद किया गया था।

5.24 भारतीय कोयला खान कार्मिक संघ के गवाह सं 2, मदन मोहन श्रीवास्तव, सुरक्षा अधिकारी ने यह आश्चर्यजनक बात कही कि कोयले की छत का पंक्चर 27 वें लेवल की एक पुरानी डिप गैलरी से जा लगता था। इसी पुरानी डिप गैलरी की विद्यमानता के बारे में किसी भी प्राप्य अभिलेख से पता नहीं चला था। वह यह दावा करते हैं कि संगत प्लानों के अध्ययन से उन्हें यह कोई डर नहीं था कि सतह के पानी का भीतर सीपेज हो जाएगा। दुर्घटना के समय जो पानी देखा गया वह सम्प से कहीं अधिक था। वे यह नहीं बता सकते कि पानी कहां से आया। स्टोइंग के समय, डिप में पानी वर्षा ऋतु को छोड़ कर कभी बहता नहीं था। दुर्घटना से कुछ दिन पहले वे 26 वें पूर्वी लेवल और इसके तीसरे डिप से होते हुए 27 वें पश्चिमी लेवल पर गए। उनके अनुसार 28 वें पूर्वी लेवल के परिचालन को बंद करना प्रबंधक का निर्णय था अन्यथा बिजली फैल हो जाने की स्थिति में सम्प का पानी डिप खदानों में प्रवेश कर जाता।

5.25 14-9-83 को सायं सात बजे पानी 28 वें लेवल के नजदीक ही था। गवाह का कहना है कि यह कथन सही है कि 27 वें लेवल की डिप गैलरियां निरीक्षण के समय पानी से भरी पाई गई। वे आगे कहते हैं कि इनमें मक और बालू भी था। कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने इन्होंने कहा था कि नक्शे में डिप गैलरियां बिन्दुकित लाइन द्वारा दिखाई गई थीं। वे यह नहीं बता सके कि उन्होंने ऐसा बयान क्यों दिया जबकि शपथपत्र में उन्होंने यह कहा था कि पुरानी गैलरी की विद्यमानता के बारे में उन्हें मालूम नहीं था। तभी वे कहते हैं कि पुरानी गैलरी की मौजूदगी तो ज्ञात थी किन्तु इसका विस्तार पता नहीं था। गवाह के अनुसार, 28 वें पूर्वी लेवल के साथ-साथ वेधन नहीं किया जा सका क्योंकि वेधन-छड़ें ठीक से काम नहीं कर सकती थीं। अत: एव, वास्तव में वे दो कारण बताते हैं: 28 वें लेवल को बंद करने का एक अन्य कारण यह है।

यूनियन—गवाह—कर्मचारी

5.26 भारतीय राष्ट्रीय खान ओवरमैन, सिरदार तथा शाटफायरर संघ (इनमोसा) का गवाह संख्या 1 निर्मल कुमार सिंह, ओवर मेन है जो दुर्घटना के समय तीसरी पारी में काम कर रहा था। निर्मल कुमार सिंह के अनुसार, पारी शुरू होने के समय छत की जांच की गई और इसे सही पाया गया, इसमें से सही धात्विक ध्वनि निकलती थी। जब शाटफायरर (विस्फोटकारी) छिद्रों के स्टैमन के लिए गया तो उस समय छत से कोयला टूट-टूट कर गिरने लगा, इसलिए स्वर्गीय सिरदार धर्म चौहान ने काम रुकवा दिया और बाड़ा लगवाने की बात कही। इसके बाद जब व दूसरी तरफ गए तो खतरे की घंटी सुनाई दी। उन्होंने चटकने की अवाज सुनी। उनके अनुसार, 90 हार्स पावर का पम्प 26 वें पश्चिमी लेवल के योजक स्थल से तीस फुट नीचे लगाया गया था और फुट वाल्व 27 वें पश्चिमी लेवल से 3-4 फुट नीचे था। 27 वां पूर्वी लेवल मक, बालू और ईंटों से भरा हुआ था। 29 वें पूर्वी लेवल 11-9-83 के आस-पास बंद किया गया और तीसरा डिप उसी दिन शुरू कर दिया गया।

अदालती गवाह—कोयला खान से सम्बद्ध

5.27 अदालती-गवाह सं 1 गोकुल दोसाध दुर्घटना के समय पम्प प्रचालक (आप्रेटर) का काम कर रहा था। उनका कहना है कि पम्प टगर की मेन लाइन में 26 वें लेवल के ठीक ऊपर लगाया गया था। शुरू में यह एक लेवल से दूसरे लेवल पर लगाया जाता रहा। दुर्घटना के दिन सबसे पहले बिजली फेल हो गई थी, किन्तु स्टाइंग-आप्रेशन सुबह लगभग पांच बजे शुरू हुआ था। इसके एक घंटा बाद पाठ्यांक जीरो था और पम्प का पहिया फ्री हो गया था। उसने पम्प को बंद कर दिया और कारण जानने के लिए आगे गया तब उसे दुर्घटना के बारे में पता चला। पम्प के द्वारा बाहर निकाला गया पानी 17 वें लेवल पर जा रहा था। उसके कथनानुसार, 27 वें और 28 वें लेवल बालू, मक और पानी से भरे रहते थे।

5.28 13 सितम्बर को जब उसने ड्यूटी शुरू की तो उसने संप के पानी का स्तर दिखाने के लिए सैक्शन नली पर निशान लगा दिया था और चाक से नली पर तारीख सहित हस्ताक्षर कर दिए थे। पम्प और उस जगह जहां उसने हस्ताक्षर किए थे, के बीच का फासला लगभग 40 फुट अथवा दो पाइपों के बराबर था। जिस जगह उसने हस्ताक्षर किए वहां पश्चिमी लेवल में पानी नहीं देखा गया, पानी एक पाइप-लम्बाई नीचे था जो कि फुट वाल्व से लगभग 10 फुट ऊंचा था।

5.29 अदालती गवाह संख्या—2—अखिलेश्वर प्रसाद वर्मा कुरि-लाडीह कोयला खान में सर्वेक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे। चौदहवीं सीम में स्तम्भ हटाने का काम अभी शुरू ही हुआ था और उस समय उन्होंने चौदहवीं सीम का बंद परिपथ सर्वेक्षण किया था। किन्तु परिकलन तैयार होने अथवा आलेखन किए जाने से पहले ही उनका स्थानांतरण हो गया। उस समय 27 वें पश्चिमी लेवल पानी से भरा रहता था किन्तु वे यह नहीं स्वीकार करते कि यह त्यक्त खदान था, इसलिए उन्होंने स्पाट लेवल नहीं दिखाए। उनके कथानुसार उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि उनसे पहले के सर्वेक्षक ने स्पाट लेवल दिखाए थे अथवा नहीं। उन्होंने 26 वें पूर्वी या 25 वें पश्चिमी लेवल का सर्वेक्षण नहीं किया, और न ही वे एक दूसरे से मिले हुए पाए थे। गवाह यह जानता था कि चौदहवीं सीम और ग्यारहवीं सीम का नक्शा तैयार किया जाना है। उन्होंने 20वें लेवल का बंद-परिपथ सर्वेक्षण पूरा कर लिया, उन्होंने अपनी मापकन-पुस्तिका में प्रविष्टियां दर्ज की किन्तु उन्हें यह

याद नहीं था कि कोयला खान विनियम 60 के द्वारा अपेक्षित रूप में नक्शे भिजवाए गए थे या नहीं। उनके अनुसार, 27वें पश्चिमी लेवल तक पहुंचा नहीं जा सकता था। वे आरेखण कपड़े वाले अप्राप्त नक्शा-प्लान का जो उन्होंने कार्यालय में दिया था हवाला देते हैं।

5.30 गवाह यह उल्लेख करता है कि खाने सितम्बर, 1978 के अन्तिम सप्ताह से निमज्जित हो गई थी जिससे कार्य बिल्कुल ठप्प हो गया था। वे प्रदर्श 69वें में, मृत सर्वेक्षक दास की लिखावट को पहचानते हैं और दास द्वारा नोट किए गए तीसरे और चौथे डिप के परिचालनों को इस प्रकार पढ़ते हैं यथा तीसरा डिप 4 मीटर अर्थात 13 फुट 12 1092 घन फुट चौथा डिप 5 मीटर अर्थात 16 फुट 12 फुट 8 फुट : 1532 घन फुट। इससे यह पता चलता है कि दोनों डिप क्रमशः 13 फुट और 16 फुट तक परिचालित किए गए थे। प्रदर्श 62 पर वे यह बताते हैं कि तीसरा डिप 40 फुट दिखाया गया है। प्रदर्श 80-संचालन—प्लान के बारे में उनका यह मत है कि इस पर उनके हस्ताक्षर तो हैं किंतु यह उसके हस्ताक्षर वाले नक्शे का जो केवल हस्त—नक्शा था प्रिंट है। यही कारण है कि इस के त्रैमासिक निरीक्षण के पृष्ठांकन नहीं हैं। उन्होंने बड़े आराम से यह कहा कि उन्होंने नक्शे पर स्पाट लेवल दिखाए हैं, जो इस समय अदालत के सामने नहीं हैं किंतु वे यह स्वीकार करते हैं कि खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा भेजे गए दर्जन से भी अधिक नक्शे में से किसी पर भी स्पाट लेवल नहीं दिखाए गए थे वे दास द्वारा तैयार किया गया एक भी ऐसा नक्शा नहीं दिखा पाए जिसे 30-6-1978 के बाद अद्यतन किया गया हो।

5.31 जहां तक गवाह द्वारा रखे गए रजिस्टर, प्रदर्श 81 का संबंध है, उसने शपथ पूर्वक यह कहने में टालमटोल की कि रजिस्टर की टिप्पणियां पानी के स्तर के बारे में थी, हालांकि उसके शीर्षक से यह स्पष्ट पता चलता है कि यह सारा रिकार्ड क्रमिक ड्रावेज के संबंध में है। गवाह—गुप्ता, प्रबंधक ने यह स्थिति स्वीकार की है। प्रत्यक्षतः श्री वर्मा प्रदर्श 81 में दिखाए ड्रावेज को आसानी से स्वीकार नहीं कर सकते थे। 27 वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप के सामने की पैमाइश 70 फुट दिखायी गयी है, 27 वें पश्चिमी लेवल के पहले डिप के सामने प्रविष्टि 112 फुट की है जबकि 27 वें पश्चिमी लेवल के दूसरे डिप में यह 97 फुट की है।

5.32 अदालती गवाह संख्या 3, श्री जे० एन० गुप्ता हैं, जो 3-5-77 से 1-10-78 तक हुरिलाडीह कोयला खान के प्रबंधक थे। उनके स्थानांतरण के समय, खदानें क्रास कट के 26 वें और 28 वें पूर्वी लेवलों के बीच, चौदहवीं सीम में क्रास कट सेक्शन में थीं। अपने पत्र सं० एच० आर० सी/ई०ए०/78/एफ-11/1563/67, दिनांक 10-11-78 के द्वारा उन्होंने चार्ज रिपोर्ट प्रदर्श 84 तैयार किया है जिसमें यह उल्लेख किया है कि पहले का सर्वेक्षण गलत प्रतीत होता है इसलिए नक्शों को सही प्रमाणित नहीं किया जा सकता उनका कहना है कि सम्प की योजना 27 वें और 28 वें लेवलों के बीच पूर्वी क्रास कट क्षेत्र के पूर्वी पार्श्व में निम्नतम स्तरों में की गई थी। पश्चिमी पार्श्व 30 वें लेवल तक विकसित किया जाना था। उन्होंने पूर्वी क्रास कट के पश्चिमी पार्श्व की खानों और मुख्य डिप की खानों के बीच लगभग सौ फुट के अवरोधक की भी योजना बनाई थी। यह 23 वें लेवल के नीचे से शुरू किया जाना था। प्रदर्श 84 के बारे में गवाह का कहना है कि चौदहवीं सीम के 27 वें स्तर से ऊपर तक के लेवल का भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा तत्कालीन प्रबंधकों द्वारा किया गया सर्वेक्षण गलत था। वे यह स्पष्ट करते हैं कि वे ग्यारहवीं सीम के सर्वेक्षण में अशुद्धियां पाई गईं इसलिए उन्होंने चौदहवीं सीम के नक्शों के संबंध में भी टिप्पणियां की थीं।

5.33 गवाह के अनुसार, की नियोजित क्षमता 10 से 15 लाख गैलन और इसकी स्टोइंग धारिता 250 से 300 घन मीटर बालू प्रति दिन थी और इसे बढ़ाकर 500 घन मीटर प्रतिदिन किया जाना था। वे आरेखण कागज वाले नक्शे का भी उल्लेख करते हैं जो प्राप्य नहीं था। उनके कथनानुसार कमजोर स्मरण शक्ति के कारण उन्हें यह याद नहीं था कि उन्होंने कोयला खान सुरक्षा विनियम 60 का अनुपालन करते हुए कोयला खान सुरक्षा महानिदेशक को नक्शे भेजे थे या नहीं। उनके कथनानुसार, विकास कार्य सीम के लगभग मध्य सेक्शन में किया जा रहा था।

5.34 अदालती गवाह सं. 5, देवेंद्र सिंह हुरिलाडीह कोयला खान में 19-4-1976 से 30-4-1980 तक एजेंट था। उनके अनुसार जल को स्ट्रोइंग क्षेत्र, में पूर्वी पार्श्व के डिप की ओर के हिस्से के लेवलों तक ले जाने की योजना बनाई गई थी। इस कारण पूर्वी क्रास कट के 27 वें और 28 वें डिपोन्मुख लेवलों में सम्प की योजना बनाई गई। स्टोइंग-प्रचालन के समय 500 गैलन प्रतिमिनट के प्रकार पानी छोड़ा जा रहा था। वे आगे यह कहते हैं कि जब पूर्वी क्रास कट के चौदहवीं सीम पार्श्व के विकास खदानें पानी में डूब गई तो उनके स्थान पर स्तम्भ हटा लिया गया क्षेत्र (डिपिल्लरिंग) लाया गया। वे इस बात से इनकार करते हैं कि प्रतिबिंदु तल बनाए रखना आवश्यक था क्योंकि उनके कथनानुसार, चौदहवीं सीम के ऊपर वाली सोलहवीं सीम को गत वर्षों में स्तम्भविहीन कर दिया गया था और अब उस तक नहीं पहुंचा जा सकता था।

5.35 चौदहवीं सीम के पुनः सर्वेक्षण के बारे में उनका कथन है कि यह उनकी पदावधि में किया गया किंतु उन समय आलेखन आदि नहीं किए गए थे। उल्लंघन-रिपोर्ट, प्रदर्श 87, में बताई गई गलतियों के संबंध में गवाह का कथन है कि उन्होंने प्रबंधक और सर्वेक्षक को भूलें सुधारने के लिए कहा था, किन्तु उन्हें (गवाह) यह याद नहीं था कि खान सुरक्षा महानिदेशक को कोई उत्तर भेजा गया था अथवा नहीं। वे यह मानते हैं कि प्रबंधक को इस प्रक्षेपण लाइनों, प्रदर्श 94 में परिवर्तन करने का अधिकार दिनांक 1-6-1983 तक प्राप्त था। बाद में यह अधिकार एकमात्र महाप्रबंधक को दे दिया गया था। गवाह, प्रदर्श 87 में उल्लिखित नक्शे पी.-31 एच.यू.आर.आर.एस. के बारे में कुछ नहीं बता सका। उसके अनुसार सीम के बीच में निचले क्षितिज में विकास की योजना बनाई गई थी।

अदालती गवाह-खान सुरक्षा महानिदेशालय का कार्यालय

5.36 अदालती गवाह सं. 4-धनबाद में खान सुरक्षा निदेशक के पद पर काम कर रहे श्री पी. सी. श्याम दिनांक 14-9-83 को सवेरे लगभग 8.30 बजे दुर्घटना स्थल पर गए। उन्होंने सर्वेक्षण कार्यालय और उपस्थिति कक्ष के सारे अभिलेख अपने कब्जे में कर लिए। 16-9-1983 को उन्होंने भूमि के नीचे जाकर विस्तृत निरीक्षण किया। अन्यों के अलावा उनके साथ उपसहायक सर्वेक्षक भी थे। गवाह ने पूर्वी क्रास कट सेक्शन के 'ई' पैनल का निरीक्षण किया। उन्नीसवें लेवल पर उन्हें चार धारित टब मिले। उन्हें 26 वें लेवल और पूर्वी क्रास कट के 28 वें स्तर के बीच पम्प का एक फुट-वाल्व भी मिला। जल का स्तर पूर्वी क्रास कट के 28 वें लेवल के योजक-स्थल के आस पास था। 27 वां लेवल तो दोषमुक्त था किन्तु पानी के बहाव के कारण उस पर चलना कठिन था। आगे चलकर उन्होंने 6 इंच व्यास वाला एक पंपर देखा। पूर्वी क्रास-कट सेक्शन जल का स्तर लगभग 26 वें लेवल के बराबर था। उन्होंने 27 वें पश्चिमी योजक स्थल पर निचले डिप में 35 का कोण बनाते हुए अंग्रेजी के 'वी' अक्षर के आकार का एक बांध बनाया। बांध में जल की ऊंचाई 8 इंच थी इसके अनुसार जल का बहाव प्रतिमिनट 80 गैलन था। गवाह के अनुसार दुर्घटना और उसके दौरे के बीच के पांच घंटों के दौरान पानी की मात्रा 300 घन मीटर से अधिक नहीं होगी।

5.37 गवाह 28-12-79 को मजूमदार (गवाह) द्वारा किए गए सामान्य निरीक्षण और उस पर आधारित रिपोर्ट प्रदेश-87 दिनांक

20-1-80 को हवाला देते हैं। दोष मुख्य डिप के 26 वें लेवल के नीचे पाए गए। गवाह का कहना है कि इस अशुद्ध (गलत) प्लान के कारण तुरंत खतरे की कोई बात नहीं थी। आगे वे यह कहते हैं कि उन्होंने मामले पर आगे कारवाई नहीं की क्योंकि उनके कार्यालय को पता लग चुका था कि प्रबंध वर्ग संशोधित प्लान तैयार कर रहा है और इसलिए भी कि जब कभी किसी विनियम के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनुमति की प्रार्थना की जाती थी तो वे सदैव शुद्ध प्लान प्रस्तुत किए जाने पर बल देते। उनका कहना है कि कोयला खान विनियम 60 के अंतर्गत भी पिछले 2-3 वर्षों के दौरान कोई भी प्लान प्राप्त नहीं हुई है। इससे पहले के वर्षों का जहां तक संबंध है वे अभिलेखों के संदर्भ के बिना कोई उत्तर नहीं दे सके। मोटे तौर पर, खान-सुरक्षा महानिदेशालय में 350 कोयला खानों और 4400 धातुमय खानों के नक्शे प्राप्त होते हैं और इनकी जांच के लिए कोई एजेंसी विद्यमान नहीं है। उन्होंने आगे यह कहा कि उन नक्शों को इकट्ठा कर के रख दिया जाता था। गवाह ने यह भी कहा कि उन्होंने विनियम 60 को हटाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा हुआ है।

5.38 गवाह के अनुसार, मार्च, 83 तक के सभी निरीक्षण मुख्य डिप सेक्शन के 26 वें लेवल से ऊपर के थे। उन्हें यह ज्ञात नहीं था कि 27वां स्तर कब खुलवाया गया, किंतु 1979 से यह सम्प के रूप प्रयुक्त हो रहा था। उनके अनुसार, सामान्य तौर पर सम्प के नीचे काम नहीं किया जाता। यदि काम जल से ऊर्ध्वाधर नीचे किया जाना होता है तो 30 मीटर की विभाजक दीवार आवश्यक होती है। यदि ऊपरला जल स्तंभ लगभग 40-45 मीटर हो तो विभाजक दीवार 10 मीटर पर्याप्त होगी। उन्हें ऐसा लगा कि प्रदर्श 62 कार्य-प्लान था। रोड क्रासिंग के लिए, कोयला खान विनियम 105 के अधीन मार्च, 1982 में प्रदत्त अनुमतियों का हवाला देते हुए वे कहते है कि ये खदानें जल-रेखा से ऊपर थीं और जलाप्लावन का कोई खतरा नहीं था। उनके अनुसार, विनियम विशेषयता उस योजक स्थल के मामले में लागू होता है जहां दो व्यासक गैलरियां काटती हैं। प्लान प्रदेश 90 जहां व्यासक पुरानी गैलरी बिन्दुकित रेखा द्वारा दिखाई गई है और उसके सिरे खुले है—को देखकर उनका कहना है कि बिंदुकित रेखा का अर्थ यह है कि विस्तार—और मुड़ना संदेहास्पद है, भले ही सिरे बंद हो अथवा खुले। गवाह यह नहीं मानता कि लगातार पंपिंग के कारण सम्पों को जलाक्रांत खदानें नहीं माना जाना चाहिए। वे सम्प की परिभाषा यह देते हैं कि सम्प पानी से भरा गड्ढा है जिसमें से पम्प के द्वारा पानी निकाला जाता है। यह पानी भरा गड्ढा स्थायी होता है अस्थायी नहीं। उनके शब्दों में सम्प जलाक्रांत खदान होती है जिसके जलस्तर में उतार-चढ़ाव होता रहता है, यह त्यक्त खदान होती है क्योंकि कोई भी इसके अंतिम कोने तक नहीं जा सकता और न ही कुछ देख सकता है। यह परित्यक्त खदान इस अर्थ में है कि इसमें से कोई उत्पादन नहीं किया जा सकता।

5.39 उनका कहना है कि यदि पहली पारी में गैलरी जल से खाली है और दूसरी पारी में उसमें जल भर दिया जाता है तो उसे त्यक्त ही कहा जाएगा क्योंकि कोई भी वहां जाकर उसका प्रयोग और उसका निरीक्षण नहीं कर सकता। अतएव, गवाह का कहना है कि यहां विनियम 127 (3) लागू किया जा सकता है। तर्क की दृष्टि से, वे यह मानते हैं कि प्रत्येक पारी के लिए अनुमति लेना आवश्यक होता है जब तक कि गैलरी में से पहले पानी निकाल न दिया गया हो। किंतु उन्होंने किसी भी अवसर पर ऐसी अनुमति नहीं दी। उनके अनुसार, सम्प के लिए प्रयुक्त गैलरियां प्रयोग में आने वाली गैलरियां नहीं होंगी क्योंकि प्रयोग का अर्थ 'उत्पादन अथवा अभिगम्यता' है। गवाह यह स्वीकार नहीं करता कि यदि गैलरी किसी भी प्रकार के लिए प्रयोग में है तो यह त्यक्त अथवा परित्यक्त गैलरी नहीं हो सकती। त्यक्त अथवा परित्यक्त का एक ही अर्थ है अर्थात् प्रयोग न किया जाना। उनका कहना है कि जब क्षेत्र जल में डूबा हो तो प्रतिकुतल मापांकित नहीं किए जा सकते किंतु वे सीम के ग्रेडिएंट से नापे जा सकते हैं। यथार्थ ग्रेडिएंट सतत है और खदान कार्य तल या छत या फिर भ्रात क्षितिज से शुरू हुआ है।

5.40 गवाह यह स्पष्ट करते है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा दुर्घटना के बाद लिया गया प्रत्येक बयान अंग्रेजी जानने वाले खान के कैशियर या स्टोरकीपर के स्तर के किसी व्यक्ति द्वारा सम्बद्ध व्यक्ति को हिंदी में स्पष्ट कर दिया जाता है और इस बात के सबूत के लिए बयान पर उसके हस्ताक्षर ले लिए जाते हैं। गवाह को खान-टैक्नोलाजी स्पष्ट करने में कोई दिक्कत नहीं आई। उनका कहना है कि विनियम 58(4) का प्लान पी (3) एच यू आर आर के मामले में अनुपालन नहीं किया गया जिसके बारे में निरीक्षण रिपोर्ट प्रदेश 87 में उल्लेख किया गया है—किंतु जो रजिस्टर प्रदर्श 58 में दर्ज नहीं की गई।

5.41 अदालती गवाह सं० 6 खान सुरक्षा महानिदेशक के कार्यालय के मुख्य सर्वेक्षक गणपति सिन्हा है। उन्होंने प्लान प्रदेश 19 तैयार की थी जिसमें दुर्घटना से पहले 90 हार्स पावर के पंप की स्थिति बताई गई थी। 14-9-83 को दोपहर के लगभग 1.45 बजे वे उस स्थल पर गए और वहां उन्होंने यह देखा कि स्लिपर पम्प की अस्थायी नींवों के रूप में व्यवस्थित किए गए थे। उन्होंने फुट-वाल्व प्रदेश 19 में दिखाए बिंदु पर ही पाया। चूषण नली का कुछ हिस्सा इसके साथ जोड़ा गया था। वे अपनी मापांकन-पुस्तिका साथ ले गए थे और उन्होंने सभी प्रेक्षण इसमें नोट कर लिए थे। उनके अनुसार प्रदर्श 19 में दिखाया गया जल-स्तर दिनांक 13-9-83 के जलस्तर के बराबर था। उन्होंने यह खंडन किया कि जल का स्तर कभी भी 36000 घन मीटर नहीं हो सकता। उन्होंने 4,409 घन मीटर के अपने परिकलन में 27 वें लेवल के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे डिप की गैलरी की छत के जल स्तर में शामिल नहीं किया है। उनका यह अनुमान था कि दुर्घटना से पहले जल का स्तर—चूषण नली पर चाक से लगाए गए निशान पर था। उनके अनुसार, फुट वाल्व से संलग्न चूषण नली पानी में प्रयोग होने के कारण फैल गयी थी। उन्होंने व्यक्तिगत रूप में जो प्रेक्षण किए, वे सब दिखा दिए हैं सिवाय शब्दों के जो उन्होंने अपने प्रेक्षण अधिकारी के कहने पर प्रदर्श 19 में उल्लिखित कर दिए हैं। पर्यवेक्षण अधिकारी को जब उन्होंने तैयार प्लान दिखाई थी तो उन्हें ऐसा करने के लिए कहा गया था।

5.42 अदालती गवाह सं०-7 खान सुरक्षा के उप निदेशक श्री मजूमदार हैं। वे हुरिलाडीह कोयला खान में दल अधिकारी थे और अपनी इसी हैसियत में इन्होंने सामान्य निरीक्षण, अनुवर्ती निरीक्षण तथा घातक दुर्घटना की जांच पड़ताल आदि की थी। प्रदेश 88 इन निरीक्षणों का सारांश है। उनका कहना है कि प्रत्येक निरीक्षण किसी विशिष्ट प्रयोजन को लेकर किया गया है और ऐसा करने के लिए विशेष रास्ते से विशिष्ट कार्य स्थल का निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने जुलाई 1974 में कार्यभार संभाला था। उनके अधीन 11 कोयला खानें थीं निरीक्षण कार्यवृत्त, दुर्घटना के विशेष लक्षणों, खान के इतिहास आदि के आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने किसी भी अवसर पर क्रास कट के 27 वें पश्चिमी लेवल का निरीक्षण नहीं किया। उन्होंने 'ई' पैनल का निरीक्षण किया था किंतु उस समय उन्होंने सम्प को नहीं देखा था। वे पूर्वी क्रास कट के 27 वें लेवल के आगे की पश्चिमी डिप-खदानों पर नहीं गए थे। उन्होंने मध्य डिप का 22 वें लेवल तक निरीक्षण किया था। वे अपनी उल्लंघन रिपोर्ट का उल्लेख करते हैं और कहते हैं कि नक्शों में प्लान की पुरानी संख्या को दिखाने वाले विहित प्रमाण-पत्र नहीं थे।

5.43 गवाह का कथन है कि उन्हें कोयला खान विनियम 60 के अन्तर्गत, हुरिलाडीह कोयला खान से कोई नक्शा प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने पुनः सर्वेक्षण का सुझाव दिया। वे कहते हैं कि जोड़दार प्लान की पुन: जांच के लिए यदि दल में पूरे समय के लिए एक सर्वेक्षक, एक

सहायक सर्वेक्षक और तीन श्रृंखला—कार्मिक होंगे तो इसमें 2 मास का समय लग जाएगा। उनके अनुसार प्रदर्श 87 में देखे गए उल्लंघनों के बारे में अनुपालन-रिपोर्ट भिजवाने के लिए स्मरण-पत्र दिए गए और अगले निरीक्षण तक प्रदर्श 87 इसी रूप में बना रहा। पहले उन्होंने यह जानकारी दी थी कि अन्य अभिकरणों को लेकर भी सर्वेक्षण चालू था। उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि और आगे कुछ नहीं हुआ था। नए प्रस्तावों पर विचार करने के लिए वे इस बात पर जोर दे रहे थे कि सम्बद्ध क्षेत्र का अद्यतन प्लान प्रस्तुत किया जाए। प्रबंधक गुप्ता द्वारा की गई चार्ज रिपोर्ट प्रदर्श 84 का हवाला देते हुए वे कहते हैं कि उसमें व्यक्त शंकाओं के मामले में उन्होंने 10-1-79 को खान का दौरा किया था। चूंकि उस समय तुरंत खतरे की कोई बात नहीं थी इसलिए धारा 22 के अधीन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

5.44 गवाह का कहना है कि उसे यह जानकारी नहीं थी कि पूर्वी क्रासकट को 27वां पश्चिमी लेवल सम्प के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा है। खान के किसी भी अधिकारी ने उन्हें यह नहीं बताया था कि मुख्य डिप के पूर्व वाले क्षेत्र में खदान कार्य चल रहा था। उन्होंने गवाह को मुख्य डिप के 26 वें लेवल से 11 स्तम्भ नीचे के रोड को क्रास करने का अपना विचार बताया था। उनका कहना है कि विनियम 60 के अन्तर्गत प्रस्तुत नक्शों की जांच मुख्यालय में सर्वेक्षण द्वारा की जाती है। प्रदर्श 87 में बताई गई त्रुटि के बावजूद कोई जल-खतरा प्लान नहीं रखा गया कोयला खान विनियम 105 के अन्तर्गत अनुमति देने से पूर्व भूमिगत खदानों का विशिष्ट निरीक्षण नहीं किया गया। छत की गड़बड़ी की संभावना को लेकर यह शर्त रख दी गई थी कि छत के साथ साथ थोड़ा कोयला छोड़ दिया जाए। विनियम 65 (3) के अन्तर्गत कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि इस विनियम को विशिष्ट परिस्थितियों में लागू किया जाता है, यहां प्रबंधक वर्ग स्वयं कार्य कर रहा था।

अध्याय -6

छत का गिरना और सीपेज

6.1 साक्ष्यों के आधार पर जो मामला सामने आया है उससे यह प्रदर्शित होता है कि 14-9-1983 को सुबह सुबह जब तीसरी पारी खान में भूमि के नीचे काम कर रही थी उस समय मुख्य डिप के पूर्व में, 29वें लेवल के तीसरे डिप के सामने से कुछ चटकने की आवाजें आईं और अचानक भारी मात्रा में जल ऊपर से नीचे की ओर तेजी से बहने लगा जिससे साथ के टगर डिप और मुख्य डिप में कार्य कर रहे 19 व्यक्ति डूब गए। पूर्वी क्रासकट के 27वें पश्चिमी लेवल का तीसरा डिप जिससे जल बहा था, 29 वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप के ऊपर था, चूंकि इन दोनों के बीच विभाजक दीवार बहुत पतली थी इसलिए जल-प्रवाह के दबाव से निचला तल फट गया। प्रबंधक वर्ग द्वारा दिये गये बयान प्रदर्श-5 में और कुछ यूनियनों के लिखित बयानों में यह उल्लेख किया गया है कि हरिलाडीह कोयला खान में पूरे वर्ष मानसून में और भी अधिक जल का भारी सीपेज होता रहता था। प्रायः ही यह संकेत दिया गया कि दुर्घटना से तुरन्त पहले इस प्रकार का सीपेज हुआ था किन्तु प्रबंधक वर्ग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और यही कारण है कि यह दु:खद घटना समय रहते टाली नहीं जा सकी। किन्तु दुर्घटना से तुरन्त पहले भारी मात्रा में पानी के रिसाव होने का प्रमाण रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है। दुर्घटना का हवाला देने वाला पहला गवाह प्रबंधक-वर्ग का गवाह सं०-2 घनश्याम मंडल है। वह लोडर का काम करता है। वह रात 1 बजे से शुरू होने वाली तीसरी पारी में काम कर रहा था। सुबह लगभग चार बजे, थोड़े से लोडिंग काम के बाद उसने सिरदार स्वर्गीय धर्मू चौहान से और अधिक कोयला देने के लिए कहा। उस समय सिरदार ने उसके गैंग को तीसरे डिप के अग्राग्र (फेस) पर न जाने की सलाह दी क्योंकि छत की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके स्थान पर उन्हें सहवर्ती डिप पर जाने के लिए कहा गया। श्री चौहान स्वयं गैंग के एक व्यक्ति को साथ लेकर टगर डिप की तरफ

गए। इसके तुरन्त बाद खतरे की घन्टी बज उठी, उस समय गवाह डिप के योजक स्थल से 15-20 फुट दूर था और उसे यह पता चला कि भारी मात्रा में जल बहा चला आ रहा है। अतः भारी मात्रा में जल का प्रवाह ही आस पास काम कर रहे व्यक्तियों की मृत्यु का कारण बना।

6.2 जिरह के दौरान गवाह ने यह स्पष्ट तौर पर कहा कि उसे यह ज्ञात नहीं था कि छत की स्थिति अच्छी नहीं है। उस रात जब सिरदार और ओवरमैन को लोडिंग करने के लिए कहा गया तो उन्होंने इससे पहले छत की जांच की थी। छत सही पाई गई थी। गवाह इस सुझाव को स्वीकार नहीं करता कि अग्राग्र में पानी के रिसाव होने के कारण व्यक्तियों ने काम करने से इंकार कर दिया था।

6.3 वह यह जरूर बताता है कि सिरदार श्री चौहान ने व्यक्तियों को यह निर्देश दिए थे कि दूसरे और तीसरे डिप के बीच 29 वें पूर्वी लेवल में बाड़ लगा दें ताकि कोई भी तीसरे डिप तक न जा सके। उस स्थल पर कार्य बंद कर दिया गया था। किन्तु गवाह को यह पूरी तरह स्पष्ट था कि कार्य को किसी भारी रिसाव के कारण बंद नहीं किया गया था।

6.4 गवाह सं० - 3- हरिबंदिस ड्रिलर था। 13-9-83 को तीसरी पारी में उसने कुछ थोड़ा काम किया था। उसके बाद स्वर्गीय श्री चौहान ने उसे तीसरे डिप में होल बनाने के लिए कहा। तदनुसार उसने अग्राग्र से कोयला हटा लिए जाने के बाद 6 होल ड्रिल किए। प्रति-परीक्षा में वे स्पष्ट बताते हैं कि छत के निकट कोई भी होल नहीं बनाया गया था। उनका कथन है कि छत की जांच उसके द्वारा तो नहीं किन्तु की अवश्य गई थी। उन्होंने कोई छत गिरती नहीं देखी। जो होल उन्होंने ड्रिल किए थे उनमें से कहीं पानी नहीं निकला। उन्होंने खतरे की घंटी सुनी थी। गवाह की गवाही से यह स्पष्ट है कि यद्यपि वह उसी अग्राग्र में जहां कुछ ही मिनट बाद त्रासदी हुई कार्य कर रहा था किन्तु उसे पहले से इस प्रकार की दुर्घटना का कोई आभास नहीं मिला था। दुर्घटना के तुरन्त बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा लिए गए अपने बयान में वह कहता है कि पानी का कुछ रिसाव हो रहा था। छत की स्थिति भी बुरी थी इसलिए उसने होल नहीं बनाए। गवाह ने ऐसा बयान कैसे दिया इसका वह कोई कारण नहीं दे पाया। हो सकता है वर्तमान बयान गलत हो या फिर पहले वाला बयान। पहले का बयान भी गड़बड़ी में दिया गया हो सकता है। किन्तु यह स्पष्ट है कि अदालत में शपथ ग्रहण के बाद गवाह ने जो ठोस बयान दिया वह खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने दिए गए पहले के बयान से भिन्न है। यह पहले का बयान जब तक कि तथ्यों के प्रमाण न दिए जाएं स्वीकार नहीं किया जा सकता। उस बयान में तथ्यों के प्रमाणन का अभाव है।

6.5 गवाह सं-4-काली प्रसाद भुइयां का कहना है कि गवाह सं० 3 ने जब होल ड्रिल कर लिए तो उसे उन होलों को चार्ज करने के लिए कहा गया। वे होल चार्ज करने के लिए गए तो उन्होंने छत में चटकने की आवाज सुनी और कोयले का 3/4 इंच से 1 इंच मोटी कुछ परतें छत से गिरता भी देखा। आसन्न दुर्घटना की यही निकटतम चेतावनी थी। प्रति-परीक्षा में वे बहुत स्पष्ट थे कि छत से कोयले की परतें तो गिरी थीं किन्तु वहां से पानी निकलने का कोई संकेत नहीं मिला था। गवाह का कथन है कि उसने छत से कोयला परतें गिरने की घटना सिरदार धर्मू चौहान को रिपोर्ट की जिन्होंने उस स्थान का निरीक्षण किया और वहां बाड़ा लगाने के लिए कहा ताकि वहां कोई न जा सके। चूंकि सिरदार ने - जो स्वयं इस दुर्घटना में मारे गए—इस संबंध में आगे कोई कार्रवाई नहीं की, इससे यह स्पष्ट है कि उन्हें ऐसा कहीं भी नहीं लगा कि यह स्थिति गंभीर खतरे की स्थिति हो सकती है। उन्होंने उस क्षेत्र में बाड़ लगवा कर खदान कार्य बंद करवा दिया यदि उन्होंने यह महसूस किया होता कि मामला कहीं अधिक गंभीर है तो वे आगे के तुरन्त उपायों के लिए इसकी रिपोर्ट अपने वरिष्ठ अधिकारियों से अवश्य करते। इसके विपरीत वे स्वयं भी वहीं पास में काम करते रहे। स्पष्ट है कि उन्हें

यह नहीं लगा कि उनका अपना जीवन अथवा अन्य किसी का जीवन खतरे में है। यही कारण है कि वे बाड़ लगाने का आदेश देकर ही संतुष्ट हो गए।

6.8 खान कार्मिक संघ की ओर से गवाह सं०-1-सहायक प्रबंधक सोरेन—का भी यही कथन है कि घटना-स्थल पर पानी का सामान्य रिसाव था। वे दूसरी पारी में भूमि के नीचे गए थे। इसी प्रकार खान कार्मिक संघ के गवाह सं-2 सुरक्षा अधिकारी मदन मोहन श्रीवास्तव भी केवल छत गिरने और बाड़ लगा दिए जाने की बात कहते हैं। वे पानी का कोई भारी रिसाव होने की बात नहीं करते। अतएव इस बिंदु के समूचे साक्ष्य विशेषतया धर्म चौहान, जो स्वयं इस दुर्घटना में मृत्यु का शिकार बने के द्वारा की गई तुरन्त कार्रवाई से यह पता चलता है कि पानी के इस तरह भारी रिसाव के कारण या छत गिरने के कारण विभाजक दीवार ढह जाने की कोई पहले से चेतावनी नहीं थी। हालांकि दुर्घटना से कुछ ही मिनट पहले 29 वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप के संतास में कुछ खराबी अवश्य पैदा हो गई थी। अतएव, यही मानकर चलना पड़ेगा कि स्फोटन अकस्मात हुआ था। ऐसा प्रतीत होता है कि अवसादी कोयला शैल समूह जो 27 वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप के अधस्तल का कार्य करता था और जो ऊपर जल के भारी कालम को थामे हुए था, वह न मालूम प्रभावों के कारण विघटित हो गया और जब वह ऊपर के जल के कालम दबाव को सह नहीं पाया तो बोझ के कारण बह गया। ज्यादा रिसाव की कोई पहले से चेतावनी नहीं थी। सम्भवतया इसलिए कि अधस्तल के छिद्र पुरानी झासक गैलरी के फर्श के साथ साथ जमा हुई सिल्ट के कारण बंद हो गए थे।

अध्याय 7

पंप की स्थिति

7.1 बहस के दौरान, स्टोइंग के समय बहते जल की मात्रा तथा पंप की क्षमता के संबंध में प्रश्न उठाए गए। इस संबंध में प्रबंधक-वर्ग की ओर से दुर्घटना से पहले 90 हार्स पावर के पंप के स्थान को बड़े विश्वास के साथ बताया गया था। उनके तर्कानुसार, पंप 27 वें पूर्वी क्रास कट क्षेत्र के ठीक ऊपर था। पंप लगाए जाने के स्थान से पंप द्वारा निकाले जा सकने वाले पानी का स्तर पता चल जाता है, और यही कारण है कि 90 हार्स पावर के पंप की स्थिति को निश्चित करना आवश्यक हो गया है।

7.2 प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 5 सहायक प्रबंधक श्री खान का कथन है कि 90 हार्स पावर का पंप उनके पर्यवेक्षण में लगाया गया था। दुर्घटना की तारीख को यह 26 वें लेवल के नीचे स्थित था। ओवरमैन, सिरदार और शाट फायरर संघ के गवाह सं. 1 निर्मल कुमार सिंह का कहना है कि 90 हार्स पावर का पंप 26 वें पश्चिमी लेवल से 30 फुट नीचे लगा हुआ था और फुट वाल्व 27 वें पश्चिमी लेवल से 3-4 फुट नीचे था। प्रबंधक भट्टाचार्यी प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 7 के कथनानुसार पंप 26 वें पश्चिमी लेवल से नीचे था। प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 8 सर्वेक्षक मुखर्जी के बयान के अनुसार 90 हार्स पावर का पंप 26 वें पश्चिमी लेवल से 20 फुट नीचे लगाया गया था और 26 वें तथा 27 वें पश्चिमी लेवलों में नीचे जल का स्तर भिन्न भिन्न रहता था। प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 9 एजेंट कुमार का कहना है कि दुर्घटना के तुरन्त बाद उन्होंने पंप को 26 वें लेवल से नीचे लगा पाया। गवाह खान ने इस बात का खंडन किया।

7.3 पंप की जो स्थिति बताई गई है वह प्लान, प्रदर्श 19 पर दिखाई गई पंप की स्थिति, तथा अदालती गवाहों सर्वश्री दुसाध, पी. सी. श्याम और सर्वेक्षक गणपति सिन्हा द्वारा बताई गई स्थिति के साथ मेल नहीं खाती। अदालती गवाह सं. 1 श्री दुसाध पंप खलासी हैं। दुर्घटना के समय वह तीसरी पारी में काम कर रहा था। खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों ने दुसाध के बयान रिकार्ड कर लिए हैं किन्तु इन्हें अदालती गवाह इसलिए बनाया गया है क्योंकि अदालती कार्रवाई के किसी भी पक्ष ने गवाह के रूप में इनका नाम नहीं लिया। अपने बयान में वह कहता है कि तीसरी पारी के लगभग 12.45 बजे (रविवार) अर्थात दुर्घटना की तारीख के बिल्कुल सुबह सुबह उसने पंप चालू किया। निकालने के लिए जल थोड़ा सा था, किन्तु इसके 15 मिनट बाद बिजली चली गई। बिजली एक घंटे बाद अर्थात लगभग 2.00 बजे (रविवार) आई, स्टोइंग कार्य सुबह पांच बजे शुरू किया गया, इसलिए उस समय पंप चालू किया गया था। इसके एक घंटा बाद पंप अचानक बंद हो गया। मीटर पर पठनांक शून्य था, और उनके अपने ही शब्दों में, पंप का पहिया फ्री हो गया था। उन्हें जल नहीं दिखा। यह जानने के लिए कि क्या हुआ है जैसे ही वे आगे बढ़े उन्हें दूसरे व्यक्ति मिले जिन्होंने उन्हें दुर्घटना के बारे में बताया। उनके बयान से, आगे यह भी पता चलता है कि 90 हार्स पावर का पंप पहली बार सात वर्ष पहले इस्तेमाल किया गया था। शुरू शुरू में जल लगभग 23वें लेवल पर था। उस क्षेत्र से जल निकालने के लिए पंप को 28वें लेवल पर डिप खदानों के नजदीक लगाया गया था, इसके बाद डिप खदानों में बालू और मल जमा होते गए और पंप को क्रमशः इसके वर्तमान स्थान 26 वें लेवल के ऊपर लगा दिया गया। इससे यह तात्पर्य निकलता है कि पिछली बार पंप को हटाने के समय से ही 27वां लेवल जल से भरा हुआ था।

7.4 गवाह के अनुसार, 13 और 14 सितम्बर की रात को जब वह ड्यूटी पर आया तो उस समय पानी तीन पाइप लम्बाइयों से कुछ कम पाया गया था। जब उसने ड्यूटी शुरू की तो उसने चूषण नली पर एक निशान लगा दिया और चाक से उस पर तारीख सहित हस्ताक्षर कर दिए। जिस स्थान पर 90 हार्स पावर का पंप लगाया गया था, वहां से उस बिंदु तक जहां उसने हस्ताक्षर किए थे का फासला लगभग 2 पाइपों के बराबर अर्थात 40 फुट था। जल-स्तर फुट-वाल्व से लगभग 10 फुट ऊपर था।

7.5 अदालती गवाह सं. 6 श्री एस. गणपति सिन्हा हैं जो खान सुरक्षा महानिदेशालय में सर्वेक्षक के पद पर काम कर रहे हैं। वे इस बिंदु पर काफी प्रकाश डालते

हैं। वे 14-9-83 को लगभग 1.45 बजे, दुर्घटना से कोई आठ घंटे बाद, भूमि के नीचे गए थे और उप महानिदेशक (सेंट्रल जोन) के निर्देशानुसार उन्होंने, सर्वेक्षण स्टेशनों को निश्चित करने और जो कुछ देखा उसे नोट करने के बाद अपनी मापांकन पुस्तिका में प्लान तैयार कर दी थी। प्रदर्श 19 में उन्होंने ऐसा कहीं कुछ भी नहीं प्रदर्शित किया जिसे उन्होंने स्वयं नहीं देखा था, सिवाय शवों की स्थिति के जो उन्होंने उप महानिदेशक के अनुदेशानुसार प्लान में दिखाई थी। प्लान के अनुसार, पंप 26वें स्तर के ऊपर था। गवाह ने उस स्थान पर लकड़ी के स्लिपरों की अस्थायी नींव देखी थी उन्होंने चाक से लगाया गया निशान और चूषण नली पर धुंधले से हस्ताक्षर भी देखे। उन्होंने उस स्थान के पास एक तांबा फुट-वाल्व जिसके साथ उतनी ही लम्बी चूषण नली जुड़ी हुई थी, भी देखा। वे इस विचार का खंडन करते हैं कि उन्होंने अपने दिमाग में कुछ पूर्व-निश्चित जल-स्तर को रख कर प्लान तैयार की थी, अतएव उन्होंने पंप की स्थिति वही दिखाई जो इस समय प्रदर्श 19 पर है। वे चाक से बने निशान और उस पर लिखे अक्षर डब्ल्यू एल का आधार लेकर चलते हैं।

7.6 खान सुरक्षा निदेशक—अदालती गवाह सं. 4—श्री पी. सी. श्याम फुट वाल्व पाए जाने की बात करते हैं। वह फुट वाल्व संक्षारित नहीं था, अतः दुर्घटना से तत्काल पहले प्रयोग में था। वे यह नहीं बता सकते कि प्रबंधक वर्ग ने दुर्घटना के बाद पंप को स्थानांतरित करते समय फुट वाल्व बदला था या नहीं।

7.7 प्रबंधक-वर्ग की ओर से यह जोरदार तर्क दिया गया कि जब प्रत्येक गवाह ने यह संगत विवरण किया है कि 90 हार्स पावर का पंप 26वें लेवल के नीचे था तो फिर दुसाध और सिन्हा के बयान स्वीकार नहीं किए जाने चाहिए। किन्तु साक्ष्य की जांच गवाहों की संख्या के आधार पर नहीं की जाती। साक्ष्य गुणवत्ता के आधार पर स्वीकार किया जाता है। गवाह सिन्हा ने जो गवाही दी है उसमें सच्चाई की झलक है और इसके समर्थन में अस्थायी नींव, फुट वाल्व का मिलना और चाक के निशान पर हस्ताक्षर परिस्थिति जन्यसाक्ष्य है। दुसाध के इस बयान को कि उसने चाक से निशान लगाया और हस्ताक्षर किए बिल्कुल चुनौती नहीं दी जा सकती। व्यक्ति असत्य कह सकते हैं किन्तु परिस्थितियां नहीं। इसके अतिरिक्त, खान सुरक्षा महानिदेशालय के गवाह—सर्वेक्षक सिन्हा और निदेशक पी. सी. श्याम स्वतंत्र गवाह हैं और इनके अपने कोई स्वार्थ निहित नहीं हैं जब कि प्रबंधक-वर्ग ने जो गवाह पेश किए हैं वे अधिक सम्भावना यही है कि प्रबंधक वर्ग के हित में ही मामले की गवाही देंगे। अतएव, 90 हार्स पावर के पंप के बारे में यह बयान कि यह 27वें लेबल के ठीक ऊपर था 26वें लेबल के नीचे नहीं था सत्य प्रतीत होता है।

7.8 इसके अतिरिक्त, निरीक्षण, टिप्पणी-प्रदर्श-3 में जो प्रेक्षण दर्ज किए गए हैं। वे खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के पक्ष को पुष्ट करते हैं। निरीक्षण-टिप्पणी के पैरा 5 के अनुसार, निरीक्षण-दल 25वें लेबल पर वापिस आया, लगभग तीन स्तम्भ लम्बाई तक पूर्व की ओर गया और लगभग एक स्तम्भ नीचे तक गया जहां रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना से पहले 90 हार्स पावर का पंप लगाया गया था। उपचार कार्यों के दौरान पंप को अपने स्थान से हटा दिया गया। पंप के स्थान तक और इससे आगे तक भी डिप रोड का फर्शसंचित जल के साथ की बालू से भरा हुआ था।

7.9: उपरोक्त बहस को ध्यान में रखते हुए मेरा यह निष्कर्ष है कि 90 हार्स पावर का पंप 26वें लेवल पर लगाया गया था। इसमें 27वें लेवल को शामिल करने की संप की क्षमता का संकेत मिलता है।

7.10 इस निष्कर्ष की पुष्टि में, दुर्घटना के समय की जल की मात्रा, स्टोइंग कार्मों के दौरान बहुत पानी की मात्रा आदि के रिकार्ड किए गए साक्ष्य और संप की क्षमता के साक्ष्य मौजूद हैं।

7.11 प्रबंधक-वर्ग के गवाह सं० 7—श्री भट्टाचार्य जी का कहना है कि उन्होंने दुर्घटना के तुरन्त बाद दुर्घटना क्षेत्र में घुस आने वाले जल की कुल मात्रा का अनुमान लगाया था। उनके अनुमान के अनुसार जल की मात्रा 4.5 लाख गैलन थी। उनका यह अनुमान 29वें लेवल तक का था, किन्तु वे यह स्वीकार करते हैं कि जल 28वें लेवल से परे और उससे और भी आगे बढ़ता चला जा रहा था। इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जल की पुनः अनुमानित मात्र पहले के 4.5 लाख गैलन की मिलाकर 7 लाख गैलन बताई उनके अनुसार, संप जिस रूप में 13-9-83 को था, उसके अनुसार उसमें 20 लाख गैलन जल भंडारन की क्षमता थी।

7.12 इस बिंदु पर, अखिल भारतीय खान कामिक संघ के गवाह सं० 1— श्री महदेव सोरेन का कहना है कि 14-9-1983 को वे दूसरी पारी में भूमि के नीचे गए थे। उस समय दिन के चार बजे थे। उन्होंने जल-स्तर मुख्य डिपो के 28 वे पूर्वी लेवल तक देखा। मुख्य डिपो के पश्चिम पार्श्व में जल का स्तर 28 वें लेवल के बराबर था। सम्भवतया उनका मतलब क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल से है। प्लान-प्रदर्श 19 से हमें यह पता चलता है कि जो स्तर मुख्य डिप के 28वें लेवल के समकक्ष है वह पूर्वी क्रास कट का 27वां पश्चिमी लेवल है। अतएव, जल का स्तर पूर्वी क्रास-कट के 27वें पश्चिमी लेवल तक था। प्रबंधक-वर्ग के गवाह सं० —8 सर्वेक्षक मुखर्जी कहते हैं कि वे पंप के स्थल पर नियमित रूप से नहीं जाते थे उनके अनुसार दुर्घटना से 1 महीना पहले पंप-स्थल शुष्क था। किंतु, उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के समक्ष यह बयान

बयान दिया था कि पूर्वी क्रास कट के 26वें और 27वें पश्चिमी लेवलों के बीच जल का स्तर ऊंचा नीचा होता रहता था। वे यह नहीं स्पष्ट कर पाए कि उनके उस बयान को गलत बयान क्यों न माना जाए।

7.13 यह पहले से ही प्रकट कि अदालती गवाह सं०-1 पंप खलासी दुसाध से जल स्तर पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल के कहीं ऊपर फुट वाल्व से लगभग 10 फुट ऊपर पाया था। अदालती गवाह सं० 2-- प्रबंधक गुप्ता का कथन है कि स्टोइंग क्षमता 250-300 घन मीटर प्रतिदिन थी। नियोजित उत्पादन 100-150 टन प्रतिदिन था जो आगे चल कर 200-250 टन प्रतिदिन हो जाना था। इस संदर्भ में, उनका कहना है कि पंप की नियोजित क्षमता 10-15 लाख गैलन थी।

7.14 इसके बाद हम एजेंट देवेन्द्र सिंह--अदालती गवाह सं० -5 जो उस समय खान में काम करते थे--के बयान पर आते हैं। इनका कहना है कि स्टोइंग कार्य में लगभग 500 गैलन प्रतिमिनट जल छोड़ा जा रहा था। हालांकि स्टोइंग कार्य के दौरान आने वाले इस जल को 24 घंटों में निकाल दिया जाता था। उन्होंने उच्चतर स्तर पर जल प्रतिधारण के तथा डिप-खदानों से जल के अधिप्रवाह को पंप से निकालने के लिय प्रबंध किए हुए थे।

7.15 उपरोक्त विवाद से यह स्पष्ट है कि पंप विशाल पैमाने पर तैयार किया गया था और इसकी धारण क्षमता 10-15 लाख गैलन थी। अतएव, आश्चर्य ही नहीं दुर्घटना के समय 9 लाख गैलन जल अन्दर आ गया था जैसा कि कुछ गवाहों ने अपने बयानों में बताया है। इस पृष्ठ भूमि में हमें प्लान प्रदर्श-16 और खान सुरक्षा महानिदेशाल के सर्वेक्षक गणपति सिन्हा के परिकलनों को समझना और उसका मूल्याकन करना होगा। सर्वेक्षक सिन्हा ने प्लान, प्रदर्श 19 पर जल की विभिन्न स्थितियां नोट की हुई है। दुर्घटना से पूर्व, पूर्वी क्रास-कट डिप में 25वें लेवल से डिप की ओर (स्तम्भ कोने के पश्चिमी पार्श्व से) जल की स्थिति 33 मीटर है। दुर्घटना के बाद टगर डिप में 28वें लेवल का चढ़ाव (स्तम्भ कोने के पश्चिमी पार्श्व से) की तरफ जल की स्थिति 2.5 मीटर है और दुर्घटना के बाद पश्चिमी सहवर्ती डिप में 28वें डिप लेवल से चढ़ाव (स्तम्भ कोने के पश्चिमी पार्श्व से) की तरफ पानी की स्थिति पांच मीटर थी। इन प्रेक्षणो के आधार पर जो परिकलन किए गए उनसे यह प्रदर्शित होता है कि मुख्य डिप के क्षेत्र में जल की मात्रा लगभग 4180 घन मीटर अर्थात् 9,18,000 गैलन थी और पूर्वी क्रास--कट क्षेत्र में जल की मात्रा 4409.709 घन मीटर अर्थात् लगभग 9,70,000 गैलन थी।

7.16 इस साक्ष्य को देखते हुए, प्रबंधक वर्ग का यह प्रतिवाद कि संप निम्न धारिता वाला था या पंप की स्थिति से संप की निम्न धारिता का पता चलता है अमान्य प्रतीत होता है।

बहस के दौरान, संप की धारण-क्षमता से अधिक जल-मात्रा होने के मान्यता सू चार कारण सुझाए गए। पहला, वे यह बताते हैं कि जल की वृद्धि सम्भवतया 14-9-83 को सुबह 6 बजे घबराहट की स्थिति में स्टोइंग पम्प को बन्द कर दिए जाने के कारण हुई हो। किंतु इससे सिर्फ यह पता चलता है कि कुछ देर के लिये जल की मात्रा को कम करने के लिए कोई पंपिंग नही की गई थी। इससे इस प्रश्न पर कोई प्रकाश नही पड़ता कि संप की वास्तविक धारण क्षमता कितनी थी अर्थात् अधिकाधिक इसमें कितना जल आ सकता था।

7.17 दूसरा कारण लगभग 12 घंटे के समय में हुई जल मात्रा की सामान्य वृद्धि माना गया है। इस अवधि में जल निकालने का काम शुरू करने के लिये कोई पंप नहीं लगाया गया था। सामान्य जल मात्रा को इस घटक को ध्यान में रखने के बाद ही पंप का डिजायन तैयार किया गया था। इसके फलस्वरूप जल पंप की धारण क्षमता से अधिक नही हो सकता था, और किसी भी हालत में, इसमें वृद्धि केवल मामूली वृद्धि होगी।

7.18 तीसरे यह संभावना भी बताई गई है कि अधि-प्रवाह के कारण 17वें लेवल पर मध्य पंप से जल वापस आ गया हो। यह एक तथ्यात्मक पक्ष है। हमें 17वें लेवल पर संप की धारण-क्षमता के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पक्षसमर्थन अथवा साक्ष्यों में इस प्रकार का कोई केस तैयार नही किया गया था। यदि दुर्घटना का यही वास्तविक कारण होता तो प्रबंधक-वर्ग इसकी संभावना की ओर से आंखें मूंद नहीं सकते थे। हम अनुमानों को लेकर नहीं चल सकते। अतएव यह तर्क भी स्वीकार नही किया जा सकता।

7.19 चौथा कारण यह व्यक्त किया गया है कि छत और स्टोवित क्षेत्र की रिक्तियों के बीच, स्तम्भ हटा लिए गए स्टोवित क्षेत्र में जल इकट्ठा हो गया था यह संचित जल उठान की तरफ था जो गुरुत्वाकर्षण के कारण आप्लावन-स्थल जो डिप की तरफ के हिस्से में था की ओर तेजी से बह निकला। श्री दात ने भी बहस के दौरान इसी कारण की ओर संकेत किया था। मैंने उन्हें तब भी यह बता दिया था कि यह सब अटकलबाजी अधिक प्रतीत होती है, वास्तविक घटना कम। फिर, यह सब प्रमाणित करने के लिय कोई सबूत पेश नही किए गए कि उपर लिखित रिक्त स्थान मौजूद थे, या फिर जल जमा हो गया था अथवा जल दुर्घटना के समय ही क्यों और कैसे वह निकला जब कि गत समय में कभी ऐसा नहीं हुआ। ऐसा हो रहा था--इसके लिए कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया यदि इस तरह का जल लगभग प्रायः ही बहता रहता था तो फिर इसे जल की सामान्य मात्रा ही कहा जाएगा अतएव, यह कारण भी अनुमानों पर आधारित है। यदि यह पानी, स्तम्भ हटा लिए गए क्षेत्र से बह कर आता तो अपने पीछे यह पंक, सिल्क आदि की एक लीक छोड़ देता, किंतु न तो लेवलों से जल निकाल लिये जाने के तुरन्त बाद या फिर 1-10-1983 की अदालती जांच के समय भी ऐसे कोई संकेत नहीं पाए गए।

7.20 निष्कर्ष रूप में, जितने भी कारणों की ओर संकेत किया गया है उन्हें पंप में अत्यधिक जल होने के कारणों के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। साक्ष्य से यह प्रकट होता है कि कोई 9 लाख गैलन जल दुर्घटना के समय प्रवाहित हुआ था। मेरे विचार में इस धारण की भी कोई गुंजायश नहीं है कि पंप की धारण-क्षमता कम थी। अतएव, यह बहस 90 हार्स पावर के पप के स्थिति के बारे में इसी निष्कर्ष को पुष्ट करती है कि यह दुर्घटना से पहले 26वें लेवल के ऊपर था।

अध्याय—8

27वां लेवल और संप

8.1 यह दर्दनाक दुर्घटना 27वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप के तल के फट जाने और 29वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप में—जो उस समय 27वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप के नीचे था—तेजी से पानी घुस आने के कारण हुई। अतः यह पता लगाना लाभकारी होगा कि 27वां पश्चिमी लेवल कब और किस तरीके से परिचालित किया गया और 29वें पूर्वी लेवल का तीसरा डिप नीचे कैसे हो गया था।

8.2 अदालती गवाह सं०-3-प्रबंधक श्री गुप्ता है जो हुरिलाडीह कोयला खान में 3-5-1977 से 1-10-1978 तक काम करते थे। अदालती गवाह सं० 5—देवेन्द्र सिंह दिनांक 19-4-76 से 25-4-1980 तक कोयला खान में एजेंट थे और अदालती गवाह सं० 2—सर्वेक्षक श्री वर्मा इस कोयला खान में सर्वेक्षक के रूप में जुलाई 1978 से आए और 21 नवम्बर 1981 तक रहे। गवाह श्री गुप्ता का कथन है कि अपनी कार्यावधि के अन्तिम चरण में वे 26वें और 28वें लेवलों के बीच, पूर्वी क्रास-कट सेक्शन में चौदहवीं सीम में काम कर रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि पहले उन्होंने पूर्वी क्रास-कट क्षेत्र के पूर्वी पार्श्व तथा मुख्य डिप के पश्चिमी पार्श्व का विकास करने की योजना बनाई थी। किंतु जुलाई, 1978 से ही पूर्वी क्रास कट के डिप की तरफ वाले क्षेत्र पानी में डूब गए थे और वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे नहीं बढ़ सके। तब प्रबंधक वर्ग ने 'ई' पैनल से स्तम्भ हटाने का काम शुरू करने और साथ-साथ पूर्वी क्रास-कट के पश्चिमी पार्श्व वाले क्षेत्र में विकास कार्य को हाथ में लेने का निर्णय किया। इन्हीं परिस्थितियों में, अगस्त, 1978 में, स्तम्भ हटाने की अनुमति प्राप्त की गई थी। स्तम्भ हटाए गए क्षेत्र में स्टोइंग कार्य के लिये संप आवश्यक था। स्वभाविक रूप से ही अंतःस्रवण के कारण जल पूर्वी पार्श्व की सबसे नीचे की गैलरियों में रिसना शुरू हो गया था। गवाह का कथन है कि स्तम्भ हटाए गए क्षेत्र के लिये संप की पूर्वी क्रास-कट क्षेत्र के पूर्वी पार्श्व में सबसे निचले स्तर पर बनाने की योजना बनाई गई थी। उनके अनुसार, यह 27वें और 28वें लेवलों के बीच बनाने का विचार किया गया था। उन्होंने पूर्वी क्रास-कट के पश्चिमी पार्श्व के खदानों और मुख्य डिप की खदानों अर्थात् मुख्य डिप की खदानों और वर्तमान संप के बीच कोई 100 फुट का अवरोधक बनाने की योजना बनाई थी। वे यह स्पष्ट कहते कि पूर्वी क्रास-कट का 27वां लेवल उनकी कार्यावधि में परिचालित किया गया था। हालांकि उन्हें यह याद नहीं था कि उनके सेवाकाल में इस स्तर के पहले, दूसरे और तीसरे डिप परिचालित किए गए थे अथवा नहीं। वे यह जरूर कहते हैं कि उनके सेवाकाल में विकास कार्य सीमा के लगभग मध्य सेक्शन में किया जा रहा था और उत्पादन उसी क्षेत्र में हो रहा था।

8.3 अदालती गवाह सं० 5—श्री देवेन्द्र सिंह का कहना है कि उन्होंने पूर्वी पार्श्व के डिप की ओर के हिस्से के स्तरों तक पानी ले जाने की योजना बनाई थी। प्रदर्श 80 को देख कर वे कहते है कि संप को पूर्वी क्रास-कट डिप के 27वें और 28वें डिप की तरफ के पूर्वी लवलों में बनाने की योजना बनाई गई थी। यह बताते हुए कि स्तम्भ हटाने का यह कार्य क्यों शुरू किया गया, उनका यह कथन है चौदहवां सीमा पूर्वी क्रास-कट के पार्श्व वाले विकास क्षेत्र में जल में डूब गए थे और उनकी जगह स्तम्भ-विहीन क्षेत्र बना दिया गया था। मुख्य डिप के 22वें पूर्वी लेवल और पूर्वी क्रास-कट के पश्चिमी लेवल के नीचे वाला छोटा सा हिस्सा अविकसित था और अब उसके विकास का कार्य हाथ में लिया गया था। उनके कथनानुसार, 27वां पश्चिमी लेवल हालांकि संप के रूप में विकसित नहीं किया गया था किन्तु उनके सेवा काल में इसका संप के रूप में प्रयोग किया जाने लगा था।

8.4 इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि 26वें लेवल के डिप की तरफ के नीचे के स्तरों को संप के रूप में प्रयोग करने की योजना बनाई गई थी। और 27वें पश्चिमी लेवल का भी संप के रूप में प्रयोग किया जाने लगा था। गवाह श्री गुप्ता की तरह ही देवेन्द्र सिंह का कथन है कि चौदहवी सीमा का विकास कार्य सीमा के मध्य के निचले क्षितीज में हाथ में लिया गया था और जहां तक मुख्य डिप विकास का संबंध है, यह सीमा से मिलने के बाद पहले उपलब्ध ग्रेडिएण्ट के साथ-साथ किया जा रहा था। इन गवाहों की गवाही से यह स्पष्ट है कि पूर्वी क्रास-कट के परिचालन जो मध्य क्षितीज में थे वे मुख्य डिप में ग्रेडिएण्ट के साथ-साथ के परिचालनों के तुलना में भिन्न-भिन्न सेक्शनों में थे। अतः यह सोचना स्वाभाविक था कि कोई न कोई सेक्शन किसी न किसी स्थान पर किसी दूसरे सेक्शन के ऊपर होगा।

8.5 गवाह श्री वर्मा के अनुसार, वह क्षेत्र जुलाई 1978 के पहले से ही जल में डूबा हुआ था। इसके बाद चौदहवीं सीम में स्तम्भ हटाने का कार्य शुरू किया गया। उन्होंने सीम का बंद परिपथ-सर्वेक्षण किया था। किन्तु आरेखण अथवा परिचालन तैयार करने से पहले ही उसका स्थानांतरण हो गया था। वे आगे यह कहते है कि सर्वेक्षक के रूप में उनके पूरे कार्यकाल में 26वां लेवल जल से भरा हुआ था। 26वां पूर्वी और 25वां पश्चिमी लेवल उनके सेवा काल में एक दूसरे से संयोजित नहीं किए गए थे। जब उन्होंने कार्यभार संभाला था, 27वां पश्चिमी लेवल चालू किया गया था, किन्तु उनका कहना है कि यह अभिगम्य नहीं था।

8.6 जिरह के दौरान, उनसे, स्वर्गीय श्री दास जो उनसे पहले के सर्वेक्षक थे की लिखावट वाली प्रदर्श 69 पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रदर्श 69 में दिखाए गए माप के अनुसार 27वें पश्चिमी लेवल के तीसरे डिप का ड्राईवेज 4 मीटर (अर्थात् 13 फुट) और चौथे डिप का ड्राईवेज 5 मीटर (अर्थात् 16 फुट) तक था। किन्तु वे यह स्वीकार करते है कि दिनांक 30-6-1982 तक की संशोधित प्लान प्रदर्श-62 में तीसरा डिप 40 फुट लम्बा दिखाया गया है और प्लान, प्रदर्श 19 जो दुर्घटना के बाद तैयार किया गया—उसमें 27वें पश्चिमी लेवल से परे के तीसरे और चौथे डिप की वास्तविक लंबाई क्रमश: 100 फुट और 68 फुट पाई गई।

8.7 गवाह से उसे अभिलेख पुस्तकों प्रदर्श 81— जो उन्होंने स्वयं रखी थी—के संदर्भ में प्रश्न पूछे गए। उन्होंने टाल मटोल की और यह कह कर अदालत को गुमराह करने का प्रयत्न किया कि वहां की माप-टिप्पणियां जल स्तर की थीं हलांकि उनके ऊपर के उपशीर्ष 'कुल माप' 'पहले के' और 'प्रगति' के बारे में बताते है। प्रदर्श 81 में दिनांक 2-8-1978 के नीचे, 27वें लेवल के तीसरे डिप के सामने दिखाया गया माप 70 फुट है। गवाह वर्मा का कथन है कि यह माप जल स्तर का परिचायक है और वे इस कथन का परिणाम भुगतने को भी तैयार है कि डिप में पानी उस स्तर तक ऊंचा चला गया था जो विश्सनीय प्रतीत होता है। इसी प्रकार, उन्होंने ये भी कहा कि 27वें लेवल के पहले और दूसरे डिप के माप जो क्रमश: 112 फुट और 97 फुट दिखाए गए हैं वे इन डिपों के जल स्तरों के परिचायक हैं। यह साक्ष्य ऐसा है जिस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। किंतु, प्रबंधक श्री गुप्ता ने इस बारे में उन्हें झूठा साबित कर दिया है। श्री गुप्ता को प्रदर्श 81 की उन प्रविष्टियों का अर्थ-विवेचन करने के लिये कहा गया जो सर्वेक्षक श्री वर्मा ने की थी तो उन्होंने यह कहा था कि ये माप ड्राईवेजों के परिचायक हैं। अत: प्रदर्श 81 से यह स्पष्ट है कि श्री वर्मा के कार्यकल के दौरान 27वें लेवल के पहले, दूसरे और तीसरे डिपो का कार्य पूरी तरह चालू था और यह भी कि पहला डिप 112 फुट, दूसरा डिप 97 फुट और तीसरा डिप 70 फुट की लंबाई तक चालू किया गया था। अत: हमारे सामने यह स्पष्ट चित्र है कि इस क्षेत्र में 1977 से 1978 के बीच विकास कार्य कैसे चालू किया गया और यह भी कि अगस्त 1978 तक पहले, दूसरे और तीसरे डिप काफी लम्बाई तक परिचालित किए जा चुके थे। अतएव इन साक्ष्यों से यह निष्कर्ष निकलता है कि पूर्वी क्रास कट के दोनों तरफ, 26वें लेवल के नीचे का क्षेत्र संप के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा था ताकि वहां पर ऊर्ध्वमुखी खदानों से जल एकत्रित किया जा सके।

8.8 प्रबंधक वर्ग के गवाह सं० 7 श्री एस० के० भट्टाचार्जी प्रबंधक का कथन है कि 28वें, 29वें और 30वें पूर्वी लेवल उसके सेवा काल में परिचालित किए गए थे। उनके कथनानुसार 29वां पश्चिमी लेवल सामान्य परिस्थितियों में भी शुष्क नहीं किया जा सकता था। उन्होंने 12-7-82 को कार्यभार संभाला था, अतएव वे उस समय की परिस्थितियों के संबंध में ही बयान दे रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्वी उठान डिस्ट्रिक्ट में पंप के नीचे की खदानें संप थीं। हालांकि यह विवाद का प्रश्न था कि क्या 90 हार्स पावर का पंप जैसा कि प्रबंधक-वर्ग के कुछ गवाहों ने अपने शपथ पत्रों या फिर जिरह के दौरान कहा है, 26वें पश्चिमी लेवल से थोड़ा सा नीचे लगाया गया था, या जैसा कि प्लान प्रदर्श 19 में दिखाया गया है। यह 27वें पश्चिमी लेवल से कुछ थोड़ा सा ऊंचा लगाया गया था। इस विवाद का निपटान मैंने अपने इस निष्कर्ष में कर दिया है कि पंप वहीं पर लगा हुआ था जहां यह प्लान, प्रदर्श 19 में दिखाया गया था, किंतु यह निर्विवाद है कि डिप की तरफ के 27वें लेवल से संप का क्षेत्र था, गवाह यह पुष्टि करता है कि चौदहवीं सीमा में खदान के दौरान समुचित हाराईजन नहीं बनाए रखा गया उनके कथनानुसार, मुख्य डिप के 27वें पूर्वी लेवल के अंताग्र और संप-खदान के बीच लगभग 60 फुट का कोयले का अवरोधक था। वे यह भी कहते हैं कि मुख्य डिप से 28वें, 29वें और 30वें लेवल न्यूनाधिक रूप से फर्श के साथ-साथ परिचालित किए गए थे। अत: इसमें ताज्जुब नहीं कि एक खदान उसी सेक्शन की दूसरी खदान के उपर हो।

8.9 ये ड्राईवेज पानी से भरे क्षेत्र जिसे संप कहते हैं- के आस पास ही थे। यह इस बयान से भी स्पष्ट हो गया है कि गवाह ने सहवर्ती डिप से परे, 28वें पूर्वी लेवल के ड्राईवेज को रोक दिया था। वास्तव में गवाह ने 27वें और 29वें लेवल के पूर्व की तरफ वाले ड्राइवेजो को तथा 27वें लेवल को पार करने के बाद 26 वें पूर्वी लेवल के पूर्वी और डिप की तरफ वाले ड्राईवेज को बंद कर दिया था। प्रबंधक वर्ग के गवाह सं० 4 काली पद मंडल 28वें लेवल के पूर्वी अंताग्र को बंद किए जाने का उल्लेख करते हैं, हालांकि वें इसका कारण नहीं जानते। प्रबंधक वर्ग का गवाह सं० 8वें सर्वेक्षक मुखर्जी 27वें लेवल और साथ ही मुख्य डिप के 28वें पूर्वी लेवल के पूर्व दिशा के ड्राईवेजों को बंद कर दिए जाने की बात कहते हैं। इसी तरह कामिक संघ गवाह संख्या 1—सहायक प्रबंध मारेन भी, दुर्घटना से कुछ ही दिन पहले 29वीं पूर्वी लेवल को बन्द करने और उसके तुरन्त बाद 29वें लेवल के तीसरे डिप को चालू करने का हवाला देते हैं। प्रबंधक भट्टाचार्जी और सर्वेक्षक मुखर्जी इन ड्राईवेजों को बन्द करने के कारणों के विषय में स्पष्टतया कहते हैं-कि वे नहीं चाहते थे कि संप समाप्त हो जाए अर्थात् वे चाहते थे कि संप अपेक्षाकृत अधिक धारिता वाला जैसा कि यह उस समय था-हो। प्रबंधक का यह कथन था कि 27वां पश्चिमी लेवल सामान्य परिस्थितियों में भी शुष्क नहीं किया जा सकता था जब तक कि निकासी के लिए एक नाली न बना दी जाए। इस बयान को इसी पृष्ठ भूमि में रख कर समझना होगा। सर्वेक्षक मुखर्जी का कथन है कि 27वें लेवल के चारों डिपो को शुष्क (जल-विहीन) करने के लिये किसी भी समय कोई प्रयत्न नहीं किया गया था। प्रबंधक-वर्ग के गवाह सं० 9 एजेंट का कहना है कि

27वें पश्चिमी लेवल का चौथा डिप संप का ही एक हिस्सा था। इसी प्रकार, तीसरा डिप भी संप का ही एक हिस्सा था और सदैव जल में डूबा रहता था। गवाह ने यह स्वीकार किया है कि 29वां पूर्वी लेवल संप से 60 मीटर के अन्दर परिचालित किया गया था हालांकि उनके कथनानुसार संप को जलाक्रांत क्षेत्र नहीं माना जा सकता।

8.10 उपरोक्त बहस से यह स्पष्ट हो जाता है कि 27वें पश्चिमी लेवल का परिचालन कब और कैसे हाथ में लिया गया और कैसे उन खदानों का संप के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। वास्तव में, 27वें लेवल के डिप अनिवार्य तथा जल से भरे रहते थे और प्रबिन्दु-तल अंकित करने के लिए कहीं कोई प्रयास नहीं किया गया था।

अध्याय 9

प्रबिंदु-तल (स्पाट लेवल)

9.1 फर्श पर प्रबिंदु तल दिखाने से उन भिन्न स्तरों के जिन पर कार्य चालू था, विषय में उपयोगी भूमिगत संकेत मिल जाते हैं और ये प्रबिंदु तल संभवतया कुछ सीमा तक वर्तमान दुर्घटना के संबंध में चेतावनी का कार्य कर सकते थे।

9.2 प्रबिंदु-तल, विनियम 59 के उप-नियम (3)(बी) के अधीन दिखाए जाने आवश्यक होते हैं। विनियम 59 के अंतर्गत जो प्लानें रखनी आवश्यक होती हैं उनमें से एक प्लान खान की भूमिगत प्लान है। उप विनियम 3(बी) का संबंध भूमिगत प्लान से है और उसमें यह उपबंध है कि प्लान में खदान कार्य के फर्श पर निम्नलिखित प्रबिंदु-तल दिखाने भी आवश्यक हैं ;

(1) उन सड़क मार्गों को छोड़कर जहां ट्रामिंग हस्तचालित साधनों से की गई हो और जहां प्रबिंदु-तल उन बिंदुओं पर जो एक दूसरे से 150 मीटर से अधिक दूरी पर न हों, दिखाए गए हों—सभी सड़क मार्ग जंक्शनों पर ढुलाई सड़क-मार्गों के साथ साथ, और

(2) उन मुख्य दिशाओं में भी जो अस्थायी अथवा स्थायी तौर पर त्यक्त कर दी गई हों—ऐसे प्रबिंदु-तल इनके अंतिम सिरों पर दिखाए जाएं।

9.3 निसंदेह यह सत्य है कि प्रबिंदु-तल तब अंकित किए जाते हैं जब खदानें बंद कर दी गई हों किंतु उपर्युक्त विनियम में खदान कार्य के परित्याग की फिर चाहे वे स्थायी हों अथवा अस्थायी बात कही गई है। कामिक संघ गवाह सं.-1 श्री सोरेन की गवाही में यह कहा गया है कि दुर्घटना के समय केवल पांच अंतागों पर कार्य किया जा रहा था। वे मुख्य डिप अंताग्र टगर डिप अंताग्र, 29वें पूर्वी लेवल का तीसरा डिप टगर डिप से परे का 30वें लेवल का अंताग्र और पश्चिमी सहवर्ती डिप। जहां तक अन्य क्षेत्रों का संबंध है, उन्हें चालू अंताग्र नहीं कहा जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रबिंदु तलों को प्रदर्शित करने के विषय में विनियम का हवाला दिया जा रहा है।

9.4 किन्तु यह स्वीकृत स्थिति है कि प्लान प्रदर्श 62 तैयार हो जाने और उस पर सर्वेक्षक द्वारा दिनांक 30.6-82 को हस्ताक्षर कर दिए जाने के बाद किसी भी प्लान पर कोई प्रबिंदु-तल नहीं दिखाए गए थे। प्रबंधक वर्ग के गवाह सं. 8 सर्वेक्षक मुखर्जी ने अपने बयान में यह कहते हैं कि प्रबिंदु-तल इसलिए नहीं दिखाए गए क्योंकि 27वें पश्चिमी तल से परे का तीसरा डिप मलबा से भरा हुआ था जो लेवल तक भी फैल गया था। केवल इसी एक लेवल के संबंध में उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के सामने बयान दिया है कि 27वें लेवल की डिप गलियां सर्वेक्षण के समय जल निमग्न पाई गई और इसी कारण उन्होंने इनको बिंदुकित लाइनों द्वारा प्रदर्शित किया है। बिना कुछ कारण दिए वे कहते हैं कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के सामने दिया गया बयान गलत है। अब उनका कहना है कि से संप में डिप की तरफ की खदानों के तल पर प्रबिंदु-तल नहीं दिखाए पाए क्योंकि एक तो ये खदानें उनके कार्यभार संभालने से पहले की बनी हुई थी और दूसरे वह क्षेत्र बालू से और जल भरा हुआ था जिसके परिणामस्वरूप वे वहां जा नहीं सके। इस प्रकार वे यह स्वीकार करते हैं कि सर्वेक्षण नहीं किया गया किंतु वे इस बात पर अटल नहीं है कि 27वां लेवल जलाक्रांत था।

9.5 प्रबंधक वर्ग के गवाह संख्या 4—एजेंट कुमार यह स्वीकार करते हैं कि प्रबिंदु-तल, ढुलाई सड़क पर प्रदर्श 62 में 23वें लेवल तक और क्रास कट डिप में 27वें लेवल तक जो अंतिम योजना स्थल है, दिखाए गए हैं। वे यह स्वीकार करते हैं कि जहां भी मुख दिशाएं बंद हैं वहां प्रबिंदु-तल नहीं दिखाए गए हैं यद्यपि विनियम 59 के अंतर्गत ये दिखाए जाने आवश्यक थे। वे इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पाए कि प्रबिंदु-तल क्यों नहीं दिखाए गए। अदालती गवाह सं. 2 सर्वेक्षक वर्मा जो जुलाई 1978 से नवंबर 1981 तक वहीं थे उनका कथन है कि अप्राप्य कार्य-प्लान पर प्रबिंदु-तल दिखाए गए थे किंतु वे उन सारी प्लानों के जो इस समय अदालत के सामने थी अतिरिक्त अन्य ऐसी कोई भी प्लानों के बारे में नहीं बता पाए जिनसे इस बयान की पुष्टि हो होती हो कि प्रबिंदु-तल दिखाए गए थे। अदालती गवाह सं. -3 प्रबंधक श्री गुप्ता यह कह कर ही संतुष्ट हो जाते हैं कि इस संबंध में उन्होंने सामान्य अनुदेश दे दिए थे उन्हें यह ज्ञात नहीं है कि उनके अनुदेशों का अनुपालन किया गया अथवा नहीं।

9.6 अदालती गवाह सं. 5 श्री देवेंद्र सिंह का ध्यान खान सुरक्षा महानिदेशक के अगस्त 1978 के पत्र की शर्त सं. 7 की ओर दिलाया गया जिसमें उन्होंने स्तम्भ हटाने की अनुमति दी थी, गवाह से यह पूछा गया कि प्रबिंदु-तल दिखाए गये थे अथवा नहीं उन्होंने ताज्जुब भरा जवाब दिया कि उस शर्त के बावजूद प्रबिंदु-तल दिखाये जाने आवश्यक नहीं थे क्योंकि सोलहवीं सीम जो चौदहवीं सीम के ऊपर है—गत समय में स्तम्भ विहीन कर दी गयी थी और उस तक पहुंचा नहीं जा सकता था। किंतु यह स्पष्ट है कि उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशक को इस शर्त को हटाने के लिए कभी प्रार्थना नहीं की थी। प्रोफेसर श्री मरवाहा द्वारा पूछे

गए एक प्रश्न के उत्तर में उनका कथन है कि उस स्थिति में विनियम 59(3)(बी)(ii) का हवाला नहीं दिया गया जब पूर्वी क्रास कट का 27वां पश्चिमी लेवल और उनके नीचे के लेवल जल में डूब गए थे। दूसरे शब्दों में यद्यपि ये डिप जल से भरे हुए थे फिर भी प्रबंधक वर्ग ने यह महसूस नहीं किया कि इनसे मोटर पंप आदि के प्रयोग द्वारा जल निकाला दिया जाए और प्रबिंदु-तल अंकित कर दिए जाएं इस संबंध में अदालती गवाह नं. 4 श्री पी. सी. श्याम ने यह बयान दिया है कि जब क्षेत्र जल डूबा हो, हम प्रबिंदु-तल नहीं नाप सकते किन्तु उन्हें हम स्कीम के ग्रेडिएंट से माप सकते हैं। इस तरह के प्रबिंदु-तलों का परिकलन ग्रेडिएंट के आधार पर उस स्थिति में नहीं किया जा सकता यदि ग्रेडिएंट सतत हो और यदि खदान कार्य तल अथवा छत अथवा ज्ञात क्षितिज में किया गया हो।

9.7 उपरोक्त बहस से यह प्रतीत होता है कि जहां तक 27वें पश्चमी लेवल के डिपों का संबंध है कोई प्रबिंदु-तल कभी भी मापे नहीं गए। संभवतया यह संकेत दिया गया है कि डिपों का प्रयोग सम्प के रूप में किया जा रहा था और इसलिए प्रबिन्दु-तल अंकित करना ठीक नहीं समझा गया। किन्तु सामान्य स्थिति यह है कि हाल के वर्षों में प्रबिंदु-तल अंकित करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

अध्याय-10

नक्शों में गलतियां और चूकें

10.1 तीसरे डिप, 27 वें पश्चिमी लेवल को तीसरे डिप, 29 वें पूर्वी लेवल से जोड़ना इस दुर्घटना का प्रत्यक्ष कारण है, जिसमें 19 निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई। ऊपर के तीसरे डिप, 27 वें लेवल को संप का पानी तेजी से नीचे की ओर आया, जिसमें सम्पूर्ण क्षेत्र जलमग्न हो गया। प्रबन्धकों ने अपने लिखित बयान, प्रदर्श-5, में कहा है कि अचानक ही एक छेद हो गया था। उन्होंने यह नहीं बताया कि ये दोनों गैलरियां किस प्रकार जुड़ सकीं। पैरा 11,6 में कहा गया है कि कुछ पुराने नक्शों से यह आभास मिलता है कि दुर्घटना वाली पुरानी गैलरी 29 वें लेवल से दूर थी परन्तु दुर्घटना के बाद इसे पानी से खाली करने पर यह बात गलत पाई गई। गवाही के समय वे इस परिणाम पर पहुंचे कि दुर्घटना इसलिए हुई क्योंकि वह नक्शा गलत था जिसके अनुसार वे कार्य कर रहे थे। प्रबन्धक-वर्ग के प्रत्येक गवाह ने गलत नक्शे होने की बात कही है। उन्होंने यह बात भी सामने रखी कि वे जिस नक्शे के अनुसार कार्य कर रहे थे वह अनुरेखण कपड़े वाला था, जो गुम है और न्यायालय के सामने नहीं है। प्रबन्ध गवाह नं.-1, श्री सुधीर कुमार भट्टाचार्य, सर्वेक्षण अधिकारी ने अपने अतिरिक्त शपथ-पत्र में बताया है कि उन्होंने 14 वीं सीम का सर्वेक्षण शाफ्ट लेवल से शुरू किया था, जहां भारतीय खान स्कूल द्वारा सतह से भूमितल में स्थानान्तरित दो स्टेशन मौजूद थे। उन्होंने खान के दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र का सर्वेक्षण किया था। इस पुनःसर्वेक्षण से पता चला कि मुख्य डिप क्षेत्र से सम्बन्धित 29 वें लेवल की सही स्थिति उपलब्ध नक्शे के अनुसार थी; परन्तु पूर्व की ओर के 27वें लेवल के क्षेत्र से पता चलता है कि पहले के नक्शों में इसकी वास्तविक स्थिति उत्तर में लगभग 45 फुट डिप वार बदल दी गई थी। इस स्थानान्तरण की बात दूसरे गवाहों ने भी कही है, जैसाकि प्रबन्धक भट्टाचार्य, प्रबंध गवाह 7 सर्वेक्षक मुखर्जी, प्रबंध गवाह-8 और एजेंट कुमार, प्रबंध गवाह-9। इसके अलावा इन गवाहों ने बताया है कि तीसरे डिप 27 वें पश्चिमी लेवल अर्थात दुर्घटना ग्रस्त पुराने डिप की लम्बाई 100 फुट है, जबकि कार्यकारी नक्शे और अन्य नक्शों से तैयार किए गए नक्शे, प्रदर्श 62 में यह लम्बाई केवल 40 फुट दिखाई गई है। इसका मतलब यह हुआ कि 60 फुट की एक और गलती है। परिणामतः कुल गलती 45 फुट+60 फुट अर्थात 105 फुट की बनती है। इससे उस चौकी का पता ठीक-ठीक नहीं चलता जहां वे काम कर रहे थे और जहां दो गैलरियां अप्रत्याशित और अचानक ही जुड़ गई।

10.2 गवाह भट्टाचार्य, प्रबन्धक, एजेंट कुमार और अदालती गवाह-2 गुप्ता, भूतपूर्व प्रबन्धक के अनुसार वे अनुरेखण कपड़े पर बनाए गए उस नक्शे को, जो गुम है, प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे और उस नक्शे में प्रोजेक्शन दिखाए गए थे। प्रत्येक व्यक्ति का कहना है कि नक्शा कार्यालय में पड़ा था। लेकिन यह नक्शा वह नहीं है जो खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा मंगाया गया था। नक्शे को कब्जे में लेते समय खान सुरक्षा महानिदेशक के पास वह नक्शा उपलब्ध नहीं था, यद्यपि सर्वेक्षक मुखर्जी ने यह कहा है कि सूची-पुस्तक, प्रदर्श 58 में उसका उल्लेख है यह बात सिद्ध नहीं होती कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों ने उस नक्शे को दबा लिया है। वस्तुतः नक्शों और दस्तावेजों को कब्जे में लेते समय पावती दी जाती है। अतः इस संभावना को सहज ही अस्वीकार किया जा सकता है, परन्तु फिर यह नक्शा कहां गया? स्पष्ट है कि किसी ने चोरी से संभवतः गुप्त उद्देश्य से उसे निकाल लिया होगा, क्योंकि उस नक्शे में कई तरह के दोष थे और प्रबंधक वर्ग का उससे पर्दाफाश होता था कि उसने ऐसे दोषपूर्ण नक्शे के अनुसार काम किया। इसलिए नक्शा चुराने वाला व्यक्ति यह चाहता था कि यह सब कुछ न्यायालय की जानकारी में न आए। जो भी हो, हमारा प्रयास होगा कि अब तक जो साक्ष्य रिकार्ड किया गया है, उससे पता लगाया जाए कि क्या प्रबंधक वर्ग परिश्रम करके दुर्घटना के बाद ज्ञात गलतियों का पता लगा सकता था और क्या वह समय पर गलतियों को सुधारने की कार्रवाई कर सकता था हालांकि जो गवाही ली गई है, उससे संभवतः हम ठीक ठीक यह न बता सकें कि ये गलतियां किसने कीं।

10.3 लिखित बयान के अनुसार, राष्ट्रीकरण के बाद विकास का प्रारम्भिक कार्य 1978 तक चलता रहा। सितम्बर, 1978 में खान पानी में डूब गई और चौदहवीं सीम का काम अस्थायी रूप से रोक दिया गया। इसके स्थान पर खंभा हटाने का क्षेत्र तैयार कर दिया गया जिसे खान के उभरे भाग पर पैनल "ई" कहा जाता है। मुख्य डिप क्षेत्र में डिप की तरफ का कार्य छत में मजबूत टेक लगाए बिना पुनः चालू नहीं किया जा सका। पश्चिमी तरफ छत में टांका लगाने के काम को करने के बाद अनछुए क्षेत्र के कार्य को 1981 में पूरा किया गया और डिप की तरफ मध्य पूर्वी खान का काम 1982 में शुरू किया गया। यह कार्य खम्भ हटाने के काम के साथ ही साथ किया गया, जिसकी अनुमति

अगस्त 1978 में ली गई थी। किन्तु दिसम्बर 1978 में ही यह बात मालूम थी कि इग्लिाडीह खान के नक्शों के संबंध में सारी बातें संतोषजनक नहीं हैं।

10.4 अदालती —गवाह 7 तपन मजूमदार, उपनिदेशक ने 28.12.1978 को अन्य सीमों के साथ-साथ चौदहवा सीम का भी निरीक्षण किया था। उनकी 'उल्लघंन' रिपोर्ट प्रदर्श 87 से पता चलता है कि उनको जो पी-2/हुरि/एस और पी-3/हुरि/एस नक्शे दिए गए थे, उनमें इस बात का प्रमाण-पत्र नहीं था कि नक्शों की नकल किन्ही खास नम्बर के पुराने नक्शों से की गई है और वे सही है। पी-2/हुरि/एस नक्शे में बैंच मार्क के ब्यौरे नहीं दिखाए गए थे और सर्वेक्षक को इनकी जानकारी नही थी। पी-3/हुरि/एस नक्शे में बिन्दु लेवल अपेक्षित स्थानों में नहीं दिखाए गए थे। वह नक्शा अद्यतन नहीं था और पिछली बार उस पर 1-10-1977 को हस्ताक्षर किए गए थे। गवाह का निर्देश था कि नया संयोजन और सर्वेक्षण किया जाना चाहिए और नया नक्शा भी तैयार किया जाना चाहिए।

10.5 यदि इस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाता और इस पर सावधानीपूर्वक अनुवर्ती कार्यवाही की जाती तो इससे प्रबंधकों को नक्शे में संशोधन करने का अच्छा मौका मिलता क्योंकि जिस गलती का अब पता लग गया है उसे दूर किया जा सकता था। दूसरी बार सावधानी बरतने का मौका तब आया जब प्रबन्धक गुप्ता, अदालती गवाह 3 ने 6-11-1978 को कार्यभार रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट, प्रदर्श 84 में उन्होंने नक्शे की अशुद्धि के बारे में उल्लेख किया है। सभी सीमों के बारे में सामान्य सूचना देने के बाद उन्होंने संचालन के बारे में लिखा, और उसके बाद पानी के खतरे के बारे में अपनी बात कहते हुए उन्होंने दो पैरा लिखे, जो इस प्रकार है :—

"4 पिछला सर्वेक्षण गलत प्रतीत होता है, और इसलिए नक्शों को सही होने का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता। नवीन सर्वेक्षण करना होगा और नए नक्शे तैयार करने होंगे।" सीमों का सर्वेक्षण लगभग पूरा हो गया है और आरोपण कागज आदि मिलते ही उन्हें आलेखित किया जा सकता है।

"5 नए सर्वेक्षण के अनुसार एक और विकास प्रक्षेप नक्शा तैयार किया गया है और क्षेत्र प्रबन्धक (तकनीकी) द्वारा अनुमोदित किया गया है; आगे का विकास कार्य इस प्रक्षेप के अनुसार किया जाना है।" इन टिप्पणियों को पढ़ने मात्र से पता चलता है कि तत्कालीन प्रबन्धक नक्शों के सही होने के बारे में संतुष्ट नहीं थे। वे नवीन सर्वेक्षण चाहते थे, परन्तु ग्यारह सीमों का सर्वेक्षण लगभग पूरा हो चुका था और उस सर्वेक्षण के आधार पर आगे के कदम सुझाए गए थे।

10.6 उनके मौखिक साक्ष्य से पता चलता है कि कार्यभार रिपोर्ट के पैरा 4 में प्रयुक्त अभिव्यक्ति "पिछला सर्वेक्षण" से उनका अभिप्राय बी.सी.जी.एल. तथा भूतपूर्व प्रबन्धकों द्वारा तैयार की गई चौदहवीं सीम के ऊपर की ओर से 27वें लेवल से लेकर किए गए सर्वेक्षण से है। ग्यारहवीं सीम का पुनः सर्वेक्षण करने के बाद उन्हें संदेह हुआ। वहाँ अशुद्धियां मिलने के कारण, उसी प्रकार की अशुद्धियां चौदहवीं सीम में होने का उन्हें संदेह हुआ। यह खेद का विषय है कि प्रदर्श 84 के विवरणों या प्रदर्श 87 में सुझाई गई बातों को उतनी गम्भीरता से नहीं लिया गया, जितनी गम्भीरता से उन्हें लिया जाना चाहिए था, हालांकि ये अशुद्धियां ऐसी नहीं थी, जिनसे प्रबन्धक-वर्ग उत्साहित होकर कार्य शुरू करता।

10.7 तत्कालीन एजेन्ट देवेन्द्र सिंह, अदालती गवाह 5 का इस सम्बन्ध में कहना है कि उन्होंने खान बंद करने की बात नहीं सोची थी क्योंकि उस समय विकास कार्य चल रहा था। जब उनसे खास तौर पर प्रश्न किया कि प्रदर्श 87 में दिखाई गई गलतियों को ठीक करने के लिए उन्होंने क्या किया तो कहा कि उन्होंने प्रबंधक और सर्वेक्षक से 3 गलतियों को ठीक करने के लिए कहा था। यह भी कहा जाता है कि पुनः सर्वेक्षण का काम हाथ में लिया गया।

10.8 दलीलों में पुनः सर्वेक्षण के बारे में बहुत कुछ कहा गया है और यह दिखाने की कोशिश की गई है कि काम को हर तरह से सही करते हुए भी दुर्भाग्य से दुर्घटना हो गई। इस प्रकार यह कहा गया है कि प्रबन्धक-वर्ग ने परिश्रम किया परन्तु ईमानदारी से अपने पूरे प्रयास करने के बावजूद दुर्घटना हो गई। मैं इस दलील को नहीं मानता हूं। चौदहवीं सीम का तथाकथित पुनः सर्वेक्षण सितम्बर 1983 तक पूरा नहीं हुआ था, हालांकि जैसा कहा जाता है, इसका काम वर्ष 1979 के समाप्त होने से पहले हाथ में ले लिया गया था। यह सोचना भी मुश्किल है कि सीम के पुनः सर्वेक्षण का काम लगभग 4 वर्ष चलता रहा। पुनः सर्वेक्षण चलता रहा इस मामले के समर्थन में प्रबंधकों की ओर से दलील दी गई है कि खान सुरक्षा महानिदेशक इस बात को जानते थे और इसलिए दंड देने संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की गई। यह सच है कि खान सुरक्षा महानिदेशक को और आगे निरीक्षण करने का अवसर मिला, जैसा कि रूपरेखा - प्रदर्श 88 से पता चलता है। 28-12-78 के निरीक्षण के बाद और बहुत से निरीक्षण हुए, जिनमें से कुछ आंशिक निरीक्षण थे और वर्ष 1981 में कम से कम एक सामान्य निरीक्षण किया गया था। यह भी सच है कि गवाह पी.सी. श्याम (अदालती गवाह 4) और गवाह मुखर्जी (अदालती गवाह 7) ने प्रश्नोत्तर में बताया कि उन्होंने मामले में अनुवर्ती कार्यवाही इसलिए नहीं की क्योंकि वे जानते थे कि प्रबन्धक-वर्ग काम कर रहा है। किन्तु इन उत्तरों को पूरी तरह सही नहीं माना जा सकता। यदि पुनः सर्वेक्षण का काम दोष मालूम हो जाने के तुरन्त बाद, जिस समय

शुरू हो गया होता तो इसमें इतना लम्बा समय नहीं लगना चाहिए था।

10.9 इस बारे में ध्यान देने योग्य बात यह है कि एजेन्ट (अदालती गवाह 5) का कहना है कि प्रबन्धक को पुनः सर्वेक्षण के बारे में दी गई हिदायतें लिखित रूप में नहीं थी। अदालती गवाह 7 ने भी कहा है कि चौदहवीं सीम की चौतरफा जांच करने में छाई महीने लगेंगे बशर्ते कि एक दल को पूरे समय के लिए इस काम पर लगा दिया जाय। एक दल से मतलब है - एक सर्वेक्षक, एक सहायक सर्वेक्षक और तीन चेनमैन। कुछ यूनियनों ने इस बात पर जोर दिया है और जिस प्रकार से अदालती गवाह 7 ने साक्ष्य दिया है, उससे भी साफ है कि खान सुरक्षा महानिदेशक पर आवश्यकता से अधिक काम का बोझा है। कहा गया है कि प्रबन्धक वर्ग काम कर रहा था परन्तु इस बारे में न्यायालय को विश्वास हो सके, ऐसी कोई सामग्री पेश नहीं की जा सकी। किसी भी बात से पता नहीं चलता कि प्रबन्धकों और खान सुरक्षा महानिदेशक के बीच पुनः सर्वेक्षण विषय पर नियमित पत्राचार हुआ हो। मेरे सामने इस प्रकार का कोई पत्र पेश नहीं किया गया। यह बात प्रबन्धकों की जानकारी में थी कि किसी विशेष समय पर और समय-समय पर पुनः सर्वेक्षण के कार्य में जितनी प्रगति हुई। इस बारे में क्षेत्र पुस्तिका, कच्चे नक्शे आदि जैसी सामग्री होनी चाहिए जिससे पुनः सर्वेक्षण के बारे में कदम-कदम पर हो रही क्रमिक प्रगति का पता चल सके। इस तरह की कोई सामग्री पेश नहीं की गई। न्यायालय को केवल मौखिक बयान ही मिले हैं कि पुनः सर्वेक्षण चालू था। यह भी नहीं बताया गया कि काम कब समाप्त होता नजर आता था। सारांश यह है कि "पुनः सर्वेक्षण चालू होने" की बात केवल रक्षात्मक उपाय के रूप में इस्तेमाल की गई है, यह मानते हुए कि खान सुरक्षा महानिदेशक का कार्यालय, जो खामोश था, असहमति प्रगट नहीं कर सकता। प्रतीत होता है कि खान सुरक्षा महानिदेशक का कार्यालय इसलिए खामोश रहा क्योंकि निरीक्षण की जाने वाली खानों की इतनी अधिक संख्या है कि उनका निरीक्षण करना उनके बूते से बाहर था। यदि इस अवसर पर हुरिलाडीह कोयला खान के सर्वेक्षण के काम में अत्यधिक सतर्कता रखने का समय उनके पास नहीं मिल सका तो वे ऐसा ही उत्तर दे सकते थे, जैसा कि उन्होंने दिया है। परन्तु यह दलील नहीं दी जा सकती कि खान सुरक्षा महानिदेशक के नियंत्रण के अभाव में खान में काम करने वाले व्यक्तियों की कोई जिम्मेदारी नहीं है। यह साफ जाहिर है कि उन लोगों की यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे खानों में सुरक्षा के लिए कानूनी अपेक्षाओं का पूर्णरूप से पालन करें। यह उनकी अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी थी कि वे सही मार्ग पर रहते और इस बात में सतर्क रहते कि खानों के सर्वेक्षण नक्शे सही किए जाएं और गलत नक्शों के कारण किसी दुर्घटना होने की गुंजाइश न रहे।

10.10 इस प्रसंग में यह मालूम करना उपयोगी होगा कि प्रबंधकों ने जिस ढंग से सर्वेक्षण और संबद्ध मामलों को लिया और कार्रवाई की गई है, इस बारे में रिकार्ड पर जो साक्ष्य उपलब्ध है, उससे क्या परिणाम निकलता है। लिखित बयान और मौखिक रूप से भी सह-संबंध सर्वेक्षण का उल्लेख हुआ है, परन्तु वह तो समुचित अभिविन्यास के लिए भारत कोकिंग कोल लि. की सभी खानों को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने और एक सामान्य संदर्भ ग्रिड बनाने के उद्देश्य से था। यह काम जियोडलाइट तथा भारत के सर्वेक्षण कार्यालय की अनुसंधान शाखा को सौंपा गया था और जैसा कि अदालती गवाह 5 ने कहा है, यह काम 1980 में समाप्त हो गया था, जब सतह पर दो स्टेशन स्थापित कर दिए गए थे। स्पष्ट है कि यह काम संपूर्ण झरिया कोयला खान को सह-संबद्ध करने के लिए हाथ में लिया गया था। हुरिलाडीह के भूमिगत सर्वेक्षण का काम अखिल भारतीय संगठन द्वारा नहीं किया जाना था; वह काम खानों में काम कर रहे लोगों का था। अदालती गवाह, 2, सर्वेक्षक श्री वर्मा, 1978 से 1981 के दौरान कोयला खान से संबद्ध थे, उनका कहना है कि उन्होंने चौदहवीं सीम का बंद परिपथ सर्वेक्षण किया, परन्तु उनके द्वारा आकलन और आलेखन करने से पूर्व ही उनका तबादला हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने 20वें लेवल तक का बंद परिपथ सर्वेक्षण समाप्त कर लिया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि वे नक्शे को अद्यतन बना रहे थे। उन्होंने अपनी क्षेत्र-पुस्तिका प्रदर्शन 69 में प्रविष्टियां की और यह पुस्तक उन्होंने प्रबंधकों को सौंप दी थी, परन्तु जहां तक कोयला खान विनियम 60 के अनुपालन का संबंध है, उनका कहना है कि उन्हें यह याद ही कि उन्होंने नक्शे खान सुरक्षा महानिदेशक को नियमित रूप से भेजे थे या नहीं। उनके अनुसार 29 जुलाई 1978 से खानें जलमग्न थी और जैसे ही उनका पानी निकाल दिया गया, विकास कार्य शुरू हो गया। फिर, उनके साक्ष्य से पता चलता है कि किस प्रकार से ड्राइवेज के काम में प्रगति हुई है जो कि हम 27वें पश्चिमी लेवल के ड्राइवेज के बारे में चर्चा करते हुए देख चुके हैं।

10.11 अदालती गवाह 5 एजेंट देवेंद्र सिंह ने भी कहा है कि चौदहवीं सीम का पुनः जांच सर्वेक्षण उनके कार्य-काल में हुआ था, परन्तु आलेखन करने का काम उस समय नहीं किया गया था। उन्होंने विशिष्ट रूप से बताया कि सभी प्रवण्य भागों का सर्वेक्षण किया गया था। प्रबंध-गवाह प्रबंधक भट्टाचार्य ने अपनी गवाही में बताया कि पश्चिमी तरफ का बंद परिपथ सर्वेक्षण किया गया था। यह मुख्य डिप से पश्चिमी की तरफ 20वें या 23वें लेवल के पास था। प्रबंध गवाह 8 सर्वेक्षक मुखर्जी का कहना है कि जुलाई 1978 से नवम्बर 1981 तक वे चौदहवीं भूमिगत सीमा के सर्वेक्षण कार्य से संबद्ध थे। उनके कार्यकाल में मुख्य परिपथ पूरे कर लिए गए थे, आकलन हो गया था और कपड़ा-चढ़े कागज पर; जो अब न्यायालय के सामने प्रदर्श 62 के रूप में है, आलेखन कर लिया गया था। सर्वेक्षण कार्य वर्मा और अधिकारी सर्वेक्षकों ने किया था। नवंबर 1981 में सांविधिक सर्वेक्षक के रूप

में कार्यभार संभालने पर उन्होंने विकास कार्य प्रणाली का सर्वेक्षण हाथ में लिया। यह 23वें पश्चिमी लेवल के मुख्य डिप सेक्शन और उसमें नीचे का सर्वेक्षण था। उन्होंने आगे प्रत्युत्तर में बताया कि विनियम 58(3) के उपबंध के अनुसार वे हर तिमाही में सर्वेक्षण नहीं करते थे क्योंकि उनका समय बहुत से ऐसे कार्यों में लग जाता था जो सांविधिक कार्यों के अंतर्गत नहीं आते। वह प्रवणता लाइन का निर्देशन नहीं कर रहे थे क्योंकि प्रवणता लाइन के काम में झामा लगा हुआ था और वह लाइन स्वतः इधर-उधर हो सकती थी।

10.12 अतः यह स्पष्ट है कि बंद परिपथ सर्वेक्षण का कार्य नक्शे में दो बार गलतियों की अधिसूचना के बाद किसी समय हाथ में लिया गया था परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि 29वें पूर्वी लेवल तथा 27वें पश्चिमी लेवल, जिनमें हमारा संबंध है, दोनों में ही बंद परिपथ सर्वेक्षण नहीं हुआ। पूर्वी क्रास कट के 27वें पश्चिमी लेवल के संबंध में ब्यौरों, अर्थात् ड्राइवेज अंक शुरू हुआ तथा कहां तक डिप खोदा गया, के बारे में हम पहले ही चर्चा कर चुके हैं। खंभे हटाने की अनुमति अगस्त 1978 में दे दी गई थी। उस समय 'ई' पैनल दर्शाते हुए एक नक्शा पेश किया गया था और मान लिया जाता है कि उस हिस्से का सर्वेक्षण अवश्य हुआ होगा। परन्तु उस समय गैलरी या लेवल थी ही नहीं। 29वें पूर्वी लेवल और अन्य दो लेवलों अर्थात् 27वें पूर्वी लेवल तथा 28वें पूर्वी लेवल को प्रबंधक भट्टाचार्य के कार्यकाल में शुरू किया गया था। 27वें पूर्वी लेवल को कब शुरू किया गया, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। प्रबंध गवाह 7 प्रबंधक भट्टाचार्य से पता चला कि छुट्टी के दौरान उनकी अनुपस्थिति में 28वें पूर्वी लेवल का काम पूर्व की ओर आगे बढ़ रहा था। परन्तु उन्होंने लौटने पर अपना कार्यभार संभालते ही ड्राइवेज रुकवा दिया क्योंकि व चाहते थे कि संप ज्यों को त्यों बनी रहे। प्रबंध गवाह 8 मुखर्जी ने भी हमें जानकारी दी कि 29वें लेवल का काम दुर्घटना से लगभग एक या दो महीने पहले शुरू हुआ था और इसके एकदम आखिरी पूर्वी मुंह पर किए जा रहे काम को रोक दिया गया था ताकि संप न बिखरे।

10.13 इस ड्राइवेज को रोकने के तुरन्त बाद, 29वें पूर्वी लेवल की तीसरे डिप के काम को हाथ में लिया गया। इस प्रकार तीनों लेवलों और उनकी डिपों के ड्राइवेज के बारे में उस भाग की कार्य प्रणाली की धुंधली सी तस्वीर ही है। अब हम जानते हैं कि प्रबंधक भट्टाचार्य के शब्दों में 26वें पूर्वी लेवल और 25वें पश्चिमी लेवल को जोड़ दिया गया था। वस्तुतः यह एक और उसी लेवल पर है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि संप की ओर किए जा रहे कार्य का बंद परिपथ सर्वेक्षण करने का शानदार अवसर उसे आरंभ न करके गंवा दिया गया।

10.14 यह मालूम करना उपयोगी होगा कि प्रबंधकों ने सर्वेक्षण कार्य करते समय कितनी परवाह और सावधानी बरती। गवाह भट्टाचार्य का कहना है कि कोयला खान विनियम 59(3) के उपबंध के अनुसार उन्हें आशा थी कि वे प्रत्येक तिमाही में नक्शा बनाए रखे रहेंगे, परन्तु सर्वेक्षक ने न तो कार्यकारी नक्शे पर और न ही कपड़ा चढ़े कागज के नक्शे पर आलेखन किया। उन्होंने वायदा किया था कि वे कपड़ा चढ़े कागज के नक्शे को उसके पूरा होने के बाद लाएंगे। परन्तु प्रतीत होता है कि ऐसा नहीं हुआ और गवाह ने पूरी सतर्कता या काम को शीघ्र समाप्त करने का कष्ट नहीं उठाया। स्पष्ट है कि वे कोयला खान विनियम 60 के अनुबंध के अनुसार नक्शा प्रस्तुत नहीं कर सके। जाहिर है कि जहां तक 6-4-1983 वाले प्रदर्श 43 का संबंध है उनका कहना है कि यह अनुरेखबंद कपड़े पर बने कार्यकारी नक्शे की प्रति है। गवाह ने बताया कि प्रदर्श 62 विनियम 59 (10) (ख) के उपबंध के अनुसार भूमिगत भाग का नक्शा है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि गुमशुदा अनुरेखण कपड़े के नक्शे को पुस्तिका, प्रदर्श 58, में दर्ज किया गया था, जैसा कि विनियम 63(4) में अपेक्षित है। प्रदर्श 59 जिल्द चढ़ी और पृष्ठ संख्या अंकित पुस्तक है जिसे विनियम 49 (2) के अधीन बनाया गया था परन्तु उसमें पानी के बारे में ऐसी कोई प्रविष्टि नहीं है, जिससे पता चल सके कि कौन से पानी दुर्घटना हुई। उन्होंने स्वीकार किया कि विनियम 59(ख) के अनुसार वे बिंदु रेखाएं जिनमें तिमाही प्रगति और तारीख दी जाती है, किसी भी नक्शे में नहीं है।

10.15 यही स्थिति सर्वेक्षक मुखर्जी की है। वे दास, मेहता और वर्मा के साथ एक सर्वेक्षक थे तथा नवम्बर 1981 से कानूनी रूप से सर्वेक्षक बन गए थे। इनका कहना है कि पूर्वी क्रास-कट के 27वें पश्चिमी लेवल का सर्वेक्षण उनके कार्यभार संभालने के बाद नहीं हुआ, हालांकि काम चल रहा था। उन्होंने अनुरेखण कपड़े वाले नक्शे के गुम होने की बात कही और उस नक्शे के बारे में प्रदर्श 58 के पृष्ठ, 8 क्रम सं. 4 की प्रविष्टि का उल्लेख किया। परन्तु उन्होंने भी स्वीकार किया है कि प्रदर्श 43, जिसे कार्यकारी नक्शा कहा जाता है, की प्रविष्टि प्रदर्श 58 में नहीं है। उनके अनुसार प्रदर्श 43 रोजमर्रा के काम के लिए तैयार किया गया था और इसलिए रजिस्टर में प्रविष्टि नहीं की गई। प्रदर्श 62 कपड़ा चढ़े कागज वाले नक्शे में 'प्रतिबंध' 'अनुमति' आदि शब्द हैं, परन्तु जिसने यह नक्शा बनाया, उसके हस्ताक्षर नहीं हैं। गवाह के अनुसार यह इसलिए हुआ क्योंकि वे उस समय सहायक के रूप में काम कर रहे थे। कार्यभार संभालने के बाद वे उसकी शुद्धता के बारे में संतुष्ट थे और इसलिए उन्होंने प्रदर्श 62 पर हस्ताक्षर कर दिए, परन्तु साथ ही तुरन्त यह भी जोड़ दिया कि उन्होंने संपूर्ण नक्शे की जांच नहीं की थी। उन्होंने केवल 28वें लेवल के नीचे मुख्य डिप के पूर्वी तरफ के हिस्से में आलेखन अंकित किया था, लेकिन उन्होंने इसकी जांच नहीं की। उन्होंने मुख्य डिप 4 के 26वें पूर्वी लेवल का सर्वेक्षण और आलेखन किया था। वह भी बंद परिपथ नहीं था, बल्कि खुला परिपथ था। उसका संबंध मुख्य डिप के 28वें पूर्वी लेवल से था जिसका काम दुर्घटना होने से 1 1/4 महीने पहले शुरू हुआ था। सर्वेक्षण कार्य लगभग 9 या 10 सितम्बर 1982 को किया गया था प्रदर्श 62वें

सर्वेक्षक के 3-6-1982 के हस्ताक्षर हैं, परन्तु प्रबंधक ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उनका कहना है कि वे जुलाई 1982 में स्थानांतरित हो गए थे।

10.16 जहां तक गुमशुदा अनुरेखण कागज पर नक्शे का प्रश्न है, इसके बारे में उनका ध्यान विनियम 59 (1) (घ) की ओर दिलाया गया, जिसमें इस प्रकार के नक्शों को सीधे सपाट स्थिति में रखने की व्यवस्था है। परन्तु उन्होंने बताया कि अनुरेखण कागज वाले नक्शे को सीधा सपाट स्थिति में रखते थे। 29वें पूर्वी लेवल का काम उनके कार्यकाल में शुरू हुआ। परन्तु उन्होंने कोयला खान विनियम 49(2) (क) के अनुसार जिल्दबंद संख्या अंकित पुस्तक में रिकार्ड नहीं रखा। गुमशुदा नक्शे के संदर्भ में उनका कहना है कि पूर्वी क्रास कट के 27 वें पश्चिमी लेवल के डिप उस नक्शे में स्पष्ट रेखा के रूप में दिखाए गए थे। विनियम 49(2) के बारे में उनका कहना है कि उन्हें कोई संदेह नही था और इसलिए जिल्दबंद पृष्ठ संख्या अंकित पुस्तक में यह प्रविष्टि नहीं की। उनका ध्यान दो नक्शों, प्रदर्श 63 व 64 में प्रक्षेप रेखाओं की ओर दिलाया गया। उनके अनुसार प्रदर्श 63 पर उन्होंने प्रक्षेप रेखाएं नही बनाई। वे नहीं जानते कि ये रेखाएं किसने बनाई। लेकिन प्रदर्श 64 की प्रक्षेप रेखाएं उन्होंने बनाई थीं। परन्तु उन्होंने यह बात नहीं मनी कि यदि प्रदर्श 63 में दिखाई गई प्रक्षेप रेखाओं के अनुसार विकास कार्य किया जाता तो कोई दुर्घटना न होती।

10.17 गवाह ने दुर्घटना के बाद खान सुरक्षा महानिदेशलय के अधिकारियों को नक्शा बनाने संबंधी उनके द्वारा किए गए कुछ कार्य के बारे में बयान दिया था। खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्वी क्रास-कट हिस्से के 27वें लेवल की डिप गैलरियों को बिंदु रेखा द्वारा अंकित किया था, क्योंकि जब उन्होंने 27वें लेबल का सर्वेक्षण किया तो उस समय वह पानी में डुबी थी। अब उनका कहना है कि वे कीचड़ और पानी से भरी थीं और इस बात से इंकार करते हैं कि उन्होंने इनका सर्वेक्षण किया था। उनका कहना है कि बयान में गलती घबराहट के कारण हुई है।

10.18 उनका कहना है कि वे एक अलग विभागीकृत नक्शा तैयार कर रहे थे और इसलिए उन्होंने प्रदर्श 16 पर हस्ताक्षर नही किए। परन्तु न्यायालय के सामने कोई अलग नक्शा नहीं है। उन्होंने बचाव नक्शा प्रदर्श 15 पर 30-6-1982 को हस्ताक्षर किए, परन्तु प्रदर्श 16 पर हस्ताक्षर न करने के लिए दिए गए कारण को देखते हुए यह मतलब निकालना होगा कि संभवतः उन्हें यह नक्शा महत्वपूर्ण नहीं लगा। 30-6-1982 के बाद यहां तक कि प्रदर्श 15 पर भी हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं और इसके लिए उनका कहना है कि वे सर्वेक्षण की तैयारी में पूरी तरह व्यस्त रहे। प्रदर्श 15 में उन्होंने 29वें पूर्वी लेवल और इसके सभी डिप को दिखाया है। परन्तु उनका कहना है कि इन खदानों को दिखाने के बाद उस नक्शे पर हस्ताक्षर करना उन्होंने आवश्यक नहीं समझा।

10.19 उनके कथनानुसार पेंसिल से चिह्न दुर्घटना से लगभग 6-7 दिन पहले लगाए गए थे और इनमें से कुछ दुर्घटना से 1/2 महीने पहले भी लगाए गए थे। ये निशान पेंसिल से इसलिए लगाए गए क्योंकि उस समय परिपथ बंद नही था। उनकी अच्छी खासी दलील यह है कि किसी ऐसी गलती को पकड़ने का कोई विशेष तरीका नहीं है कि जब नक्शे में ड्राइवेज 40 फुट दिखाया गया हो और ड्राइवेज वस्तुतः 100 फुट हो।

10.20 उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों को दिए गए अपने किसी ऐसे बयान से इंकार कर दिया जिसमें उन्होंने मुख्य नक्शों में बिंदु रेखाओं के रूप में जलमग्न डिप गैलरियां दिखाई हों परन्तु कुछ अन्य नक्शों में उन्होंने उन गैलरियों को खुला भी दिखाया है। यह गलत बयान क्यों दिया गया, इसका वे कोई कारण नहीं बता सके हैं। उनके कार्यकाल में ही मुख्य डिप के 26वें पूर्वी लेवल और क्रास कट के 25वें पश्चिमी लेवल को जोड़ा गया था। उसके अनुसार इन्हें संवातन और पूर्वी हिस्से के निरीक्षण की सुविधा के प्रयोजन से जोड़ा गया। खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने उनका बयान था कि ऐसा पानी के स्तर की जांच करने के लिए किया गया। जब उनका ध्यान खान सुरक्षा महानिदेशक के सामने उनके इस बयान की ओर दिलाया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें जोड़ने का यह भी एक कारण था। हालांकि पानी के स्तरों की जांच की जानी थी, परन्तु उन्होंने यह आवश्यक नही समझा कि पूर्वी क्रास-कट के 27वें पश्चिमी लेवल के उन सिरों के अंत में स्टाट लेवल दिखा दिए जाएं जो रोक दिए गए थे। 25वें और 26वें लेवलों को जोड़ने के लिए उनके द्वारा दिए गए तीसरे कारण को देखते हुए ऐसा लगता है कि जैसा मैंने पहले कहा कि यह बंद परिपथ सर्वेक्षण करने का अच्छा अवसर हो सकता था। तब प्रबंधकों को मुख्य डिप के पूर्व और पश्चिम दोनों भागों में तथा 29 वें और 27वें पश्चिमी लेवल, जहां दुर्घटना हुई, के बारे में नवीनतम विकास कार्य की निश्चित और विश्वसनीय स्थिति का पता लग जाता। यदि इसे तुरन्त कार्यान्वित कर दिया जाता तो विभिन्न लेवलों और डिपों के कार्यों की वास्तविक स्थिति मालूम की जा सकती थी और संभवतः दुर्घटना की स्थिति से बचा जा सकता था। संभवतः प्रबंधकों के पास इस प्रकार के उपाय करने का न समय था और न ही उन्होंने सोचा था।

10.21 उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने विनियम 59(3) के अनुबंधानुसार तिमाही सर्वेक्षण नहीं किया और उनका कहना है कि ऐसा सांविधिक कार्यों के अलावा अन्य कार्यों में लगे रहने के कारण हुआ। निश्चय ही, ऐसी स्थिति में वे या तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर सकते थे या राहत की मांग कर सकते थे। परन्तु उन्होंने अपने कर्त्तव्य का पालन न करते हुए पूरी तरह से शिथिलता बरतने का रवैया अपनाया और अपने कर्त्तव्यों की अनदेखी की।

10.22 आइए, अब हम देखें कि एजेंट कुमार सर्वेक्षण और खदानों के बारे में क्या कहते हैं। उनका ध्यान मुख्य डिप के

पूर्व में तीसरे डिप के 29वें लेबल, प्रदर्श 62 (जिसकी एक प्रति प्रदर्श 14 है) में प्रक्षेपों की ओर दिलाया गया। एजेण्ट बनने से पहले वे हुरिलाडीह कोयला खान के प्रबंधक थे। उनका कहना है कि प्रबंधक के रूप में उन्होंने प्रक्षेपों का कार्य टगर डिप तक किया था। आगे के प्रक्षेपों का काम संबंधित प्रबंधक द्वारा किया गया था जो उन्हें उनके बारे में सूचित करते रहते थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने चौदहवीं सीम के पुनः सर्वेक्षण वाले नक्शे पर हस्ताक्षर कर दिए थे, हालांकि सर्वेक्षण पूरा नहीं हुआ था। 5 सितम्बर 83 को वे भूमितल में गये थे। और उस समय 29वें पूर्वी लेबल का ड्राइवेज शक्तिशाली विस्फोट द्वारा किया जा रहा था। यह कार्य दूसरे डिप से और आगे लगभग 25 फुट तक बढ़ गया था। जैसा कि अब हम जानते हैं कि इसके आगे पूर्व की ओर यह कार्य रोक दिया गया था। प्रबंधक के रूप में उन्होंने ड्राइवेज का कोई रिकार्ड नहीं रखा। वे नक्शे पर निर्भर रहे। उन्होंने स्वीकार किया है कि 29वें पूर्वी लेवल का आम संप खदान, अर्थात् क्रासकट से 27वें पश्चिमी लेवल सहित खदान के 60 मीटर अन्दर किया जा रहा था। दूसरे शब्दों में यह बात स्पष्ट रूप से मान ली गई लेवल पानी के भंडार की ओर बढ़ रहा था और उसकी दूरी 60 मीटर से कम थी। स्पष्ट है कि किसी भी छेद आदि करके कोई भी पूर्वोपाय करने का कष्ट नहीं उठाया। विनियम 127 लागू होता है या नहीं, इस बारे में अलग से चर्चा की गई है। परन्तु इस स्थिति में एक प्रश्न उठाया जा सकता है कि क्या पूर्वोपाय किए बिना आगे काम बढ़ाना बुद्धिमता थी, जबकि आगे 9 लाख गैलन की क्षमता वाला सप दिखाई दे। ऐसा लगता है कि अधिक सावधानी की जरूरत थी जो नहीं बरती गई।

10.23 गवाह ने जवाब में कहा कि विनियमों के अनुसार तिमाही सर्वेक्षण किए जाते थे, परन्तु अपने बयान को सिद्ध करने के लिए वे ऐसे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके जिससे पता चलता कि 30-6-1982 के बाद तिमाही सर्वेक्षण किए गए। उनका कहना है कि एजेंट बनने के बाद यह काम प्रबंधक को सौंपा गया था। असेसर के सवाल के जवाब में उन्होंने आगे यह स्वीकार किया कि यह उनका कर्त्तव्य था कि वे यह देखे कि तिमाही सर्वेक्षण किएं जाते हैं, परन्तु स्पष्ट है कि वे अपने कर्त्तव्य निर्वाह में असफल रहे। उन्होंने एक गोलमोल जवाब दिया कि उन्हें याद नहीं कि मुख्य डिप के 27वें, 28वें और 29वें पूर्वी लेवलों का ड्राइवेज कब शुरू हुआ था परन्तु जब उनसे 28वें पूर्वी लेवल के रोक देने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया है कि काम रोकने से पहले प्रबंधक ने उनसे परामर्श किया था अतः स्पष्ट है कि प्रबंधक ड्राइवेज के बारे में अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करते रहे हैं। इस मामले में, 29वें पूर्वी लेवल और 27वें पश्चिमी लेवल के ड्राइवेज अधिक संगत हैं, परन्तु यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि प्रबंधक द्वारा उच्चाधिकारियों को घटनाओं की जानकारी दी जाती रही। गवाह का ध्यान प्रदर्श 18 में प्रक्षेप की ओर दिलाया गया। उन्होंने माना कि गलत नक्शों के कारण दुर्घटना हुई। गवाह का ध्यान कोयला खान विनियम 64(4) की ओर दिलाया गया, जिसमें निहित है कि यदि सर्वेक्षण खदान के किसी भाग को नहीं दिखाता है या उनसे कोई भाग दिखाना छूट जाता है या नक्शों अथवा सेक्शनों में गलतियाँ होने देता है तो एजेंट या प्रबंधक जिम्मेदार होते हैं। गवाह ने मुंहफट उत्तर दिया है कि यह एक थोपी गई जिम्मेदारी है। गवाह ने यह भी कहा कि क्रासकट के 27वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप का काम कभी भी उसके कार्यकाल में नहीं हुआ। इसलिए उन्होंने स्वीकार किया कि सिरे का कार्य बंद कर दिया गया और उन्होंने सहमति प्रकट की थी कि विनियम 59 (3) (ख) को लागू होता है परन्तु स्पाट लेवलों को न दिखाए जाने के बारे में उन्होंने यह दलील दी कि संप के रूप में प्रयुक्त होते थे।

10.24 मैं पहले ही इस बारे में चर्चा कर चुका हूं कि हुरिलाडीह कोयला खान के प्रबंधकों ने स्पाट लेवलों को चिह्नित करने के काम एक लंबे समय तक कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जैसा कि पूर्वोक्त पैराओं से पता चलता है, उन्होंने अन्य विनियमों के अनुपालन पर भी ध्यान नहीं दिया। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि नक्शा तैयार करने और सर्वेक्षण का काम कभी भी संतोषजनक ढंग से नहीं किया गया।

10.25 गवाह का ध्यान विशेष रूप से खान सुरक्षा महानिदेशक के परिपत्र, प्रदर्श 100, की ओर दिलाया गया, जिसके अनुसार पानी के खतरे का एक अलग नक्शा बनाना अपेक्षित था। उसमें अनेक पूर्वोपाय करने की व्यवस्था है ताकि पानी भरने की कोई गुंजाइश न हो। यदि परिपत्र के अनुबंधों का पालन दृढ़ता से किया जाए तो ऐसा लगता है कि किसी खान में पानी भरने का कोई मामला न हो। यह याद रखने योग्य है कि दिसम्बर, 1978 में या जनवरी, 1979 में निरीक्षण अधिकारी ने अपनी उल्लंघन रिपोर्ट, प्रदर्श 87, में चेतावनी दी थी और सावधान किया था परन्तु सामान्य नक्शा गलत होने तथा पुनः सर्वेक्षण किए जाने के सम्बन्ध में विशिष्ट सुझाव पर स्थिति से निपटने के लिए कोई विशेष कार्रवाई नही की गई। पुनः सर्वेक्षण कितने लम्बे समय तक चलता रहा, इस बारे में कुछ पता नहीं चला और न ही चल सकेगा क्योंकि इसका कोई निश्चित समय नहीं रखा गया था। और किसी भी स्तर पर इसकी प्रगति को न तो योजना बनाई गई थी और न ही पूर्वानुमान लगाया गया था। यह विधाता का लेखा ही है कि पुनः सर्वेक्षण की धीमी प्रगति इस घातक दुर्घटना से रुक गई और प्रबन्धकों को स्थानीय सर्वेक्षण का कार्य हाथ में लेना पड़ा, जिससे दोहरी गलती सामने उभर कर आई। जहां तक पानी के खतरे के बारे में नक्शा तैयार करने का सम्बन्ध है, खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों ने इस मामले पर आगे कार्रवाई नहीं की। किन्तु गवाह मजूमदार का कहना है कि पानी के खतरे संबंधी नक्शे को बीच में तैयार करने से सही ढंग से नहीं था।

क्योंकि इसका मह सर्वेक्षण न सर्वेक्षण नक्शे में करना पड़ता था, जो तैयार नहीं था। परन्तु परिणाम यह हुआ कि दोहरे दुर्भाग्य की बात हुई अर्थात् न तो पानी के खतरे सम्बन्धी नक्शों को तैयार किया जा सका और न ही अद्यतन सर्वेक्षण हो सका। निश्चित ही यह अच्छी स्थिति नहीं है ; जरूरत थी कि अद्यतन सर्वेक्षण नक्शा और साथ ही पानी के खतरे से संबंधित अद्यतन नक्शा तैयार होता।

10.26 किस प्रकार से सर्वेक्षण कार्य किया गया और किस तरह से बिना सोचे-समझे इस पर काम हुआ, इसकी एक साफ झलक देखने के लिए न्यायालय के सामने जो कुछ नक्शे हैं, उनका अध्ययन करना उपयोगी होगा।

इससे गलतियों की चली आ रही श्रृंखला स्पष्ट होगी जैसाकि पहले बतलाया गया है कि एक बंद पश्चिम सर्वेक्षण चल रहा था, जिसमें मुख्य डिप के पश्चिम भाग की खदान शामिल थी। क्रासकट के एक भाग का सर्वेक्षण भी हो रहा था, जबकि खंभे हटाने की अनुमति मांगी गई, जो अगस्त, 1978 में कुछ समय पहले दी गई, परन्तु संबंधित लेवलों अर्थात् मुख्य डिप के 26 वें और 29 वें पूर्वी लेवलों तथा क्रासकट के 25 वें और 27 वें पश्चिमी लेवलों का कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया। जब 26वें पूर्वी लेवल और 25वें पश्चिमी लेवल को जोड़ा गया तब सर्वेक्षण के शानदार मौके को गंवा दिया गया।

10.27 परित्यक्त नक्शों के अलावा जो सबसे पुराना नक्शा उपलब्ध है, वह न्यायालय के सामने प्रदर्श 80 है। इस पर सर्वेक्षक वर्मा ने 21-4-1979 को हस्ताक्षर किए। इसे संधातन नक्शा कहते हैं। वर्मा ने इस बारे में कुछ अलग ही कहानी बताई। उनका कहना है कि प्रदर्श 80 पर मुद्रण के रूप में जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके हैं, परन्तु उन्होंने संधातन नक्शे पर हस्ताक्षर नहीं किए। जब उन्होंने हस्ताक्षर किए थे, तब केवल हाथ से बना नक्शा था और उस पर 'संधातन' शीर्षक नहीं दिया गया था, जैसा कि अब इस नक्शे में है। जिस नक्शे पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे, उसमें तिमाही सर्वेक्षण चिह्नों के दिखाने की कोई आवश्यकता नहीं थी और इसलिए प्रदर्श 80 पर तिमाही सर्वेक्षण चिह्न नहीं हैं। किन्तु प्रदर्श 80 के आरेख के बारे में जो ध्यान देने वाली बात है, (चाहे यह श्री वर्मा द्वारा तैयार किया गया मूल नक्शा हो और संधातन नक्शा न हो) वह यह है कि मुख्य डिप के पूर्व में, वह भाग जिससे हमारा सरोकार है, एक रुकावट या अविकसित अछूता भाग है, जबकि क्रास-कट 27वें लेवल के पश्चिमी हिस्से में 1, 2, 3 और 4 नम्बर के डिप हैं। इन डिपों को पक्की रेखाओं से जिनके सिरे खुले हैं, दिखाया गया है, और इस प्रकार संकेत मिलता है कि काम चल रहा था। इसलिए निश्चय ही 21-4-79 को, अर्थात जिस तारीख को सर्वेक्षक वर्मा ने नक्शे पर हस्ताक्षर किए, इन डिपों में काम चल रहा था। एक और बात जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, यह है कि इस नक्शे में तीसरा डिप 40 फुट लम्बा है। सर्वेक्षक श्री वर्मा की गवाही के अनुसार हमें पता चलता है कि 3-6-1978 को इसकी पैमाइश 4 मीटर (अर्थात् 12 फुट) थी, जैसा कि सर्वेक्षक दास द्वारा रखे गए प्रदर्श 69 में है और 19-6-1978 को इसकी पैमाइश 29.5 मीटर (अर्थात् 96 फुट) था, जैसा कि प्रदर्श 10, जो अब प्रदर्श 108 है, में दिखाया गया है। प्रदर्श 81 में वर्मा ने स्वयं 2-8-1978 को ड्राइवेज की पैमाइश 70 फुट लिखी है। 21-4-1979 को ड्राइवेज का 40 फुट दिखाया जाना बड़ा खतरनाक है और यह 21-4-1979 को उनके द्वारा तैयार किए मूल नक्शे को तैयार और हस्ताक्षर करने में वर्मा की अकर्मण्यता का द्योतक है।

10.28 इसके बाद हम 6-12-1979 के प्रदर्श 16 पर विचार करते हैं। यह एक विभागीय नक्शा है, जिस पर सर्वेक्षक अंसारी के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने वर्मा के साथ काम किया था। आरेख और आकार-प्रकार में यह प्रदर्श 80 जैसा है, अर्थात् जैसाकि ऊपर कहा जा चुका है इसमें पूर्वी भाग में रुकावट और पश्चिमी 27वें लेवल का ड्राइवेज दिखाया गया है। प्रदर्श 80 के सम्बन्ध में जो टीका टिप्पणी और आलोचना की गई है, वही प्रदर्श 16 पर भी लागू होती है।

10.29 इसके बाद, जहां तक समय का प्रश्न है हम प्रदर्श 15 पर विचार करते हैं जो कि एक बचाव नक्शा है। इसे 14-6-1980 से 31-3-1982 तक अद्यतन किया गया है। इसके सभी पृष्ठांकनों पर सर्वेक्षक अधिकारी के हस्ताक्षर हैं; केवल आखिरी दो पर सर्वेक्षक अधिकारी के न होकर सर्वेक्षक मुखर्जी के हस्ताक्षर हैं। कपड़ा चढ़े नक्शे 62 पर भी सर्वेक्षक द्वारा 31-3-1982 और 30-6-1982 को हस्ताक्षर किए गए हैं, परन्तु प्रदर्श 15, 26 वें पूर्वी लेवल को क्रासकट के 25 वें पश्चिमी लेवल को जोड़ने के मामले में भिन्न दिखाई पड़ता है। प्रदर्श 62 में 26 वें लेवल को सीधे 25 वें लेवल से मिलते हुए नहीं दिखाया गया है, बल्कि अंतिम रूप में उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर बढ़ता हुआ दिखाया गया है। फिर प्रदर्श 15 में 28 वें पूर्वी लेवल का ड्राइवेज है ही नहीं, हालांकि 29 वें लेवल ड्राइवेज का काम जो बाद में हाथ में लिया गया था, नक्शे में दिखाया गया है।

10.30 समय के बारे में एक और नक्शा 24-11-1979 का प्रदर्श 89 है, जो उस समय तैयार किया गया जब विनियम 105 के अनुसार मार्ग पार करने के लिए

जिला परिषद की अनुमति मांगी गई थी। सर्वेक्षक मुखर्जी ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं और मुख्य डिप का पूर्वी भाग जिसमें हमारा सरोकार है, एक रुकावट या अछूता क्षेत्र जैसा है अर्थात नक्शे में 26, 27वें, 28वें और 29वें पूर्वी लेवलों को नहीं दिखाया गया है। विशेष बात जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए यह है कि 27 वें पश्चिमी लेवल का दूसरा डिप और तीसरा डिप बिन्दु-रेखाओं द्वारा दिखाया गया है जो इस बात का द्योतक है कि इनका सर्वेक्षण नहीं किया गया। डिपों का आरेखन इस तरह किया है कि उनकी पुरानी लम्बाई की नकल कर दी गई है और इस तरह तीसरे डिप की लम्बाई 40 फुट दिखाई गई है। यह ऐसी हालत में किया गया है जबकि इस पर सामान्य रूप में यह प्रमाणपत्र दिया गया है कि नक्शा सही है। स्पष्ट है कि वास्तविकता पर ध्यान दिए बिना यह प्रमाण-पत्र लगा दिया गया है। इसके अलावा यह बात समझने की है कि 27 वें लेवल के डिपों को, जो अभी तक पक्की रेखाओं द्वारा दिखाए जाते रहे हैं, अचानक ही बिन्दु रेखाओं द्वारा क्यों दिखाया गया। डिपों और विशेष रूप से तीसरे डिप को लम्बाई दिखाने के बारे में प्रारम्भिक गलती वर्मा ने की और वही गलती दूसरे लोग भी आगे करते रहे संयोगवश, प्रदर्श 79 के बारे में यह ध्यान देने योग्य बात है कि यद्यपि मार्ग पार करने की अनुमति 4 स्थलों पर मांगी गई थी, लेकिन वस्तुतः इससे अधिक स्थलों पर मार्ग पार किया गया, जैसा कि गवाह पी. सी. श्याम की गवाही से पता चलता है।

10.31 अब हम प्रदर्श 90 पर विचार करते हैं, जिस पर मुखर्जी ने 29-3-1982 को हस्ताक्षर किए हैं और जो 30-6-1982 तक सही किया गया है। यह पानी के खतरे का नक्शा है। यहां भी तीसरे डिप को बिन्दु रेखाओं द्वारा दिखाया गया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि उस समय तक कभी भी पानी निकालने, मापने और यहां तक कि आगे के ड्राइवेज वाले पुराने रिकार्ड को संभालने के बारे में कोई प्रयास नहीं किया गया बल्कि पुराने नक्शे की मात्र नकल की जाती रही।

10.32 समय के बारे में अगला प्रदर्श 43 है, जो एक कार्यकारी, नक्शा है, जिस पर सर्वेक्षक मुखर्जी के 6-4-1983 के हस्ताक्षर हैं। पूर्वी पेनल की खदानों के बारे में दो डिपों को बिन्दु और छोटी रेखाओं द्वारा दर्शाया गया है। इसमें भी वास्तविकता की झलक नहीं है। ऊपर की गई चर्चा के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत यह मामला कि दुर्घटना के बाद अचानक उन्होंने महसूस किया कि नक्शों में छोटे ड्राइवेज दिखाए गए है और इसलिए वे दुर्घटना को रोकने में असमर्थ, मान्य नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे अपना काम ठीक ढंग से करने और अपने सर्वेक्षकों पर सख्त नियंत्रण रखने में अत्यधिक लापरवाह रहे। जहां तक अपराध से संबंधित पुराने डिप का सम्बन्ध है, यह स्पष्ट है कि ठीक 1979-80 वर्ष से ही सर्वेक्षक वर्मा को इसकी लम्बाई 40 फुट नहीं दिखानी चाहिए थी और मुखर्जी के कार्यकाल में डिपों को बिन्दु रेखाओं द्वारा दर्शाने का कोई संतोषजनक कारण दिखाई नहीं पड़ता। यद्यपि प्रबन्धकों को वर्ष 1978 में ही सावधान किया गया था कि नक्शा ठीक नहीं है, उन्होंने इसके प्रति ध्यान नहीं दिया गुमशुदा नक्शे का मामला भी कुचक्रपूर्ण है। ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिसके आधार पर कहा जा सके कि यह बात वस्तुतः सही है। जब कम से कम 45 फुट के अंतर की प्रमुख गलती और 100 फुट के स्थान पर 40 फुट लम्बाई रिकार्ड करने की गलती के संबंध में सभी अन्य नक्शे गलत प्रतीत होते हैं तब ट्रेसिंग कपड़े पर तैयार किया गया तथाकथित नक्शा भी गलत हो सकता है। क्या यह नक्शा नियमित कार्य के लिए प्रयुक्त होता था, यह बात भी संदेहास्पद है क्योंकि यह सांविधिक अपेक्षाओं से मेल नहीं खाती जिनके अनुसार उसे सीधे सपाट हालत में रखा जाना चाहिए था।

10.33 विभिन्न नक्शों के इस रोचक सारांश से यह बात ज्ञात होती है कि काफी गलतियां की गई थी और यह भी पता चलता है कि बाद में आने वाले लोग भी इन गलतियों को उतनी ही लापरवाही से करते रहे। अतः यह अनुमान लगाना सम्भव है कि उन्होंने कभी भी सर्वेक्षण का ठीक रिकार्ड रखने की परवाह नहीं की, जो कि अन्यथा थोड़े से अध्यवसाय और प्रभावकारी नियंत्रण द्वारा रखा जा सकता था। इस प्रकार सर्वेक्षण रिकार्डों के रख-रखाव में पूरी असावधानी बरती गई है जिसे आपराधिक लापरवाही भी कहा जा सकता है।

10.34 यह हो सकता है कि यह इसलिए हुआ हो कि प्रबन्धक वर्ग अधिक उत्पादन के पक्ष में था। प्रदर्श 95 और 96 में प्रदत्त पत्राचार से यह अवश्य दिखाई पड़ता है कि अधिक से अधिक उत्पादन के लक्ष्य रखने पर बहुत जोर दिया जाता रहा है। प्रदर्शन 96, 26-2-1983 की बैठक का कार्यवृत है। 6-8-1983 का प्रदर्श 95 संयोग से दुर्घटना से कुछ दिन पहले श्री एस. एन. झा, महा-प्रबन्धक द्वारा जेण्ट कुमार को लिखा गया पत्र है, जिसमें हर कीमत पर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही गई है। संलग्न सारणी से पता चलता है कि चौदहवीं सीम 'बिना खंभों वाले क्षेत्र' से उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने में काफी पिछड़ गई थी और इसको पूरा करने के लिए विकास-शील क्षेत्र से उत्पादन को औसत से अधिक बढ़ाने का निश्चय किया गया था जिससे स्पष्ट ही उस क्षेत्र पर दबाव पड़ा। निश्चय ही यह दलील पेश करना ठीक नहीं होगा कि उच्च प्रबंधाधिकारियों ने कर्मचारियों की सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया था। परन्तु हमें व्यावहारिक दृष्टि से देखना होगा। हमें पूरे वातावरण तथा पर्यावरण पर, जिसमें मौके पर लोग अपने

को पाते हैं विचार करना होगा। यदि कोई व्यक्ति अपने भविष्य की आशंका से अपने वरिष्ठों को सन्तुष्ट करने में असफल रहता है तो मौके पर कार्यरत व्यक्ति अति-विश्वास से आगे बढ़ने, जोखिम को नजरअन्दाज करने, कर्मचारियों की सुरक्षा से खेलने के लिए विवश हो जाएगा। यह कहना व्यर्थ है कि इससे सुरक्षा खतरे में नहीं पड़ी। जिस ढंग से इस कोयला खान का प्रबन्ध किया गया, उससे जो तस्वीर उभरती है, उसके आधार पर निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि सुरक्षा की अनदेखी नहीं की गई।

10.35 प्रबन्धक-वर्ग की ओर से एडवोकेट सिन्हा ने भारतीय खान अधिनियम 1952 की धारा 87 का सहारा लिया है, जिसमें यह निहित है कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ किसी ऐसे कार्य के लिए मुकदमा या कानूनी कार्य-वाही नहीं की जा सकती जो उसने सद्भाव से या इस अधिनियम के अन्तर्गत किया गया हो। पहली बात तो यह है कि यह संरक्षण उन लोगों को दिया गया प्रतीत होता है जो इस अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई आरम्भ करते हैं। किन्तु मान लें कि खान में कार्य कर रहा कोई व्यक्ति या उच्च अधिकारी इसके अधीन संरक्षण प्राप्त कर सकता है तो यह नितान्त आवश्यक है कि वह कार्य सद्भाव से किया गया हो। केवल यह कह देने से कार्य सद्भावपूर्ण नहीं हो जाता कि वह कार्य सद्भाव से किया गया था। सद्भाव का मतलब उस समय की विद्यमान परिस्थितियों से जुड़ा है। इस विशेष मामले की विद्यमान परिस्थितियां विपरीत हैं। इसके अलावा कानूनी भाषा में सद्भाव का एक विशेष अर्थ है। कोई भी काम, जो सतर्कता और साव-धानी से न किया गया हो उसे सद्भाव से किया गया कार्य नहीं कहा जा सकता। यदि कोई व्यक्ति मामूली अध्यवसाय का उपयोग नहीं करता तो वह यह नहीं कह सकता कि उसने सद्भाव से कार्य किया था। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 52 में भी 'सद्भाव' की जो परिभाषा दी गई है, उसमें कहा गया है कि जो कार्य सतर्कता और सावधानी से नहीं किया गया हो, उसे 'सद्भाव से किया कार्य नहीं कहा जाएगा। एक या अनेक व्यक्ति, जो बिना समझे-बूझे काम करते हैं, उपेक्षाकृत कार्य करते हैं, सुरक्षा उपबंधों की ओर ध्यान नहीं देते, उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उसने/उन्होंने सद्भाव से कार्य किया है। यहां ऐसा ही हुआ है और फलस्वरूप 'सद्भाव' का तर्क ठीक नहीं है।

अध्याय 11

कोयला खान विनियम--विनियम 127 यदि लागू हो

11.1 अब यह स्पष्ट है कि 29 वें पूर्वी लेवल के अपराध संबंधी तीसरे डिप तथा स्वयं 29वें पूर्वी लेवल का ड्राइवेज संप के निकट और उसकी तरफ हुआ है। इन गैलरियों के ड्राइवेज के समय कोयला खान विनियम 127 के अधीन कोई अनुमति नहीं ली गई। कर्मचारी संघ की ओर से यह कहा गया है कि प्रबन्धकों का इस चूक के कारण कर्मचारियों के जीवन खतरे में पड़े। कहा जाता है कि प्रबन्धक-वर्ग बहुत अच्छी तरह जानता था कि उन खदानों पर काम करने के लिए विनियम 127 के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशक की अनुमति ली जानी चाहिए थी और निर्धारित पूर्वोपाय किए जाने चाहिएं थे। यह उल्लंघन जानबूझकर किया गया। इसके विपरीत, प्रबन्धक-वर्ग की ओर से एडवोकेट श्री श्रीपुरकर ने पूरे जोशो-खरोश से यह दलील दी कि अनुमति लेने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं थी क्योंकि विनियम 127 का प्रयोजन अलग है और संप जलमग्न खदान या त्यक्त खदान नहीं मानी जा सकती। इसलिए प्रबन्धकों द्वारा अनुमति न लेना, उनकी अपनी सीमा में था। इस सम्बन्ध में उन्होंने 1965 की आपराधिक अपील सं. 222 (एस. डी. प्रसाद बनाम श्री सेठ हाजी मुल्ला अकबर अली तथा अन्य) के मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का भी सहारा लिया, जिसकी एक प्रति बहस के दौरान पेश की गई। प्रबन्धकों का यह कहना है कि इस निर्णय के अनुसार यदि कोई खदान मात्र जलमग्न है तो विनियम 127 (3) लागू नहीं होता है। उनका यह भी कहना है कि विनियम 127 (1) और 127 (2) भी लागू नहीं होते। इस मामले में विनियम 127 की संगत प्रयोज्यता इस प्रकार है :—

"भूमितल में पानी भरने से खतरा—(1) हरेक खान में उसी खान या निकट की खान या खदान से पानी या अन्य कोई तरल पदार्थ के प्रवेश को रोकने के लिये समुचित व्यवस्था की जायेगी। (2) जहां कार्य (i) किसी अन्य सीम या सेक्शन के नीचे किसी सीम या सेक्शन में किया जा रहा हो अथवा (ii) किसी ऐसी सीम के किसी स्थान में किया जा रहा हो जो उस दोषपूर्ण ऊपरी सीम या सेक्शन तक पहुंच रही हो जिसमें पानी या अन्य तरल पदार्थ भरा हो या भरा रह सकता हो तो उस खदान में पानी या अन्य किसी तरल पदार्थ के प्रवेश को रोकने के लिये पर्याप्त पूर्वोपाय किये जायेंगे।

(3) उस किसी भी खदान का विस्तार जो किन्हीं त्यक्त या परित्यक्त खदानों (वह खदान नहीं, जिसकी जांच कर ली गई और उसे पानी या अन्य तरल पदार्थ से मुक्त पाया गया है) के 60 मीटर की दूरी पर हो, चाहे वह उसी खान या निकट की खान के हों, मुख्य निरीक्षक की लिखित अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा और उस पर मुख्य निरीक्षक द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तें लागू होंगी।

स्पष्टीकरण : इस उपविनियम के प्रयोजन के लिये उक्त खदानों के बीच की दूरी से तात्पर्य यथा स्थिति उसी सीम के खदानों के बीच अथवा किन्हीं दो सीमों या सेक्शनों के बीच की न्यूनतम दूरी से होगा जिसे खड़ी, आड़ी या आनत किसी भी स्थिति में माप लिया जाये।

11. विनियम 127 का उल्लेख 'आग, धूल, गैस और पानी से खतरों से बचने के लिये पूर्वोपाय' नामक अध्याय में किया गया है, जिसमें विनियम 116 से 129 शामिल हैं। जहां तक पानी से बचने के लिये पूर्वोपायों का संबंध है, इसके बारे में कुल 4 विनियम हैं, उदाहरणार्थ विनियम 126 से 129। विनियम 126 का उप-शीर्षक है 'सतरी पानी से खतरा' विनियम 127 का उपशीर्षक है 'भूमितल में पानी भरने से खतरा', विनियम 128 का उपशीर्षक है 'जानबूझ कर पानी भर देना' और विनियम 129 का उपशीर्षक है 'पानी के बांध का निर्माण' आदि। इस प्रकार हम देखते हैं कि केवल विनियम 127 है, जिसमें भूमितल में पानी भरने से सबंधित विषय पर विचार किया गया है। विभिन्न उपधाराओं का अर्थ--विवेचन करते समय इस तत्व को ध्यान में रखना होगा।

11.3 उप विनियम (1) में पानी या अन्य तरल पदार्थ के प्रवेश को रोकने के लिये पूर्वोपायों के बारे में सामान्य व्यवस्था की गई है। यह प्रबन्धकों और खान में काम कर रहे व्यक्तियों के विवेक और कुशलता पर छोड़ दिया गया है कि वे इस बारे में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में निर्णय लें। उप-विनियम (2) में किसी अन्य खदान के नीचे वाली खदान के बारे में 3 स्थितियों की परिकल्पना की गई है, जो खतरे का स्रोत हो सकती है। ये तीन स्थितियां हैं, जब कोई सीमा या सैक्शन किसी अन्य सीम या सेक्शन के नीचे हो या जब किसी सीम या सेक्शन का स्थल किसी सीम या सैक्शन में अन्य किसी स्थल से कम लेवल पर हो या जब सीम में कोई ऐसा स्थल हो जिसमें खराबी आ रही हो आदि। उप-विनियम के अनुसार ऊपरी सीम, सैक्शन या लेवलों से आने वाले पानी या किसी अन्य तरल पदार्थ के प्रवेश को रोकने के लिये पर्याप्त पूर्वोपाय करना आवश्यक है। यहां भी पूर्वोपायों की सूची नहीं दी गई है बल्कि इन्हें खान में काम करने वाले व्यक्तियों के विवेक और कुशलता पर छोड़ दिया है।

11.4 किन्तु तीसरा उपविनियम अलग किस्म का है। इसमें किसी ऐसी खदान के विस्तार के लिये मुख्य निरीक्षक से लिखित पूर्व-अनुमति लेने की बात कही गई है, जो किसी ऐसी अन्य खदान से 60 मीटर की दूरी के अन्दर हो, जो परित्यक्त कर दी गई हो या जिसका उपयोग न किया जा रहा हो। इसका सारांश यह है कि ज्यों ही किसी त्यक्त या परित्यक्त खदान से 60 मीटर की दूरी में खदान का काम किया जाये तो मुख्य निरीक्षक से अनुमति लेना आवश्यक है और काम उपविनियम (6) में दी गई शर्त के अनुसार किया जाये। इसका एक अपवाद भी है और वह यह है कि जिस खदान की ओर खदान का विस्तार किया जाना हो यदि उसकी जांच कर ली गई हो तथा उसमें पानी या अन्य तरल पदार्थ भरा हुआ नहीं पाया गया हो तो मुख्य निरीक्षक की पूर्व-अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। दूसरे शब्दों में, जब परित्यक्त और त्यक्त खदान, जिसकी ओर खदान का विस्तार किया जाना है, उसकी जांच कर ली जाये और उसे पानी या अन्य तरल पदार्थ से मुक्त पाया जाये तो अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है और उप-विनियम (6) लागू नहीं होगा। स्पष्ट है कि यदि उसकी जांच नहीं की गई है तो अनुमति लेने की आवश्यकता है अर्थात् खान में काम करने वाले व्यक्तियों पर यह जिम्मेदारी डाल दी गई है कि वे यह वस्तुतः जांच करके सुनिश्चित कर लें कि पानी या अन्य तरल पदार्थ के संचय होने की सभावना नहीं है--ऐसी स्थिति में ही उन्हें अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

11.5 बहस के दौरान विनियम 127 के इतिहास की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। 1926 में दो विनियम थे--विनियम 74 और 76, जिनमें इन स्थितियों पर विचार किया गया था। वर्ष 1957 में विनियम 127 लगभग वर्तमान रूप में विद्यमान था, परन्तु 19 मार्च 1980 के संशोधन द्वारा इसमें कुछ और उप-धाराएं जोड़ दी गई। 1926 के विनियम 74 में वर्जित दूरी 100 फुट थी और जिधर पानी या अन्य तरल पदार्थ संचित होने या संचित होने की संभावना हो वहां के लिये पहुंचने का रास्ता होना चाहिये उस विनियम में भी त्यक्त अथवा परित्यक्त खदानों का उल्लेख था और वर्तमान काष्ठअंक अंश उस समय भी विद्यमान थे। विनियम 75 में प्रयुक्त 'जिसमें पानी होने या पानी होने की सभावना' शब्दों के बिना वह विनियम अब विनियम 127 का उप-विनियम (2) है। क्या पूर्वोपाय करने चाहियें, इस बारे में विनियम 74 और 75 दोनों में ही निर्णय खान में काम कर रहे व्यक्तियों पर छोड़ दिया गया था।

11.6 त्यक्त खदान से संबंधित भाग को 'परित्यक्त' शब्द जोड़कर विनियम 74 की अपेक्षा वर्तमान उपनियम (3) में और अधिक विशिष्ट बना दिया है। जहां तक मार्च, 1980 के संशोधन का प्रश्न है, पानी रिसने से संबंधित उप विनियम (3) के उपबन्ध को हटा दिया गया है और एक अलग उपविनियम (5) के रूप में रख दिया गया है। पहले उप विनियम (4), (5) और (6) को व्यापक रूप से उद्धृत किया गया है और साथ ही उप विनियम (4), (6), (7) और (8) को कुछ अन्य अतिरिक्त अपेक्षाएं भी दी गई हैं। 1980 के संशोधन के परिप्रेक्ष्य में उप-विनियम (3) जिससे हमारा संबंध है, के अर्थ विवेचन करने का कोई लाभ नहीं और वर्तमान मामले में इस प्रश्न का निर्णय इस संदर्भ में करना होगा कि खदान उस त्यक्त या परित्यक्त खदान की निषेधात्मक दूरी पर था या नहीं जिस की जांच कर ली गई है और उसे पानी तथा अन्य तरल पदार्थ से मुक्त पाया गया है।

11.7 बहस इस प्रश्न पर केन्द्रित है कि क्या संप जलमग्न खदान होती है । प्रबन्ध गवाह 7 भट्टाचार्य ने विनियम 127 से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि 'उसकी राय में 29वें पूर्वी लेबल के ड्राइवेज के लिये विनियम 127 के अधीन अनुमति देने की जरूरत नहीं थी क्योंकि उसके पास जो नक्शा था, उसके अनुसार उसने काफी गुंजाइश रख ली थी । इसलिये विनियम 127 (1) लागू नहीं होता । विनियम 127 (3) भी लागू नहीं होता क्योंकि संप त्यक्त खदान नहीं होती । "एक अन्य स्थान पर संप की परिभाषा देते हुए उनका कहना है कि 'संप एक जलाशय है, जहां से पानी निकाला जाता है, उसमें पानी पुनः जमा हो जाता है और उसे फिर निकाला जाता है । जबकि जलमग्न क्षेत्र का तात्पर्य उस क्षेत्र से है जहां पानी इकट्ठा रहता है ।" प्रबन्ध गवाह 9 कुमार, खान के एजेंट भी कहते हैं कि मुख्य डिप के 29वें पूर्वी लेवल में खदानों पर विनियम 127(3) लागू नहीं होता, हालांकि वे स्पष्ट रूप से मानते हैं कि 29वें पूर्वी लेवल का ड्राईवेज संप के खदानों से 60 मीटर के दायरे में हो रहा था, जिसमें 27वें पश्चिमी लेवल शामिल है ।" वे स्वीकार नहीं करते कि संप की खदान पानी में डूबी है । अदालती गवाह 2 सर्वेक्षक वर्मा ने भी अपनी गवाही में कहा है कि क्रास-कट के पूर्व में 27वें पश्चिमी लेवल पानी से भरा था । परन्तु वे यह नहीं मानते कि बंद इसे खदान कहना चाहिये।

11.8 इसके विपरीत अदालती गवाह 4 श्री पी सी श्याम, खान सुरक्षा निदेशक का कहना इससे अलग है । विभिन्न स्थितियों और हालतों का विवरण देते हुए उनसे सवाल-जवाब किये गये । प्रबन्ध-वर्ग के एडवोकेट श्री सरपुरकर द्वारा किये गये प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह स्वीकार नहीं किया कि संप को जलमग्न खदान नहीं माना जाता है । संप की परिभाषा देते हुए उनका कहना है कि संप में पानी भरा रहता है जिसमें से वह पंप की सहायता से बाहर निकाला जाता है। वे नहीं मानते कि यह पानी का अस्थायी जमाव है । उन्होंने उसे पानी का स्थायी जमाव बताया । उनके अनुसार यह पानी से भरा क्षेत्र होता है । उन्होंने इसे जलमग्न खदान कहा, जिसमें पानी का लेवल फुट वाल्व से कभी कम नहीं होता । उनके मतानुसार यह त्यक्त जलमग्न क्षेत्र होता है क्योंकि कोई भी व्यक्ति खदानों के परले सिरों तक नहीं जा सकता और नहीं कुछ देख सकता है । उनके विचार में यह परित्यक्त खदान होती है, क्योंकि इसमें कोई उत्पादन कार्य नहीं होता । वे नहीं मानते कि मात्र पानी इकट्ठा हो जाने से त्यक्त अथवा परित्यक्त तात्पर्य नहीं लिया जा सकता। उन्हें इस प्रश्न में भी फंसाया गया कि यदि पहली शिफ्ट में गैलरी में पानी न हो और दूसरी में वही गैलरी पानी से भर जाये तो क्या वह त्यक्त गैलरी कहलायेगी । गवाह ने जवाब दिया कि इसे त्यक्त गैलरी कहा जा सकता है, क्योंकि उस समय वहां न तो कोई जा सकता है और न ही उसका उपयोग कर सकता है और न ही निरीक्षण कर सकता है । किन्तु वे इस बात का उत्तर नहीं दे सके कि क्या इसलिये प्रत्येक शिफ्ट के लिये जब तक कि उसका पानी निकाल न दिया जाये, अनुमति लेनी पड़ेगी । उन्हें स्वयं कभी इस प्रकार की अनुमति देने का अवसर नहीं मिला । गवाह ने स्पष्ट किया कि प्रयोग करने का मतलब उत्पादन और वहां तक पहुंचने से है । उस गैलरी को सम्प के उपयोग के लिये "अप्रयुक्त" 'त्यक्त' और 'प्रयोग में नहीं' के रूप में कह सकते हैं । वे यह स्वीकार नहीं करते कि यदि किसी भी प्रकार का उपयोक्ता गैलरी का प्रयोग करता है तो वह त्यक्त या परित्यक्त गैलरी नहीं है । त्यक्त अथवा अप्रयुक्त का अर्थ एक ही है अर्थात् जिसका प्रयोग नहीं किया जा रहा हो ।

11.9 असेसर श्री त्रिवेदी के प्रश्न के उत्तर में उनका कहना है कि 27वें लेवल के तीसरे डिप में क्रास-कट में 90 हार्स पावर के पंप के होते हुए भी हमेशा पानी भरा रहता था और इसलिये सही अर्थों में वह त्यक्त या परित्यक्त खदान थी क्योंकि खादानों की जांच नहीं की जा सकती थी और यह मालूम नहीं किया जा सकता था कि वहां पानी या अन्य कोई तरल पदार्थ इकट्ठा है या नहीं । इस प्रकार गवाह ने दो कसौटियां रखी अर्थात् खदानों में पहुंच और उत्पादन होने या न होने की स्थिति । उनके अनुसार जब उपयोक्ता कोयले का उत्पादन कर रहा है तब खदान की अनुप्रयुक्तता का निश्चयन इस बात से किया जाता है कि क्या वहां तक पहुंचा जा सकता है या उसका निरीक्षण किया जा सकता है—भले ही उसमें पानी भरा हो।

11.10 प्रबन्धक-वर्ग की ओर से प्रयास किया गया है कि विनियम 127(3) के अर्थ-विवेचन में जलमग्नता की धारणा को अधिक प्रकाश में लाया जाये और इसलिये श्री सरपुरकर ने संप की परिभाषा का सहारा लिया । संप की परिभाषा कोयला खान विनियमावली में नहीं दी गई है और इसलिये हमें खनन पद्धति पर निर्भर करना होगा । श्री सरपुरकर ने ए० नेलसन के 'माइनिंग कोश' का हवाला दिया और निम्नलिखित परिभाषा उद्धृत की—

> संप: एक ऐसा जल-स्थल या कैच-बेसिन है जहां खान का पानी इकट्ठा होता है और पंपों को सप्लाई होता है । यह संप एक बेसिन का काम करती है जिसमें कीचड़ और मिट्टी नीचे बैठ जाती है तथा जिसे पानी को पंप द्वारा फैंके जाने से पहले निकाला जा सकता है । जल निकासी खाइयों के संपों के बीच स्क्रीन लगाये जा सकते हैं ताकि पानी से लकड़ी और कूड़ेकरकट को निकाला जा सके । संप में पर्याप्त स्थिरण क्षमता होनी चाहिये और उसमें पानी को ठहरा रखने के लिये रोधिकाएं होनी चाहिये ।

उन्होंने वेंकटरमैया द्वारा लिखित पुस्तक 'ला लेक्सिकन एंड लीगल मैक्सिम्स' में दी गई संप की परिभाषा को भी आधार बनाया; इसमें संप की परिभाषा इस प्रकार दी गई है :

> संप : संपिंग—'संप' शब्द का अर्थ कोयले की खान के निचले भाग में खोदे गये एक 'पिट' से है जिसमें खान का पानी इकट्ठा होता है—कोल रन कोल कं० बनाम जोंस 19 III परि० 365 : शाफ्ट के केज के नीचे एक पिट—डल्लासकोल कं० बनाम स्टेनबरी 107 एस डब्ल्यू 997 : 85 आर्क 237; एक रूल कुंआं या हौज, जिसमें खान का पानी इकट्ठा होता है और जहां से उस भाप-इंजन द्वारा पानी पंप से बाहर निकाला जाता है, जो शाफ्ट में कारों को आगे बढ़ाता है—वुडवर्ड लायन कं० बनाम जोउस एन 80 अल : 123

11.12 "डिक्शनरी आफ माइनिंग एंड मिनरल एंड रिलेटेड टर्मस' में पृष्ठ 1102 पर कई परिभाषाएं दी गई हैं। 18 उद्धरणों में से एक उद्धरण नेलसन द्वारा दी गई परिभाषा से सम्बद्ध है और जिसका उल्लेख श्री सरपुरकर ने किया है । एक अन्य संगत परिभाषा इस प्रकार है :

> "पानी इकट्ठा करने के लिये एक भूमिगत उत्खनन, जिससे पंप द्वारा पानी को सतह पर या सतह के निकट एक दूसरे संप में डाला जाता है । संप लेवल पर या अन्य किसी अंदरूनी स्थल पर शाफ्ट के निकट शाफ्ट की तली में बनाई जाती हैं । लेविस पृ० 21

11.13 यहां हमारा सम्बन्ध किसी उस प्रकार की संप से नहीं है जिसे हम हौज या टैंक या पिट कह सकें । इस मामले में संप स्वयं गैलरियों से बनी थी जहां सभी गैलरियों का पानी एक गैलरी से दूसरी गैलरी में बहता हुआ फर्श से छत तक भर गया था और इस स्थल को संप के रूप में लिया गया है । इस पानी को 17 वें लेवल पर लगे बीच के पंप द्वारा पिट की तली में मुख्य संप में पिट के ऊपरी भाग तक ले जाया गया और अंततः संचयन के लिये उपयोग में लाया गया ।

11.14 उपर्युक्त परिभाषाओं पर विचार करते हुए और जिन स्थितियों से हमारा संबंध है, उनके परिप्रेक्ष्य में हमें ध्यान रखना होगा कि प्रस्तुत मामले में संप खान के अन्दर भूमितल में बना एक उत्खनन है, जिसमें प्रवणता है और जिससे खदानों के डिप ढके हुए हैं । नेलसन की परिभाषा के सन्दर्भ में यह एक जल-स्थल भी है ।

11.15 प्रबन्धक-वर्ग के एडवोकेट श्री सरपुरकर ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्णय का सहारा लिया है और इस निर्णय में से बहुत से उद्धरण पेश किये हैं । यह एक आपराधिक मुकदमा था, जो विनियम 127 के उप-विनियम (1)(3) और (5) तथा साथ ही विनियम 190 के उल्लंघन करने पर चलाया गया था और खान अधिनियम की धारा 74 के अन्तर्गत दण्डनीय था । अचानक ही पानी के प्रवेश के कारण भूमिगत गैलरी में कार्य कर रहे अनेक व्यक्ति डूब गये थे । उस समय परन्तुक सहित जिस प्रकार से उप-विनियम (3) लागू था, उसी रूप में उसका उद्धरण देते हुए जिसका इस विचाराधीन मामले से संबंध नहीं है, उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीशों ने यह माना है कि खदानों के विस्तार के लिये अनुमति लेने के वास्ते दो शर्तों का एक साथ होना जरूरी है—उदाहरणार्थ (1) जिन खदानों का और विस्तार किया जाये वे त्यक्त अथवा परित्यक्त खदान हों और (2) खदानें जलमग्न हों । विद्वान न्यायाधीशों ने आगे यह भी कहा कि यदि खदानों में पानी न भरा हो तो यदि वे खदानें त्यक्त और परित्यक्त खदानें भी हों तो भी अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है । विद्वान न्यायाधीशों के अनुसार जलमग्नता एक अतिरिक्त शर्त है और खान में काम बन्द या छोड़ देने से नहीं जुड़ी है, इसलिये 'त्यक्त' अथवा 'परित्यक्त' शब्दों का अर्थ विवेचन जलमग्नता के तथ्य के संदर्भ में नहीं किया जा सकता । विद्वान न्यायाधीशों ने अन्तिम रूप से यह निष्कर्ष निकाला कि यदि विस्तार ऐसी खदान की ओर किया जा रहा है, जो केवल जलमग्न है तो अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है ।

11.16 इस अर्थ विवेचन के आधार पर श्री सरपुरकर का विचार है कि जिस संप से हमारा संबंध है, यदि वह जलमग्न हो भी तो भी अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं था, क्योंकि इसे त्यक्त या परित्यक्त खदान नहीं माना जा सकता और यह इसलिए कि संप के पानी का इस्तमाल लगातार संचयन के लिए किया जाता रहा । पहली बात तो यह है कि यह कहना सही नहीं है कि सतह पर लाया गया सारा पानी संचयन के लिए पुनः खान में ले जाया गया । तथ्य तो यह है कि केवल इसका कुछ भाग ही संचयन के लिए इस्तेमाल में लाया गया है और फालतू पानी को सतह पर बहा दिया गया है । इसलिए संप में उतना पानी था जिसका इस्तेमाल नहीं होता था ।

11.17 इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि मेरी राय में 'जल से मुक्त नहीं' शब्दों की अपेक्षा 'जलमग्न' शब्द का एक अलग अर्थ है, जो विनियम में प्रयुक्त नहीं किया गया है । अतः उपविनियम (3) को लागू करने के लिए दो शर्तें आवश्यक हैं (क) खदान त्यक्त अथवा परित्यक्त हो (ख) उसमें पानी न हो । त्यक्त खदान दो कारणों से त्यक्त मानी जा सकती है, या तो उसमें पानी इकट्ठा हो गया हो जिससे खदान के रूप में उसका उपयोग न हो सके या छत गिर जाने अथवा अन्य किसी रुकावट के कारण उसमें प्रवेश करना सम्भव न हो। ऐसा लगता है कि एक 'परित्यक्त' खदान वह खदान है जिसे मर्जी से 'परित्यक्त' कर दिया गया हो, जब कि खदान का 'त्यक्त' होना मर्जी या बिना मर्जी के हो सकता है ताकि 'त्यक्त' होने के कारण के समाप्त होते ही खदान का उपयोग पुनः आरम्भ किया जा सके ।

11.18 भू-वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करने पर हम देखेंगे कि यदि खदान उस क्षेत्र के प्राकृतिक जल स्तर से नीचे हों तो खान में पानी अवश्य घुस जाएगा । यदि ये खदानें डिप की तरफ हों तो पानी वहीं रहेगा, बशर्ते कि उसे निकाल कर बाहर न किया जाए । किन्तु उभार वाले क्षेत्र में पानी डिप की तरफ बहेगा । परन्तु फिर भी उभार की तरफ खदानों को सम्भवतः व्यक्त माना जाएगा बशर्ते कि उनका अन्यथा उपयोग न किया जा रहा हो । इसलिए यह कहा जा सकता है कि पानी के स्तर के नीचे डिप की तरफ वाली सभी खदानें जलमग्न और व्यक्त दोनों ही होती हैं; जबकि उभार की तरफ की खदानें जलमग्न तो नहीं होती, किन्तु उनका प्रयोग नहीं भी हो सकता है और हो भी सकता है, जो स्थिति पर निर्भर करेगा ।

11.19 उपर्युक्त चर्चा के प्रकाश में और शब्दों के सामान्य पठन से यह साफ लगता है कि विनियम की रचना करने वालों के मस्तिष्क में परित्यक्त खदान या त्यक्त खदान में पानी के सामान्य रूप से प्रवेश करने की बात थी जो आकस्मिक खतरे का स्रोत हो सकता है और इसीलिए इसके लिए पूर्वोपाय करने के लिए उपबन्ध रखा गया । उपविनियम के अर्थ को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है, पहले तो कोष्ठक में दिए गए अंश को बिना देखे और फिर कोष्ठक अंश पर विचार कर सकते हैं । उक्त उप-विनियम (3) से पता चलेगा कि मुख्य निरीक्षक की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है, यदि किसी खान का विस्तार किसी त्यक्त अथवा परित्यक्त खदान के 60 मीटर की दूरी में पहुंच जाए। दूसरे शब्दों में यदि कार्य किसी परित्यक्त खदान की ओर या त्यक्त खदान की ओर पहुंचाता है तो अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है । यह मान लिया जाता है कि सामान्य परिस्थितियों में परित्यक्त या त्यक्त खदान में पानी होगा, इसलिए अनुमति प्राप्त करने के लिए शर्तों का अनुपालन करने का कार्य उन व्यक्तियों पर छोड़ दिया जाता है जो इन त्यक्त और परित्यक्त खदानों की तरफ काम कर रहे होते हैं ।

11.20 किन्तु व्यावहारिक रूप में ऐसा हो सकता है कि परित्यक्त खदान या त्यक्त खदान के बारे में खान में काम करने वाले व्यक्तियों को अच्छी जानकारी हो और इनमें विस्तार सम्बन्धी कार्य करने की ओर बढ़ने से पहले वे इसकी जांच कर लें और उनमें पानी या अन्य किसी तरल पदार्थ को इकट्ठा होने के बारे में मालूम कर लें या उनमें पानी इकट्ठा न होने दें । ऐसी स्थिति में जिस प्रयोजन के लिए विनियम बनाया गया है, वह सिद्ध हो जाता है अर्थात् पानी या अन्य किसी तरल पदार्थ के इकट्ठा होने का कोई प्रच्छन्न खतरा नहीं रहता और इसलिए यह स्वतन्त्रता प्रदान की गई कि बिना अनुमति के भी खदान में काम जारी रखा जा सकता है ।

11.21 मेरे विचार में उपविनियम में प्रयुक्त शब्दों का स्पष्ट अर्थ यही है । यह कानून में निहित उद्देश्य से भी मेल खाता है । इस संबंध में हम एस जी जी एजर की पुस्तक 'क्रेज आन एटेच्युट ला' के संदर्भ दे सकते हैं । 'निहित उद्देश्य के अनुसार अर्थ विवेचन' शीर्षक के अन्तर्गत अध्याय 5 के पैरा 2 में अंश इस प्रकार है--"संसद के अधिनियमों के अर्थ-विवेचन का प्रमुख नियम यह है कि स्वयं अधिनियम में जो उद्देश्य निहित किया गया है, उसी के संदर्भ में अर्थ लगाया जाना चाहिए । यदि कानून के शब्द ही स्पष्ट और असंदिग्ध अर्थ देने वाले हों तो उन शब्दों का सामान्य और स्वाभाविक भाव ग्रहण करने के अलावा और अधिक कुछ करने की जरुरत नहीं है । ऐसी स्थिति में स्वयं शब्दों से ही विधिकर्ता का उद्देश्य सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट हो जाता है । जब ट्रिब्यूनल को विधायिका के किसी अधिनियम या किसी भी अन्य दस्तावेज में दिए गए शब्दों का अर्थ लगाना होता है तो उसमें प्रयुक्त शब्दों में अभिव्यक्त उद्देश्य को निश्चित करना होता है और इन शब्दों को समझने के लिए यह जानना आवश्यक होगा कि ये शब्द किस विषय के सम्बन्ध में प्रयुक्त किए गए है और उनका उद्देश्य क्या है ।" 1955 में मुख्य न्यायाधीश लार्ड गेलार्ड ने कहा था 'कानूनी का अर्थ लगाते समय काफी कुछ सामान्य बुद्धि लगाना अत्यावश्यक है । अधिनियम के उद्देश्य पर भी विचार करना होगा ।'

11.22 1983 में दिए गए निर्णय पी एल जे आर पृ. 716 (अजीमुद्दीन अंसारी बनाम बिहार राज्य) जिसकी एक प्रति मुझे दी गई है, को भी देखना उपयोगी होगा । कानून के अर्थ-विवेचन के प्रश्न पर यह कहा गया है कि किसी धारा का अर्थ-विवेचन उसके कोष्ठक को हटा कर किया जा सकता है । निर्णय के पैरा 9 में निम्नलिखित टिप्पणी संगत है---

> "जैसा कि लार्ड एम आर ईशर ने ड्यूक आफ डेवन शायर बनाम ओ कोनोर (1890) 24 क्यू बी डी 468, पृ. 478 में माना है कि कोष्ठक को विशेष महत्व नहीं दिया जा सकता । ऐसा प्रतीत होता है कि यह बात सिद्ध हो गई है कि विराम चिह्न आदि को किसी कानून विशेष का अंग नहीं माना जा सकता और इसलिए अर्थविवेचन के समय इन पर ध्यान देना आवश्यक नहीं है ।' (हैल्सबरी, खण्ड 44, चौथा संस्करण, पैरा 820) किन्तु इंगलैण्ड में कुछ न्यायाधीश और कानून के विशेषज्ञ "विराम चिह्न आदि के प्रयोग पर ध्यान न देने से वास्तविकता की उपेक्षा होती है"-- इस स्थिति का अनुपालन करते हुए उक्त स्थिति से कुछ अलग हटकर रहे हैं । "(हैनान बनाम ला सोसाइटी, 1980 (2) ए ई आर 199 पृष्ठ 221 लार्ड लारी (एच एल)"

11.24 इसलिए, कोष्ठक को छोड़ा जा सकता है और समूचे उप-विनियम को पढ़ा जा सकता है । अतः 'वे खदान नहीं जिनकी जांच कर ली गई है और जिन्हें पानी अथवा किसी अन्य तरल पदार्थ से मुक्त पाया गया' ये शब्द उन खदानों के द्योतक होंगे जिनकी अभिव्यक्ति

'त्यक्त' अथवा 'परित्यक्त' विशेषण लगाकर की गई है। इसलिए संक्षेप में जिस खदान के लिए रास्ता बनाया जाना है वह मुख्यतः 'त्यक्त' या 'परित्यक्त' होनी चाहिए और वह पानी या अन्य किसी अन्य तरल पदार्थ से खाली नहीं होती।

11.25 इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या कोई 'संप' त्यक्त या परित्यक्त खदान होती है? उचित बात यही है कि प्रबंध गवाह नं. 7 भट्टाचार्जी द्वारा 'संप' की दी गई इस परिभाषा को मानने में कोई मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि संप एक ऐसा जलाश्य है जहां से पानी लिया जाता है, उसे फिर से भरा जाता है और फिर पानी लिया जाता है। इसी प्रकार अदालती गवाह नं. 4 श्री श्याम का यह कहना भी उचित प्रतीत होता है कि संप पानी इकट्ठा करने का एक ऐसा स्थान है, जहां से पम्प के द्वारा पानी निकाला जाता है। गवाह श्याम यह नहीं मानते कि यह पानी इकट्ठा करने का अस्थायी स्थान है। उनके अनुसार यह पानी इकट्ठा करने का स्थायी स्थान है। यह कुछ भी हो जिस प्रकार का संप की चर्चा हम कर रहे हैं उसके पानी का लेबल घटता-बढ़ता रहता होगा, जो इस पर निर्भर करता होगा कि पम्प द्वारा उस संप से कितना पानी निकाला जा सकता है। यदि हम यह भी मान लें कि पम्प अपनी अधिकतम क्षमता से पानी फेंकता है तो भी क्या यह माना जा सकता है कि संप पूर्णतया खाली और सूखी होगी? ऐसा नहीं होगा। यह भी हो सकता है कि इस प्रकार की स्थिति केवल अल्पावधि के लिए ही जारी रहे क्योंकि संप में पानी पुनः आना शुरू हो जाएगा तथा वह भर जाएगी तथा उसे फिर से पम्प द्वारा बाहर निकाला जाएगा।

11.26 गवाह श्याम के दो मापदण्ड थे: निरीक्षण के लिए सुगमता और उत्पादन के लिए इस्तेमाल उनके अनुसार, यदि कोयले का कोई उत्पादन नहीं हो रहा हो तो खदान को त्यक्त खदान माना जाता है। संभवतः यह चरम स्थिति है और यह सही नहीं होगी। फिर भी, उन्होंने खदान को देखने या खदान का निरीक्षण करने के मापदण्ड के बारे में बताया। स्पष्ट है कि उनके ध्यान में विनियम 2(35) में दी गई परिभाषा थी। उक्त विनियम में खदान की परिभाषा खान में एक ऐसे स्थान के रूप में दी गई है, जहां किसी भी व्यक्ति की कानूनन पहुंच हो सकती है। उनके अनुसार निरीक्षण के लिए यह बहुत जरूरी है और इसलिए उन्होंने आगे कहा कि भले ही पहली शिफ्ट में गेलरी में पानी नहीं होता और उसका निरीक्षण किया जा सकता है, परन्तु दूसरी शिफ्ट में उसका निरीक्षण नहीं किया जा सकता क्योंकि उसमें पानी भरा होता है और वह 'त्यक्त' गैलरी बन जाती है। संभवतः यहां भी वे चरम स्थिति का उल्लेख कर रहे हैं। दुर्भाग्यवश, 'डिस्यूजड' (त्यक्त) शब्द की परिभाषा विनियम में कहीं भी नहीं दी गई है फिर भी, इसमें 'डिस्यूजड (त्यक्त), अनयूजड (अप्रयुक्त) और 'डिसकन्टिन्यूड' (बंद) जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है।

11.27 विनियम 49(2)(क) सर्वेक्षक से संबंधित है, जो एक जिल्दबंद पुस्तक में रिकार्ड रखता है और यह कहा जाता है कि जब खोदने का कार्य खदान की चार-दीवारी या त्यक्त या पानी भरी खदानों के 75 मीटर के दायरे में पहुंच जाए तो उसे ये पूरे तथ्य इस पुस्तक में लिखने होते हैं। व्युत्पत्ति के अनुसार अप्रयुक्त का अर्थ है जिसे प्रयोग में न लाया गया हो। यह बात ध्यान देने योग्य है कि विनियम 49 (2)(क) में पानी वाली खदानों को स्पष्ट रूप में त्यक्त खदानों की तरह ही माना गया है। यदि हम विनियम 146 को देखें उसमें गैस वाली खानों में बरते जाने वाले सामान्य पूर्वोपायों का उल्लेख मिलता है। उप-विनियम (9) के अनुसार मुख्य वायु धारा इतनी विखंडित और गतिक होगी कि उस वायुधारा से जो गोफ क्षेत्र में वायु संचार करती है चाहे वह क्षेत्र भरा हो या खाली हो या कोई त्यक्त खदान हमें क्षेत्रीय निरीक्षक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना सिवाय उस क्षेत्र के जिसके लिए उसमें व्यवस्था की गई हो किसी भी खदान में वायु-संचार नहीं किया जाएगा। यहां भी स्पष्ट रूप से 'त्यक्त' शब्द को 'प्रयोग में न लाई गई खदान' के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया है।

11.28 यदि हम विनियम 6 को देखें, जिसमें इस बात की व्यवस्था है कि जब भी किसी खान या साम का परित्याग करने का इरादा हो या किसी विशेष अवधि के लिए उसके खदान-कार्य को रोकना हो, तो उसके लिए नोटिस दिया जाएगा। यहां पर 'डिस्कन्टिन्यू' (बंद करना) शब्द को 'एबेन्डन' (परित्याग करना) शब्द के साथ प्रयुक्त किया गया है। संभवतः दोनों शब्दों में यह फर्क है: परित्याग करने का अर्थ है कि कार्य को कभी भी या कम से कम लम्बी अवधि तक हाथ में न लेना; जबकि बंद करने का अर्थ है किसी कार्य को फिलहाल न करने से है। परन्तु उसे कुछ समय बाद हाथ में लिया जा सकता है। विनियम 6 और उपविनियम (2) के परन्तुक में भी 'एबेन्डन्ड' (परित्यक्त) और 'डिस्कन्टिन्यू 5' (बंद) शब्दों को एक ही अर्थ में प्रयोग किया गया है।

11.29 विनियम 7 'फिर से खोलने के नोटिस' से संबंधित है और विनियम 6 की ही तरह इस विनियम के अनुसार भी जब कभी भी परित्याग और बंद करने के बाद खान या सीम को फिर से खोलने का इरादा हो तो उसे फिर से खोलने के लिए नोटिस देना आवश्यक है। मेरी राय में, 'एबेन्डनमेंट' (परित्याग) और 'डिस्कन्टिनुएंस' (बंद) शब्दों का वही अर्थ है जिनका विनियम 6 में उल्लेख किया गया है।

11.30 इसके बाद हम विनियम 61 पर विचार करते हैं। यह विनियम उन नक्शों और सेक्शनों के बारे में है जिन्हें खदान परित्यक्त करने और उस बंद के बाद पेश करना होता है। जिन शब्दों से हमारा संबंध है उनका वही संदर्भ है और इसलिए उनका प्रयोग स्पष्ट रूप में उसी

अर्थ में किया गया है जिस अर्थ में उनका पहले उल्लेख किया गया है ।

11.31 विनियम 59 में विभिन्न नक्शों के रख-रखाव के बारे में उल्लेख किया गया है । विनियम 59 के उपविनियम 1 (ख) में एक भूमिगत नक्शे का उल्लेख किया गया है और उप-विनियम 3(ख) में खदान के फर्श पर स्पाट लेबलों के दिखाए जाने का उल्लेख किया गया है । जहां तक उप विनियम 3(ख) के खंड (ii) का संबंध है, इसमें खदान सिरों पर उन स्पाट लेबलों को दिखाए जाने का उल्लेख मिलता है जिनमें अस्थायी या स्थायी तौर पर खदान-कार्य बंद कर दिया गया है । इसलिए 'डिस्कन्टिन्यूड'(बंद) का अर्थ ऐसी खदान का उपयोग न करने से है जिसे स्वेच्छा से बंद कर दिया गया हो, भले ही वह अल्पावधि के लिए हो या स्थायी तौर पर ।

11.32 "खान में खदान-कार्य" पर अध्याय में, विनियम 112 है जिसमें बाड़ लगाने का उल्लेख किया गया है । उप-विनियम 5(ख) में मालिक, एजेन्ट या प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि वे किसी खान का परित्याग करने या खदान-कार्य बंद करने से पूर्व ऐसे निर्दिष्ट स्थानों के मुहानों और दरवाजों पर बाड़ लगाएं जिन पर बाड़ लगाने के लिए विशेष रूप से कहा गया हो । यहां भी, 'डिस्कन्टिन्यूड' (बंद) शब्द को खदान को बंद कर देने के संदर्भ में उसी प्रकार प्रयुक्त किया गया है जैसे कि 'एबेन्डन्ड' (परित्यक्त) को उन अर्थों के रूप में प्रयुक्त किया गया है जिन पर अब तक चर्चा की जा चुकी है ।

11.33 विनियम 143 में गैस के लिए अप्रयुक्त खदान के निरीक्षण के हेतु व्यवस्था की गई है । इसमें यह उल्लेख किया गया है कि सीलन किए गए ऐसे सभी अप्रयुक्त खदानों का निरीक्षण सक्षम व्यक्ति द्वारा निर्धारित अवधि के दौरान किया जाएगा । यहां डिस्कन्टिन्यूड' (बंद) या 'डिस्यूज्ड' (त्यक्त) शब्दों की तुलना में 'अनयूज्ड' (अप्रयुक्त) शब्द के प्रयोग को अधिक तरजी दी गई है । संभवतः विनियम के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह स्पष्ट होता है कि 'अनयूज्ड' (अप्रयुक्त) शब्द ऐसे सभी प्रकार के स्थानों के लिए प्रयुक्त किया गया है जहां खदान-कार्य नहीं हो रहा है चाहे वे परित्यक्त हो, त्यक्त हों या बंद कर दिए गए हों ।

11.34 इस चर्चा के सारांश से यह जाहिर होगा कि त्यक्त खदान एक ऐसी खदान होगी जिसे प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है । यदि खदान का प्रयोग नहीं किया जा रहा है तो यह एक त्यक्त खदान है । यह कहना ठीक नहीं होगा कि किसी खदान का प्रयोग या प्रयोग न किया जाना इस बात से निश्चित किया जाएगा कि निरीक्षण के लिए वहां तक पहुंचा जा सकता है अथवा नहीं, हालांकि कई मामलों में यह एक अच्छा व्यावहारिक परीक्षण होगा । इस मामले में, प्रबंध-वर्ग द्वारा इस बात को बलपूर्वक कहा गया है कि विभिन्न लेबल और डिपों वाली संप को चाहे उसमें 27वें लेबल और डिप की ओर को भाग शामिल हो, अथवा 27वें लेबल शामिल न हो परन्तु उसमें डिप की ओर का भाग शामिल हो, उसे स्टोर के उद्देश्य से प्रयोग किया गया था और इसलिए यह मामला एक ऐसी खदान का है, जिसे प्रयोग में लाया जा रहा था । पानी निकाले जाने और पानी भरे जाने की निरन्तर प्रक्रिया पर बल दिया गया है । यही कारण कि वे यह कहते हैं कि संम्प त्यक्त खदान नहीं था । उनके अनुसार यदि यह भी मान लिया जाए कि यह पानी से भरी हुई खदान थी या ऐसा क्षेत्र था जो पानी से खाली नहीं था, तो मैं यह मानता हूं कि चूंकि यह त्यक्त खदान नहीं है, अतः इस पर विनियम 127 (3) लागू नहीं होगा ।

11.35 यह विचारणीय विषय है कि भूमिगत जलमग्नता से कामगारों की सुरक्षा के लिए बनाई गई सम्पूर्ण विनियम संहिता में विनियमन 127 ही एक ऐसा विनियम है जो इस पर लागू होता है । यह हमारे रिकार्ड पर है कि यह बहुत बड़ी क्षमता वाली सम्पत्ति है, अर्थात यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है जो अक्सर पानी से भरा रहता है । क्या यह माना जा सकता है कि विनियम के बनाने वाले इस प्रकार के क्षेत्र को पानी से होने वाले खतरे के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में शामिल नहीं करना चाहते थे, या इस बात का संकेत नहीं देना चाहते थे कि इस प्रकार के क्षेत्र को पानी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष खतरा नहीं था? यह स्पष्ट है कि मुख्य डिप के पूर्व में लेबलों तथा गैलरियों की खुदाई पानी के विशाल भंडार की तरफ की जा रही है थी । यदि यह मान लिया जाता है कि उक्त विनियम में जो खतरे के मूल के रूप में उसे दूर करने के उद्देश्य से बनाया गया हो, ऐसा स्थिति पर विचार नहीं किया जाता है तो यह न्याय की विडम्बना होगी। प्रबंधक-वर्ग निर्विवाद रूप से इस बात को मानता है कि 28वें पूर्वी लेबल तथा 29वें पूर्वी लेबल सम्प के 60 मीटर के दायरे में थे ।

11.36 जैसा कि पहले कहा जा चुका है, वास्तव में बात यह थी कि टगर डिप के परे 28वें लेबल का ड्राइवेज इसलिए रोक दिया गया था ताकि संप को छेड़ा न जाए । कदाचित 29वें पूर्वी लेवल का ड्राइवेज भी इसी उद्देश्य से रोक दिया गया था । ऐसा प्रतीत होता है कि 27वें पूर्वी के दूसरे डिप का काम भी इसी प्रयोजन से रोक दिया गया था । अतः प्रबन्धक-वर्ग को इस बात का पूरा पता था कि जहां पानी जमा था उस दिशा में खुदाई की जा रही थी । वास्तव में, श्री कुमार प्रबन्ध गवाह 9 इस बात को स्वीकार करते हैं कि 29वें पूर्वी लेवल सम्प के 60 मीटर अर्थात् पानी के भंडार के 60 मीटर के दायरे में बनाया जा रहा था ।

अतः इस बात से कोई भी व्यक्ति अनुमान लगा सकता है कि पानी के भंडार के निकट खुदाई की जा रही थी। अब विचारार्थ विषय यह है कि क्या इस ड्राइवेज पर विनियम 127 का उपखंड (3) लागू होता है। यह मानते हुए कि सम्प एक खदान है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है क्योंकि इसका पानी बाहर निकाला जा रहा है और उसे पुनः भरा जा रहा है, कोई भी व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि ऐसे मामले में वस्तुतः होता क्या है। यहां अनेक लेवल तथा डिप हैं जो पूर्वी-पश्चिमी तथा उत्तरी-दक्षिणी दिशा में फैले हुए हैं। पानी निकालने के लिए 90 हार्स पावर का एक पम्प लगाया गया था। मेरा यह निष्कर्ष है कि यह पम्प क्रास-कट डिप में 26वें लेवल के ठीक ऊपर लगाया गया था। इस विषय में यह मानते हुए भी कि 90 हार्स पावर का पम्प 27वें लेवल के ठीक ऊपर था, किसी पम्प की पानी निकालने की विशेष क्षमता होती है। इस मामले में सहायक इंजीनियर श्री खान प्रबन्ध गवाह 5 के साक्ष्य से यह प्रकट होता है कि चूषण पाइप में पांच पाइप बंधे थे अर्थात् उसकी लम्बाई 120 फुट थी। फुट वाल्व चूषण पाइप के सिरे में कहीं लगा होगा। इसके बावजूद की पम्प पूरी तरह काम करता है, फुट वाल्व के नीचे के पानी को कभी भी बाहर नहीं निकाला जा सकता। इस दृष्टि से यदि हम नक्शे प्रदर्श 19एए पर नजर डालते हैं तो इससे साफ जाहिर होगा कि पूर्वी क्रास-कट के 27वें पश्चिमी लेवल के परे चार डिपो में से किसी एक को भी पानी निकाल कर खाली नहीं किया जा सकता था। गैलरियों से पानी खत्म किया जा सकता था लेकिन फुट वाल्व के काफी नीचे का पानी नहीं निकाला जा सकता था और यह तो निश्चित था कि उपर्युक्त डिपो का पानी तो कतई ही नहीं निकाला जा सकता था; अतः इन डिपो के पास खदान के रूप में मानना पड़ेगा और खदान बिना पानी के हो नहीं सकती। गवाही में यह भी कहा गया है कि इन डिपो में हमेशा पानी भरा रहता था अन्यथा स्पाट लेबलों का पता किया जा सकता था और सर्वेक्षण द्वारा यह मालूम किया जा सकता था कि इन डिपो का सही विस्तार क्या था ?

11.37 यह निश्चित रूप से कहा जा सकता था कि ये डिप गैलरियां कीचड़, कूड़ेकरकट या बालू से भरी पड़ी थीं अतः इनमें पानी का नामोनिशान नहीं था। इस बात को न तो गवाही में कहा गया है और न ही सर्वेक्षक गनपति सिन्हा ने, जिन्होंने क्षेत्र का प्रत्यक्ष सर्वेक्षण करने के बाद नक्शा प्रदर्श 19 तैयार किया था, इस उद्देश्य का कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया है। नक्शे को देखकर ऐसा लगता है कि ऐसी स्थिति पर विचार नहीं किया गया था। निरीक्षण के समय भी, जांच न्यायालय ने डिप के बगल में कूड़ेकरकट आदि को नहीं दिखाया जो अंदर आते हुए पानी पानी के साथ बहकर चला गया होगा। इसके विपरीत, प्रदर्श 19 में चारों गैलरियों के विस्तार को दर्शाया गया है।

11.38 श्री वाते द्वारा श्री गनपति सिन्हा अदालती गवाह 6 के साथ की गई जिरह के दौरान उनसे यह विशेष प्रश्न पूछा गया कि क्या गवाह ने उस पानी पर ध्यान दिया था जो इन डिपों में था। श्री गनपति ने इसका उत्तर यह दिया कि प्रवणता को देखते हुए उन्होंने इन डिपों में शेष पानी को शामिल नहीं किया था। लेकिन इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि इन डिपो में हमेशा ही पानी भरा रहता था इसलिए, पूर्वी क्रास-कट के परे 27वें पश्चिमी लेबल के चारों अर्थात् पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे डिप को वैधरूप से पानीयुक्त त्यक्त खदान के रूप में माना जाना चाहिए। इस बात को अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि 29वें, 28वें तथा 27वें पूर्वी लेबलों की खुदाई पानीयुक्त त्यक्त खदान के 60 मीटर के दायरे में पहुंच चुकी थी। विनियमय 127 के अनुसार ऐसी खदान का विस्तार करने के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है और पहले से ही बोर छिद्र आदि की व्यवस्था करना जरूरी है। प्रबन्धकों ने स्वयं ऐसा कोई पूर्वोपाय नहीं किया। वे लगातार पानी के भंडार की तरफ बढ़ रहे थे। इस स्थिति में मैं निस्संदेह रूप से इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि कम से कम तीन डिपो अर्थात् 27वें पश्चिमी लेबल के दूसरे, तीसरे और चौथे डिपों पर विनियमन 127 (3) लागू होता है और जैसा कि उप-विनिमय (6) में विहित है, प्रबन्धक-वर्ग ने पूर्व अनुमति न लेकर तथा स्वयं कोई पूर्वोपाय न करके उक्त विनिमय का उल्लंघन किया है।

11.39 अगला विचारार्थ प्रश्न विनियम 127 के उप-विनियम (2) के लागू होने के संबंध में है। जलमग्नता न बचने के लिए पूर्वोपाय करने से संबंधित इस उप-विनिमय में विवेक्षित एक स्थिति यह है जब किसी अन्य साम या सेक्शन के नीचे किसी सीम या सेक्शन में काम किया जा रहा हो। इस मामले में स्थिति यह है कि 29वें में पूर्वी लेबल का तीसरे डिपो 27वें पश्चिमी लेबल के तीसरे डिप, जिसमें पानी भरा था, के ठीक नीचे था। दरार पड़ने के कारण निचले लेबल में पानी भरा गया और चारों ओर फैल गया। इस स्थिति पर यह स्पष्टतः विनियम 127 के उप-विनिमय (2) के खंड (1) में विचार किया गया है। इस घटना से प्रकट होता है कि हालांकि उप-विनियम में उल्लिखित पूर्वोपाय किये जाने चाहिए थे लेकिन प्रबन्धक वर्ग में ऐसे पूर्वोपाय कतई नहीं किए। इस दृष्टि से प्रबन्धक वर्ग ने विनियम 127 के उप-विनियम (2) का उल्लंघन किया है।

11.40 प्रबन्धक-वर्ग के लिए यह कहना बहुत आसान होता और वस्तुतः यह कहना भी यही चाहता था कि उसे इस बात का पता नहीं था कि 29वें लेबल ऊपरी

सेक्शन के ठीक नीचे चलता जा रहा है जिसमें 27वें पश्चिमी लेवल का काम किया गया है। यदि खदान-कार्य मुख्य डिपों के पूर्वी तरफ विभिन्न दिशाओं में चल रहा था तो प्रबंधक-वर्ग के लिए ऐसी घटना घटित होने के बारे में अनुमान लगा लेना तथा यह सोच लेना कोई कठिन कार्य नहीं था कि जब कथित क्षेत्र में एक सीम के नीचे दूसरी सीम का कार्य विभिन्न सेक्शनों में चल रहा है तब यदि यह दुर्घटना तीसरे डिप में नहीं होती तो दूसरे, पहले डिप या मुख्य डिप के पूर्वी क्रास-कट में तो इसके होने की पूरी संभावना थी। अतः इस बारे में जानकारी का न होना सर्वेक्षण एवं नक्शा संबंधी नियमों एवं विनियमों का पूर्णतः उल्लंघन करते हुए लापरवाही के बराबर था। चूंकि यह दुर्घटना कुल मिलाकर लापरवाही का ही परिणाम था अतः मैं यह कहना चाहूंगा कि प्रबन्धक-वर्ग विनियम 127 के उप-विनियम (2) का उल्लंघन का दोषी है।

11.41 इसके बाद हम विनियम 127 के उप-विनियम (1) के लागू होने के बारे में विचार करना चाहेंगे। उप-विनियम (1) में विशिष्ट शब्दों में यह विहित है कि खदान से पानी या अन्य तरल पदार्थ को रोकने के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। जानकारी के न होने के दलील उस समय कमजोर पड़ जाती है जब हम इस उप-विनियम की प्रयोज्यता की दृष्टि से स्थिति पर विचार करते हैं। हुरिलाडीह कोयला खान के प्रबन्धक-वर्ग ने एक सम्प का नक्शा बनाया था। वस्तुतः प्रबन्धक गुप्ता, अदालती गवाह 3 और एजेन्ट देवेन्द्र सिंह, अदालती गवाह 5 की गवाही से हमें यह मालूम होता है कि वे सम्प खदान के पश्चिम में एक रोधिका बनाना चाहते थे। प्रबन्धक गुप्ता के अनुसार यह रोधिका 100 फुट मोटी बनाई जानी थी लेकिन लिखित बयान प्रदर्श 5 में प्रबन्धकों ने इस रोधिका की मोटाई 50 फुट बताई है। योजना चाहे जो रही हो लेकिन वास्तव में यह देखा गया है कि रोधिका पूरी तरह टूट चुकी है। यह तब हुआ जब 27वें, 28वें और 29वें पूर्वी लेवल बनाए जा रहे थे। प्रबन्धक भट्टाचार्यजी, प्रबन्ध गवाह 7 ने बताया था कि इन लेवलों का काम मेरे समय में शुरू किया गया था। गवाह मुखर्जी, प्रबन्धक गवाह 8 ने यह भी बताया कि 29वें पूर्वी लेवल का काम दुर्घटना से लगभग एक या डेढ़ महीने पहले शुरू किया गया था। लेकिन, जैसा कि पहले विचार किया जा चुका है, अब यह ड्राइवेज पानी भरा सम्प के 60 मीटर के दायरे में किया जा रहा था। इस ड्राइवेज का परिणाम यह हुआ कि योजनाबद्ध रोधिका पूर्णतः टूट गई।

11.42 यह हो सकता है कि पानी भरा रहने के कारण एकदम पूर्वी भाग में डिप का कार्य नहीं किया जा सकता था। इसका दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि प्रबन्धक-वर्ग ने यह निश्चय किया होगा कि खंभा हटाने तथा डिप का कार्य साथ-साथ किया जाए जो कि विशेष पूर्वोपाय के बिना नहीं किया जाना चाहिए था। यह भी सही लगता है कि प्रबन्धकों ने यह निर्णय इसलिए लिया हो ताकि वह उत्पादन लक्ष्य न पिछड़ जाएं। लेकिन उसका प्रत्यक्ष परिणाम यह हुआ कि रोधिका टूट गई जो एक पूर्वोपाय के रूप में काम दे सकती थी। असल में बात यह है कि रोधिका के रहते हुए भी सीधे पानी के भंडार की ओर बढ़ते हुए वे पानी के 60 मीटर के दायरे में होते। यह केवल चर्चा का विषय है कि सम्प त्यक्त खदान है अथवा नहीं। जब हम उप-विनियम (1) की प्रयोज्यता के बारे में बात करते हैं तो इस उप-विनियम में उन सभी स्थितियों पर विचार किया गया है जिसमें पानी का खतरा होता है और मेरे विचार से और सम्प की तरह बढ़ने से पहले प्रबन्धकों द्वारा पर्याप्त पूर्वोपाय करने लाजिमी थे।

11.43 इस संबंध में हमें पश्चिमी तथा पूर्वी तरफ के लेवलों की सापेक्ष में स्थितियों 45 फुट (13.5 मी) की गलती पर भी विचार करना होगा। यह गलती 27वें पश्चिमी लेवल तथा 29वें पूर्वी लेवल के संबंध में है।

यह तर्क पेश किया गया है इसके स्थानान्तरण के कारण प्रबन्धक भ्रम में पड़ गए। यह तर्क ऊपर सही मालूम देता है लेकिन हमें समूचे मामले पर विचार करना होगा। यह स्पष्ट है कि सर्वेक्षण के दौरान जो गलती हुई उसका कारण भी यही था कि सर्वेक्षण कार्य से संबंधित विभिन्न विनियमों तथा पद्धतियों का पालन करने में लापरवाही की गई है। इसी कारण से मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि विनियम 127 के उप-विनियम (1) का भी उल्लंघन किया गया था।

अध्याय—12

निष्कर्ष

12.1 सारांश के रूप में यह कहा जा सकता है कि, दुर्घटना का कारण मुख्य डिप क्षेत्र में 29वें पूर्वी लेवल तथा पूर्वी क्रास-कट डिप की पूर्वी त्यक्त खदान जिसका इस्तेमाल पानी की सम्प के रूप में किया जाता था, के बीच 45 घन मीटर की विभाजक दीवार का टूट जाना था। मिनटों में काफी मात्रा में पानी नीचे आना शुरू हो गया और सभी खदानों अर्थात मुख्य डिप के पूर्व में तीसरे, दूसरे और पहले डिप तथा 29वें पूर्वी लेवल के पूरे मुख्य डिप में भी भर गया। उसके बाद पानी 28वें लेवल के जोड़ के आस-पास तक चढ़ गया। पानी भरने के परिणाम-स्वरूप इस क्षेत्र में काम कर रहे 19 व्यक्ति डूब गए। यह जोड़ मुख्य डिप के पूरे 29वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप तथा 27वें पश्चिम लेवल की तीसरे उस डिपों के बीच लगाया गया था जिसमें पानी भरा रहता था और जो 29वें पूर्वी लेवल के तीसरे डिप के ठीक ऊपर था।

12.2 यह दुर्घटना अनेक परिस्थितियों में घटित हुई। प्रबन्धकों के अनुसार नक्शे की गलती के परिणामस्वरूप यह दुर्घटना हुई। इन बातों पर पहले ही विचार किया जा चुका है कि ये गलतियां कैसे हुईं। सर्वेक्षक वर्मा के समय से लेकर सर्वेक्षण तथा आलेखन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। एक बहुत बड़ा तर्क यह पेश किया गया कि 14वीं सीमा का पुनः सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण 1979 से जारी था और यदि दुर्घटना नहीं होती तो वह उसके बाद भी जारी रहता। अतः असल बात यह है कि पुनः सर्वेक्षण करने की कभी भी कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों की रिपोर्ट तथा एक प्रबन्धक की चार्ज रिपोर्ट में संयोग से जो सतर्कता बरतने को कहा गया था उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। सर्वेक्षण कार्य और सर्वेक्षण कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रखा गया। यदि नक्शों पर हस्ताक्षर करके तथा खान सुरक्षा महानिदेशक को नक्शों की प्रतियां भेज कर विभिन्न विनियमनों का पालन किया जाता तो ऐसा नियंत्रण स्वतः हो जाता लेकिन उन नियमों का पालन न करके तथा लापरवाही, शिथिलता और अकर्मण्यता की प्रवृत्ति अपनाकर ऐसा नियंत्रण नहीं बरता गया। इसका परिणाम यह हुआ कि नक्शे गलत हो गए। इन सब बातों से यह प्रकट होता है कि नियमों की पूर्ण अवहेलना तथा उपेक्षा की गई है। लेकिन संबंधित परिस्थितियां केवल यही नहीं हैं। जैसा कि पहले चर्चा की जा चुकी है, जब एक विशाल सम्प अर्थात पानी का विपुल भंडार निकट था, तब साधारण पूर्वोपाय किये बिना सम्प की तरफ अंधाधुन्ध खुदाई की गई—विनियमों अथवा गैर विनियमों की तो बात ही छोड़ो। अतः मेरे विचार से विनियमों की अपेक्षा को भी एक परिस्थिति माना जाना चाहिए।

12.3 यदि इस रिपोर्ट के आधार पर किसी व्यक्ति पर दोषारोपण करना है तो मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि गलती की शुरूआत सर्वेक्षण वर्मा से हुई। उनके बाद मुखर्जी भी सही कार्रवाई कर सकते थे किन्तु उन्होंने भी ऐसा नहीं किया। इस गलती के किए वे भी उतने ही जिम्मेदार हैं। अन्य सर्वेक्षकों अर्थात असारा तथा अधिकारी को गलत नक्शा बनाने तथा प्रबंधकों को उन नक्शों को प्रमाणित करने के लिए समान रूप से दोषी ठहराया जाना चाहिए। प्रबन्धक भट्टाचार्यजी मौके के व्यक्ति थे—इसके लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मेरे विचार से एजेंट के ओहदे तक के उच्च-अधिकारियों को इस दोष से मुक्त नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि एजेंट हुरिलाडीह में ही रहते थे और उन्हें कोयला खान की सम्पूर्ण स्थलाकृति की जानकारी रखते हुए दिन-प्रतिदिन के कार्य के बारे में प्रबंधकों का मार्ग दर्शन करना चाहिए था। इस विशेष मामले में एजेंट कुमार भूतपूर्व प्रबन्धक भी रह चुके थे जिनके कार्यकाल में ऐसी बहुत सी चीजें हुईं जिनके कारण यह दर्दनाक घटना हुई। चूंकि एक बार वे प्रबन्धक रह चुके थे अतः एजेंट के रूप में उनसे यह आशा की जाती थी कि प्रबन्धक के कार्य से सुपरिचित होते और उनका कुशलतापूर्वक पर्यवेक्षण करते तथा उनको समय से पूर्व संकेत देते ताकि यह दुर्घटना न होती।

12.4 एजेंट देवेन्द्र सिंह के पास एक बहाना है कि उन्हें कई कोयला खानों की देखभाल करनी पड़ती थी। लेकिन यह बहाना कुमार और प्रसाद के पास नहीं था। जिनके अधीन, जब ये गलतियां हुईं, केवल हुरिलाडीह का ही कार्यभार था।

12.5 अतः ये सभी व्यक्ति लापरवाही, शिथिलता तथा सांविधिक सुरक्षा उपायों का पालन न करने के दोषी हैं और इसलिए ये इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं जिसमें 19 निर्दोष व्यक्तियों की जानें गईं।

अध्याय-13

प्रेक्षण

13.1 खान अधिनियम की धारा 24 में, जिसके अधीन यह जांच न्यायालय बिठाया गया है, यह विचार किया गया है कि रिपोर्ट में वे प्रेक्षण दिए जा सकते हैं जिन्हें न्यायालय उचित समझे। अतः मैं उद्घाटित तथ्यों तथा पहले की गई चर्चा के आधार पर कुछ सिफारिशें करना चाहूंगा।

कोयला खान विनियम 127

13.2 सबसे अधिक लम्बा वादविवाद इस प्रश्न पर हुआ कि क्या इस मामले में विनियम 127 लागू होता है। इस विनियम में उन पूर्वापायों का उल्लेख किया गया है जो भूमिगत जलमग्नता के खतरे के संबंध में किए जाने चाहिए। तीन प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। उप-विनियम (1) में समूचा सामान्य विवरण दिया गया है। उप-विनियम (2) में उन तीन प्रकार की स्थितियों पर विचार किया गया है जिनके कारण भूमिगत जलमग्नता का खतरा पैदा हो सकता है। लेकिन निरोधक कार्रवाई के लिए यह आवश्यक है कि पानी आदि के फूटने के संबंध में पर्याप्त पूर्वोपाय किए जाएंगे, उप-विनियम (5) का संबंध उस विशेष स्थिति से है जहां पानी का असाधारण रिसाव देखा जाए या यदि ऐसा कोई संदेह या शक हो जिसके बारे में खान सुरक्षा महानिदेशक को सूचित किया जाए तो आशा यह की जाती है कि संभावित कारणों तथा उपायों की दृष्टि से स्थिति की उचित जांच की जाएगी।

13.3 उप-विनियम (3) उन खदानों के परिसर में किए जा रहे ड्राइवेज से संबंधित है जो त्यक्त या परित्यक्त तथा जिनका निरीक्षण नहीं किया जाता है। 'त्यक्त' शब्द की व्याख्या करते समय लम्बे तर्क प्रस्तुत किए गए और

'बंद' तथा 'अप्रयुक्त' शब्दों से उसकी भिन्नता बताई गई। मैंने उन विभिन्न विनियमों पर विचार किया है जिनमें इन शब्दों का प्रयोग किया गया है। मैंने उनका अर्थ समझने की कोशिश भी की है। विनियमों में 'त्यक्त' शब्द की परिभाषा नहीं दी गई है। इसके कारण संदेह पैदा हो सकता है और वर्तमान स्थितियों में उप-विनियम की प्रयोज्यता के बारे में तर्क प्रस्तुत किए गए हैं। 'त्यक्त' 'अप्रयुक्त' और 'परित्यक्त' शब्दों की उपयुक्त परिभाषा देकर संदिग्धता को दूर किया जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि 'त्यक्त' शब्द का अर्थ उन खदानों के संदर्भ में स्पष्ट हो सकता है जो त्यक्त नहीं हैं और जिनके लिए किसी खान कर्मचारी द्वारा उचित निरीक्षण के हेतु विनियम 113 में व्यवस्था है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'त्यक्त खदान' की परिभाषा इस प्रकार दी जा सकती है—

'त्यक्त खदान' का अर्थ किसी खान में प्रत्येक स्थान से है—चाहे वह जमीन के अन्दर हो या बाहर और विनियम 113 के उप-विनियम (1) तथा उप-विनियम के खंड (ख) के अधीन किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा उसकी जांच करने की जरूरत नहीं होती है।'.

13.4 कदाचित् 'खदान' शब्द की परिभाषा देने की भी आवश्यकता है। यह भी ठीक होगा कि उप-विनियम (2) में उल्लिखित पर्याप्त पूर्वोपायों का कुछ ब्योरा दिया जाए ताकि उस संबंध में मार्गदर्शन मिल सके।

13.5 कुछ ऐसी दशाएं भी हैं जिनके कारण कभी-कभी भूमिगत पानी का खतरा पैदा हो जाता है और वे दशाएं हैं जब दो या अधिक गैलरियों का विस्तार डिप की तरफ किया जाता है। खतरा उस समय पैदा होता है जब संयोजक गैलरी की खुदाई पानी वाली डिप गैलरी से जोड़ने के लिए की जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विनियम में शायद इस बात का उल्लेख करना ठीक होगा कि जब किसी अन्य पानीयुक्त खदान की तरफ या उसके पांच मीटर के दायरे में कोई गैलरी बनाई जा रही हो तब तीन मीटर लम्बा एक बोर छिद्र रखा जाएगा और वह उस गैलरी के बीच रखा जाएगा जो बनाई जा रही है। कोयला खान विनियमन 60 अद्यतन नक्शों तथा सेक्शनों का प्रस्तुतीकरण।

13.6 जांच न्यायालय की कार्यवाही के दौरान यह मालूम हुआ था कि कोयला खान विनियम 60 का पालन नहीं किया जा रहा है जिसके अनुसार प्रत्येक वर्ष खान सुरक्षा महानिदेशक को मुख्य नक्शों तथा खान के कार्यस्थलों के सेक्शनों की अद्यतन दो प्रतियां प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। जब विनियम में यह उपबन्ध है कि नये नक्शे प्रस्तुत करने के बजाय किसी सम्बद्ध वर्ष में प्रस्तुत नक्शों तथा सेक्शनों को अगले वर्ष अद्यतन किया जाए तब इस उपबन्ध के पालन करने में लापरवाही बरतना एक आश्चर्य की बात है। यह ठीक है कि किसी खान के नक्शे की मात्र अध्ययन करने से खान के सभी प्रकार के खतरों का पता नहीं लगाया जा सकता फिर भी, खान सुरक्षा महानिदेशक के पास अद्यतन नक्शे का उपलब्ध होना वांछनीय है।

13.7 कुछ मजदूर संघों की ओर से यह कहा गया है कि प्रबन्धक-वर्ग ऐसे नक्शे प्रस्तुत करने के अपने कर्त्तव्यों की पूरी तरह अवहेलना करता रहा है और सुरक्षा को खतरा पैदा करता रहा है। यह भी कहा गया था कि खान सुरक्षा महानिदेशक ने विनियम 60 का पालन करवाने में खासी निष्क्रियता दिखाई है। वास्तव में, एक गवाह-निदेशक पी. सी. श्याम से जब संगत प्रश्न पूछे गए तब उन्होंने ऐसे नक्शों की जांच करने के बारे में न केवल अपनी असमर्थता व्यक्त की बल्कि यह भी बताया कि ये नक्शे स्टोर में पड़ रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यदि विनियम का सख्ती से पालन किया जाता है तो कार्यभार खान सुरक्षा महानिदेशक के कार्यालय की क्षमता से बाहर हो जाएगा। उन्होंने यह भी सूचित किया कि खान सुरक्षा महानिदेशक ने इस अपेक्षा को हटाने के लिए सरकार को सुझाव दिया है। अगर ऐसी बात है तो मैं यह नहीं समझता कि खान सुरक्षा महानिदेशक इस संबंध में सही दिशा में कार्य कर रहे हैं।

13.8 विनियम 60 का मुख्य उद्देश्य शायद यह है कि उचित प्रक्रिया तथा (परित्यक्त खान नक्शा-विनियम 61) के पेश किए बिना खान बंद/परित्यक्त कर दी जाती है तो बाद के संदर्भ के लिए कम से कम कुछ तो अद्यतन खान नक्शे उपलब्ध होने चाहिए। ऐसी कोई प्रशंसनीय व्यवस्था (इस या अन्य स्थिति में) विद्यमान नहीं है जिसके अनुसार इन नक्शों तथा सेक्शनों की छानबीन खान सुरक्षा महानिदेशक करे। हालांकि ऐसी छानबीन की जानी उपयोगी सिद्ध होगी फिर भी, यह कार्य इस बात पर निर्भर करेगा कि खान सुरक्षा महानिदेशक के पास पर्याप्त स्टाफ हो। इस विषय पर बाद में चर्चा की गई है। लेकिन मेरे विचार से कोयला खान विनियम 60 का पालन किया जाना वांछनीय है। खान सुरक्षा महानिदेशक का कार्यालय शायद एक अधिसूचना जारी करके प्रबन्धकों को यह अनुमति दे सकता है कि वे नक्शों तथा सेक्शनों का सेट प्रस्तुत करते समय पिछले सेट को प्राप्त कर लें ताकि उसे अगले वर्ष अद्यतन बनाया जा सके और उसे प्रथम सेट के बदले खान सुरक्षा महानिदेशक के पास जमा किया जा सके। इस प्रकार खान सुरक्षा महानिदेशक के पास नक्शों आदि का एक अद्यतन सेट हमेशा रखा रहेगा।

13.9 यदि किसी विशेष नक्शे या सेक्शन को काफी महत्वपूर्ण समझा जाता है तो उक्त विनियम के पालन किए जाने से खान सुरक्षा महानिदेशक उसकी जांच कर सकेगा।

अन्यथा भी, ऐसे नक्शों तथा सेक्शनों से पिछली इन बातों को समझने में मदद मिलेगी कि किसी दुर्घटना के होने पर प्रबन्धकों ने क्या किया था और उन्हें क्या करना चाहिए था। ये आकस्मिक संदर्भ के लिए भी सुविधाजनक रहेंगे। इस उपबन्ध को समाप्त करना अवांछनीय होगा। इसके अलावा यदि खान सुरक्षा महानिदेशक को प्रतिवर्ष अद्यतन नक्शे तथा सेक्शन प्रस्तुत किए जाने हों तो इससे प्रबन्धक-वर्ग को कम से कम साल में एक बार संभावित गलतियों के लिए अपने नक्शों तथा सेक्शनों की जांच करने का मौका तो मिलेगा। जैसाकि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, इन नक्शों तथा सेक्शनों से खान सुरक्षा महानिदेशक को छानबीन के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध हो सकेगी हालांकि वर्तमान स्टाफ की संख्या को देखते हुए खान सुरक्षा महानिदेशक को ऐसी छानबीन करना कठिन होगा।

खान सुरक्षा महानिदेशालय के कर्मचारियों की संख्या

13.10 कदाचित यही उचित स्थिति होगी जिसमें खान सुरक्षा महानिदेशालय के कर्मचारियों की संख्या के प्रश्न पर विचार कर लेना चाहिए। ये बात सभी लोगों ने स्वीकार की कि कार्यों के उचित निष्पादन के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय के कर्मचारियों की संख्या एकदम अपर्याप्त है। पिछले बीस वर्षों में खान उद्योग का विस्तार कई गुना बढ़ा है लेकिन खान सुरक्षा महानिदेशालय के कर्मचारियों की संख्या लगभग उतनी ही रही है। अमेरिका की सी 'मुक्त' अर्थव्यवस्था में भी वार्षिक 90 करोड़ टन के उत्पादन के लिए 1400 से भी अधिक संघीय कोयला खान निरीक्षक है और वह भी जहां अधिकतर कार्य मशीनों के माध्यम से होता है। भारतीय स्थिति में, जहां अधिकांश कार्य शारीरिक होता है और श्रमिक भी अपनी सुरक्षा के बारे में सचेत नहीं होते हैं, गहन निरीक्षण की आवश्यकता है। अमेरिका के पैटर्न पर भी, खान सुरक्षा महानिदेशालय में कर्मचारियों की संख्या वर्तमान स्वीकृत संख्या लगभग 140 के मुकाबले कोयला खानों के लिए 270 या कुल मिलाकर 400 होनी चाहिए।

13.11 खान सुरक्षा महानिदेशालय में पदासीन अधिकारियों की संख्या भी कदाचित उस उद्योग की तुलना में जहां से ये अधिकारी इस विभाग के लिए जाते हैं, तुच्छ वेतनमानों या वृत्तिक संभावनाओं के कारण कम है। यह स्पष्ट है कि आजकल खान सुरक्षा महानिदेशालय प्रत्येक खान का हर वर्ष सामान्य निरीक्षण भी नहीं करवा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि हाल में ही वेतनमानों में कुछ संशोधन किए गए हैं लेकिन इसी बीच कोल इंडिया के वेतनमानों में काफी परिवर्तन किया गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा उद्योग के वेतनों में पहले की भांति गंभीर असमानता बनी हुई है। अतः वेतनमानों में संशोधन करने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार को अगले 8–10 वर्षों के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशालय का प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत विस्तार करना चाहिए। केवल तभी इस संगठन को न्यूनतम वांछनीय स्तर तक मजबूत बनाया जा सकता है।

13.12 इस पहलू की उपेक्षा केवल खनिकों की सुरक्षा के महत्वपूर्ण हित को गंभीर खतरे में डाल कर ही की जा सकती है।

कोयला खान विनियम 58 (3)—खान नक्शे तथा त्रैमासिक सर्वेक्षण—कुछ सुझाव

13.13 जांच के दौरान सबसे अधिक परेशान करने वाली बात खान के नक्शों की स्थिति थी। खान के नक्शों से संबंधित सांविधिक अपेक्षाओं का उल्लेख विनियम 59 में किया गया है जिसके अनुसार सतह के नक्शे भूमिगत नक्शे तथा वातायन के नक्शे समेत पांच प्रकार के नक्शे रखे जाने आवश्यक हैं। विभिन्न पहलुओं यथा गैस, धूल, पानी आदि के खतरे से संबंधित खान की मौजूदा दशाओं के लिए विभिन्न प्रकार के ब्योरे दर्शाने के लिए खान के विभिन्न प्रकार के नक्शे अपेक्षित होते हैं। विनियम 58 के उप-विनियम के अनुसार प्रत्येक तिमाही में इस प्रकार के अद्यतन नक्शे तैयार करना एक प्रकार की सामान्य बाध्यता मानी जाती है। दुर्भाग्यवश हुरिलाडीह कोयला खान के नक्शे 30-6-82 को समाप्त तिमाही के बाद अद्यतन नहीं किए गए थे (प्रदर्श-62) यहां तक कि इस इंदराज पर भी प्रबन्धक ने प्रतिहस्ताक्षर नहीं किए थे। दूसरे शब्दों में, खान के नक्शे दुर्घटना की तारीख से कम से कम चार तिमाहियों तक अद्यतन नहीं किए गए थे। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि न तो प्रबन्धक ने इस गलती को दुरुस्त करवाने की परवाह की और न ही किन्हीं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने।

13.14 जांच के दौरान दी गई गवाही से यह प्रकट होता है कि सर्वेक्षक असांविधिक नेमी कार्यों यथा सिविल निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण, बिल तैयार करने आदि के कार्यों को करवाने में व्यस्त रहे। महत्वपूर्ण खान संबंधी कार्य यथा नवीन कार्य पैनल खोलने तथा मध्य एवं ग्रेड लाइनें देने के कार्य की प्रायः उपेक्षा की गई। खदानों के अन्त में स्पाट लेवलों की पैमाइश तो इस अवधि के दौरान कतई नहीं की गई। कार्य की इस शोचनीय स्थिति पर विशेष रूप से विचार किया जाना चाहिए। इस संबंध में दो प्रश्न उठते हैं —

(i) कोयला खान पर अधिकांश समय कम से कम दो अर्हता प्राप्त सर्वेक्षकों के रहते हुए भी मध्य लाइनें देने, और उनका विस्तार करने तथा ग्रेड लाइनें देने और स्पाट लेवलों की पैमाइश करने तथा उनको रिकार्ड करने की महत्वपूर्ण खनन-अपेक्षाओं की पूर्णतः उपेक्षा क्यों की गई ?

(ii) दो वर्ष से भी अधिक समय से तिमाही सर्वेक्षण क्यों नहीं कराए गए ?

13.15 प्रश्न सं. (1) का उत्तर यह है कि सर्वेक्षण स्टाफ उत्पादन के आधार पर भुगतान संबंधी कार्यों में अत्यधिक व्यस्त था अतः उत्पादन-सुरक्षा संबंधी सांविधिक कार्यों की पूर्ण उपेक्षा की गई। इसके अतिरिक्त और कोई स्पष्टीकरण नहीं हो सकता। प्रश्न सं. (2) के संबंध में भी यदि सर्वेक्षक दिन-प्रति-दिन के महत्वपूर्ण कार्यों में अत्यधिक व्यस्त थे तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि तिमाही सर्वेक्षणों को बहुत ही कम महत्व दिया गया होगा।

13.16 इस संबंध में एक प्रश्न उठाया गया था कि खान उद्योग में अर्हता प्राप्त सर्वेक्षकों की अत्यंत कमी है। कदाचित यह ठीक है। फिर भी, यह स्पष्ट नहीं है कि पूर्णतः राष्ट्रीयकृत क्षेत्रक कोयला उद्योग ने और अधिक प्रशिक्षित सर्वेक्षक नियोजित करने के संबंध में क्या किया है? इस समस्या को कम करने का एक तरीका यह है कि असांविधिक सर्वेक्षण कार्य सिविल के सर्वेक्षकों को सौंप दिए जाएं।

13.17 तिमाही सर्वेक्षण न करने के संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया गया है वह असंतोषजनक है। यह कहा जा चुका है कि यदि खान के पुराने नक्शों के सामान्यतः सही होने के बारे में संदेह किया गया था तो उनकी शुद्धता की जांच करना सबसे पहला काम था। लेकिन यह कार्य वर्षों तक नहीं किया गया और इसी बीच तिमाही सर्वेक्षण तो कतई नहीं किए गए। इस लापरवाही का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। तिमाही सर्वेक्षणों में नई बनाई गई खदानों की सही स्थिति की उच्च जांच की जाती है लेकिन इस मामले में ऐसी जांच बिल्कुल नहीं की गई।

13.18 चूंकि खान के लिए नियुक्त सर्वेक्षक स्टाफ सदैव नेमी कार्यों में व्यस्त रहता है अतः राष्ट्रीयकृत उद्योग में यह वांछनीय प्रतीत होता है कि उसमें तिमाही सर्वेक्षण तथा अन्य जांच कार्य करने के लिए एरिया स्तर पर कर्मचारियों का एक अलग सेट नियुक्त किया जाए। इस पद्धति के अनुसार मुख्य खान नक्शों तथा सेक्शनों के दो सेट रखने होंगे एक खान में और दूसरा एरिया या ग्रुप कार्यालय में। इस प्रकार तिमाही सर्वेक्षण करने तथा अपने कार्यालय में अद्यतन नक्शों के सेट लाने की जिम्मेदारी एरिया या ग्रुप सर्वेक्षण दल की होनी चाहिए। नक्शों के इस अद्यतन सेट से खान कार्यालय में रखे नक्शों के सेट से विनिमय किया जाएगा तथा अगले तिमाही सर्वेक्षण में खान कार्यालय के नक्शों के सेट को अद्यतन किया जाएगा और उसका पुनः विनिमय किया जाएगा। इस पद्धति से दो लाभ होंगे:—

(क) खान में वे नक्शे सदैव रहेंगे जिन्हें प्रत्येक तिमाही में अद्यतन कर दिया गया है और

(ख) कोयला खान के सर्वेक्षकों के कार्य की जांच एक अलग सर्वेक्षण ग्रुप द्वारा प्रत्येक तिमाही में कर ली जाएगी।

बिंदु रेखाएं

13.19 तारीख सहित बिंदु-रेखाओं का प्रयोग प्रत्येक तिमाही में नक्शों को अद्यतन करते समय किया जाना चाहिए। लेकिन खान सर्वेक्षक प्रायः उस कार्यस्थल के संभावित विस्तार को दिखाने के लिए भी बिंदु-रेखाओं का प्रयोग कर लेते हैं जिसका वस्तुतः सर्वेक्षण नहीं किया गया है। चालू क्षेत्र में बंद सिरों द्वारा चिन्हित करके प्रगामी खदानों को तब तक नहीं दर्शाया जाता जब तक उनकी खुदाई अंतिम सीमा तक नहीं पहुंच जाती। यदि सर्वेक्षण के दौरान उन तक पहुंच न हो तो उन्हें बिंदु-रेखाओं द्वारा दर्शाया जाता है।

13.20 नक्शे-प्रदर्श 62 पर बिंदु-रेखाओं के संदर्भ में बिंदु-रेखाओं का अर्थ स्पष्ट करने के लिए विभिन्न गवाहों से प्रश्न पूछे गए। सर्वेक्षण अधिकारी भट्टाचार्जी ने कहा कि पक्की रेखाओं के स्थान पर बिंदु-रेखाओं का प्रयोग तब किया जाता है जब सर्वेक्षण का पूरा ब्योरा नहीं दिया जा सकता। यदि गैलरी के सिरे पर बिंदु-रेखाएं हों तो वे इसकी व्याख्या इस प्रकार करेंगे—"गैलरी का विस्तार ज्ञात है लेकिन उसका ब्योरा नहीं" विस्तार का अर्थ लम्बाई से है। अदालती गवाह श्याम का कहना है कि जब किसी नक्शे पर बिंदु-रेखाएं दिखाई जाती हैं तो उसका अर्थ यह होता है कि विस्तार और शुद्धता संदिग्ध हैं। सर्वेक्षक मुखर्जी ने डिप-गैलरियों को बिंदु-रेखाओं द्वारा इसलिए दर्शाया था क्योंकि उन्हें गैलरियां पानी से भरी मिली थी। अतः इसका अर्थ यह हुआ कि बिंदु-रेखाओं का इस्तेमाल तब किया जाता है जब खदान या गैलरी का सर्वेक्षण नहीं किया जा सकता हो। सर्वेक्षण न किए जाने की वजह यह है कि या तो गैलरी में पानी भरा रहने के कारण या अन्यथा उसे रुका होने के कारण उसमें प्रवेश ही किया जा सकता। लेकिन नक्शे पर ब्यौरे को अनुरेखित नहीं किया जा सकता अतः उन्हें बिंदु-रेखाओं द्वारा दर्शाया जाता है। दो आयामी खान नक्शों में, जो सामान्यतः हमारे पास आते हैं लेवलों तथा डिपों को दर्शाने के लिए रेखाएं खींची जाती हैं। वे ऊंचाई आदि नहीं दर्शाते। इसका उल्लेख कदाचित टिप्पणी या आरेखन द्वारा किया जाता है। ये प्रत्येक अवस्थिति की प्रवणता नहीं दर्शाते। सबसे ऊपर केवल सामान्य प्रवणता का उल्लेख कर दिया जाता है। इस दृष्टि से बिंदु-रेखाओं का सिरा बंद है या खुला है—इसका कोई महत्व नहीं है। इसका विस्तार केवल अनुमानित ही होता है। सर्वेक्षक ब्यौरों का सर्वेक्षण करने में असमर्थ होता है। यह आशा की जाती है कि यदि सर्वेक्षक एक तिमाही में ब्योरों की जांच नहीं करवा सकता तो उसे अगली तिमाही के लिए नक्शा तैयार करते समय यथास्थिति, रुकावट दूर करवा कर या गैलरी का पानी निकलवा कर वे ब्यौरे प्राप्त कर लेने चाहिए लेकिन इस मामले में यह पाया गया है कि स्पिट लेवल दिए बिना बिंदु रेखाएं तिमाही दर-तिमाही दिखाई जाती रहीं। यदि पक्की रेखाओं द्वारा सिरे को खुला दिखाया जाता है तो इससे यह जाहिर होगा कि काम चल रहा है और

